

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328


दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 164 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 30 मार्च 2023 http://samajjagran.in पेज 12 मूल्य 05 रुपया


## सजा मिलने और बंगला खाली करने से राहुल गांधी को सहानुभूति मिलेगी?

नई दिल्ली. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस चाहती है कि गांधी परिवार के अलग कानून हो. ह्यराइजिंग इंडिया सम्मेलन 2023' में नेटवर्क18 समूह के ग्रुप एडिटर-इन-चीफ राहुल जोशी ने जब उनसे पूछा कि क्या सूरत कोर्ट द्वारा सजा मिलने और फिर सरकारी बंगला खाली करने से राहुल गांधी को जनता की सहानुभूति नहीं मिलेगी? इसके जवाब में गृह मंत्री ने कहा, 'कन्विक्शन में स्टे नहीं हो सकता, सेंटेंस में हो सकता है, 3 महीने की मोहलत क्यों दी जाए.'

उन्होंने आगे कहा, 'लालू यादव को बचाने के लिए ऑर्डिनेंस लाया गया था, ये कांग्रेस के वक़्त का कानून है, कांग्रेस की सरकार में ऑर्डिनेंस को राहुल गांधी ने बकवास बोलकर फाड़ दिया था, अगर तब कानून बन गया होता, तो आज ये बच जाते. इतना अहंकार है कि ये अपील भी नहीं कर रहे. कांग्रेस चाहती है कि गांधी परिवार के लिए अलग कानून हो. ये स्पीकर पर सवाल उठाते हैं, लेकिन सदस्यता की अयोग्यता को लेकर तो सुप्रीम कोर्ट का फैसला था.'



कोलार में राहुल गांधी के भाषण को लेकर पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'जिसे जहां रैली करनी है, कर सकता है, वह उसके लिए स्वतंत्र है. राहुल गांधी ने पीएम मोदी को अपशब्द नहीं कहा, उन्होंने पूरे मोदी समाज और तेली समाज को अपशब्द कहे हैं. उनको माफी नहीं मांगनी थी, तो दंड भी नहीं भरना चाहिए था.'

वीर सावरकर पर कांग्रेस नेता की बयानबाजी को लेकर भी गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर निशाना साधा. उन्होंने कहा, 'वीर सावरकर पर उनको टिपण्णी नहीं करनी चाहिए. ज्यादा से ज्यादा यातनाएं सहने वाले वीर सावरकर ही हैं. अपनी दादी (इंदिरा गांधी) का भाषण सुन लें वो, राहुल के साथी भी उनको समझा रहे हैं.'

'राइजिंग इंडिया' को कैसे देखते हैं और इसमें रियल हीरो का योगदान कैसे है? इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'भारत ने तमाम क्षेत्र में खुद तो साबित किया है, रक्षा और रक्षा की आत्मनिर्भरता पर सबसे ज्यादा 10 सालों में काम हुआ है. ढेर सारे क्षेत्रों में भारत ने लगातार काम किया है, इसका श्रेय जमीन पर काम करने वाले लोगों को जाता है. 2047 में जब आजादी के 100 साल पूरे होंगे, तो भारत हर क्षेत्र में नंबर वन होगा.'

## कला शीशा लगाकर चलने वाले वाहनों पर होगी कार्यवाही

*जनपद में अवैध वाहनों पर कार्यवाही करने के दिये निर्देश*


**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**




मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में सिंचाई विभाग, विद्युत विभाग एवं परिवहन विभाग के कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग द्वारा जनपद में चलाये जा रहे चेकिंग अभियान की जानकारी लेते हुए एआरटीओ को निर्देश दिए कि प्राइवेट वाहनों पर हूटर तथा नंबर प्लेट आदि पर अनावश्यक शब्दों को लिखकर चलने वाले वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने को कहा।उन्होंने तेज गति वाले वाहनों, अनफिट वाहनों तथा तेज हार्न वाले वाहनों पर भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।चार पहिया वाहनों में कला शीशा लगाकर चलने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि जनपद को शासन स्तर से 1009 करोड़ की सब्सिडी प्राप्त हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में ट्रांसफार्मरों तथा बिजली की सप्लाई प्राथमिकता के आधार पर दी जा रही है। अधिशासी अभियंता विद्युत ने कहा कि जनपद में हो रही ओवरलोडिंग के कारण ट्रिपिंग की समस्या आ रही है, जिसके लिए अब अलग-अलग विद्युत फीडरो पर सुधार की कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने बार-बार होने वाले ट्रिपिंग की समस्या को ठीक करने के साथ ही ओवरलोडिंग करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता सिंचाई वीरेंद्र पासवान ने बताया कि तीन नए बाढ़ परियोजनाओं पर जनपद में कार्य चल रहा है, जिसमें बीबीपुर-बेलौली बांध के मध्य कटाव निरोधक कार्य, ग्राम सूरजपुर में राम जानकी मंदिर के डाउन स्ट्रीम में कटाव निरोधक कार्य तथा पारा सहरोज बांध के कटाव निरोधक कार्य कराया जा रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों में तेजी लाते हुए जिलाधिकारी ने इसे यथा शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी भानु प्रताप सिंह, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, एआरटीओ कहकसा खातून सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


**रिपोर्टर चाहिए दिल्ली नोएडा से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र को**

* देश में तेजी से फैलते दैनिक समाज जागरण सीपी एच को अंशकालीन पत्रकारों की आवश्यकता है।

अपने क्षेत्रों में रहकर एरिया वाइस युवक युवतियां हरियाणा पंजाब हिमाचल के हर क्षेत्र से विज्ञापन प्रतिनिधि और रिपोर्टर संपर्क करें *

योग्यता अनुसार मानधन दिया जाएगा संपर्क 9802414328


## मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर का तगड़ा एक्शन!

### अवैध कॉलोनियों पर बड़ा फैसला लेकर रजिस्ट्रेशन पर लगा दी रोक –जोनल टैक्स ऑफिसर सस्पेंड भी किया


**कृष्ण राज अरुण चंडीगढ़ /सीपी एच हैड -**
**दैनिक समाज जागरण**


हरियाणा में सीएम हाउस में लगातार आ रही शिकायतों को देखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर ने अवैध कॉलोनियों पर तगड़ा एक्शन लेते हुए बड़ा फैसला लेकर रजिस्ट्रेशन पर रोक लगा दी है। इस कार्यवाही के चलते पानीपत नगर निगम के जोनल टैक्स ऑफिसर को किया गया है सस्पेंड।



हरियाणा में नई अवैध कॉलोनियों को लेकर CM एक्शन में मनोहर लाल खट्टर ने साफ कह दिया है कि अब इन नई अवैध कॉलोनियों में प्लाटों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पाएगा। CM मनोहर लाल ने निकाय विभाग की समीक्षा बैठक में यह फैसला किया। उन्होंने बैठक के बाद कहा कि हरियाणा में सुनियोजित कॉलोनियों को ही केवल मंजूरी दी जाएगी। जो भी जहाँ भी अवैध कॉलोनियान हैं उनके खिलाफ सरकार सख्त कार्रवाई करेगी।

**जल्दी एक्शन में देरी को समझा सीएम ने- विभाग में स्टाफ की कमी-**

हरियाणा निवास में हुई मीटिंग में निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता भी मौजूद रहे। निकाय विभाग में स्टाफ की काफी कमी है को सीएम ने बारीकी से समझा है इस कारण से कार्य को सुचारू तरीके से करने में जो भी दिक्कत आ रही हैं उसे दूर किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों की बात को गंभीरता से लिया और उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही विभाग में इस दिक्कत को दूर किया जाएगा।







समाज जागरण 'विशेषांक'

**"जन शिकायत"**

**समाज जागरण "जन शिकायत" की नाम से एक विशेषांक प्रसारित करने जा रही है, जो कि हर सोमवार के अंक में प्रकाशित किया जायेगा। अगर आपके क्षेत्र में भी समस्या है और जनप्रतिनिधी, सरकारी अफसर और बाबू सुनने को तैयार नही है तो आप अपनी शिकायत जन-जन तक इस विशेषांक के माध्यम से पहुँचा सकते है। इसके लिए आप अपना फोटो, आधार कार्ड के साथ में शिकायत पत्र इस मेल आई पर भेज सकते है :-**

**vatanki-awaz@gmail.com,**


## क्या लोकतंत्र खतरे में है? गृह मंत्री शाह का जवाब- गांधी परिवार पर आंच आती है तो ऐसे सवाल क्यों उठते हैं...

नई दिल्ली. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को राहुल गांधी के संसद से बर्खास्त होने के मुद्दे पर कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा. राइजिंग इंडिया समिट के मंच पर नेटवर्क18 समूह के ग्रुप एडिटर-इन-चीफ राहुल जोशी से खास बातचीत में गृह मंत्री ने कहा राहुल गांधी से पहले संसद के कई अन्य सदस्यों की भी सदस्यता गई लेकिन तब ये सवाल नहीं उठा कि लोकतंत्र खतरे में है. उन्होंने सवाल उठाया कि जब लालू यादव, जय ललिता डिसक्वालिफाई हुए तब लोकतंत्र खतरे में नहीं था क्या. सिर्फ राहुल गांधी के साथ ये हुआ तो ही लोकतंत्र खतरे में दिख रहा. गृह मंत्री ने कहा, राहुल गांधी के मामले में कानून के अनुसार काम किया गया है. कांग्रेस लोगों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है.

गृह मंत्री ने यह भी कहा कि राहुल गांधी के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक फैसला हुआ है. कई सांसद इसके चलते सदस्यता गंवा चुके हैं. सजा पर राहुल गांधी ने अब तक अपील नहीं की है. उन्होंने कहा ये कार्रवाई बदले की राजनीति के तहत नहीं की गई है. कांग्रेस इस मुद्दे पर झूठ फैलाने का काम कर रही है.

कर्नाटक चुनाव पर क्या बोले गृह मंत्री?
वहीं कर्नाटक चुनाव को लेकर अमित शाह ने कहा, मैं कर्नाटक में 9 चक्कर लगा चुका हूं. वहां हम पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने जा रहे हैं. गृह मंत्री ने कहा, हम पूर्ण बहुमत से वहां सरकार बनाने जा रहे हैं. बीजेपी ने येडियुरप्पा की वरिष्ठता को कभी सवाल नहीं किया. हमारी पार्टी में वरिष्ठ नेताओं का सम्मान है. येडियुरप्पा हमारे स्टार कैंपेनर होंगे. उन्होंने कहा, बोम्मई जी के काम को जनता ने सराहा है, कर्नाटक की जनता डबल इंजन की सरकार चाहती है.
कर्नाटक के भाजपा उम्मीदवारों की लिस्ट नहीं जारी करने के सवाल पर केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, जेडीएस में एक परिवार बैठ जाता है इसलिए फैसला हो जाता है, कांग्रेस में कई परिवार बैठ जाए तो फैसला होता है, हम कार्यकताओ से चर्चा कर फैसला करते हैं इसीलिए थोड़ा स्लो हम लोग हैं.

## सुख, समृद्धि व शांति में विश्वास करते हैं प्रदेश के नागरिक : मुख्यमंत्री

*माफिया नहीं महोत्सव में, उपद्रव नहीं उत्सव में यूपी के लोगों का विश्वास : मुख्यमंत्री*

**कुशीनगर, 29 मार्च।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नागरिक सुख, समृद्धि व शांति में विश्वास करते हैं। उपद्रव में नहीं उत्सव में विश्वास करते हैं। माफिया नहीं महोत्सव में विश्वास करते हैं। प्रदेश के लोगों में बड़ा सामर्थ्य है और सरकार इस सामर्थ्य को समृद्धि से जोड़ने में लगी है।



सीएम योगी बुधवार को कुशीनगर जिले के खड्डा स्थित गांधी किसान इंटर कॉलेज आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे रहे थे। इस दौरान जनपद को सौगात देते हुए उन्होंने 451 करोड़ रुपये की लागत वाली 106 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को चैत्र नवरात्र व श्रीराम नवमी की बधाई देते हुए कहा कि यह वही प्रदेश है जहां पहले विकास का पैसा चंद लोगों की जेब में चला जाता था यहां तक कि राशन भी चंद लोगों की जेब में ही जाता था। पर्व-त्यौहार आते ही दंगों के भय से लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। शासन-प्रशासन पर्वों को प्रतिबंधित कर देता था। आज उत्साह व उमंग के साथ हर पर्व व त्यौहार मनाकए जा रहे हैं। वर्तमान में नवरात्र व रमजान एक साथ चल रहे हैं लेकिन कहीं भी कोई हलचल नहीं है।

**हर व्यक्ति तक पहुंचेगा शासन की योजनाओं का लाभ, नहीं डाल सकता कोई डकैती**

मुख्यमंत्री ने सभी को आश्वस्त किया कि शासन की हर योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचेगा इसमें कोई भी डकैती नहीं डाल सकता। विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक जबरदस्त सकारात्मक माहौल बन चुका है। मां लक्ष्मी की भी कृपा है कि किसी भी चीज की कमी नहीं है। हम संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं और बड़ी बड़ी परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं।

**पेट्रोल-डीजल के लिए अरब देशों पर नहीं, अन्नदाता पर रहेंगे निर्भर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में बायोफ्यूल व एथेनॉल उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं। चीनी मिलें ठीक से कार्य करें तो यहां प्रचुर मात्रा में एथेनॉल का उत्पादन होने लगेगा। एथेनॉल बनने से पेट्रोल व डीजल के लिए अरब देशों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत पेट्रोल व डीजल पर 16 लाख करोड़ रुपए खर्च करता है। अब पेट्रोल व डीजल के लिए हम दूसरे देशों पर निर्भर नहीं रहेंगे बल्कि हमारी निर्भरता सिर्फ अन्नदाता किसानों पर होगी।

**भारत के पैसे से दुनिया नहीं, देश के अन्नदाता समृद्ध होंगे**

सीएम ने कहा कि एथेनाल बनने से पैसा सीधे किसानों के खातों में पहुंचेगा। भारत के पैसे से दुनिया समृद्ध नहीं होगी, बल्कि देश का अन्नदाता किसान समृद्ध होगा। उन्होंने बताया कि एक उद्यमी यहां पर एथेनॉल प्लांट लगाने जा रहे हैं। निवेश के अनुरूप फट्रेंड मैनपावर मिले, इसके लिए हमें आईटीआई, डिग्री कॉलेजों, विश्वविद्यालयों से औद्योगिक संस्थानों को जोड़ने की जरूरत है। युवाओं को स्किल डेवलपमेंट के लिए आधा मानदेय उद्योग देंगे तो आधा मानदेय पीएम-सीएम इंटर्नशिप योजना के तहत सरकार देगी। युवाओं के ट्रेंड होने पर उनकी नौकरी व रोजगार की व्यवस्था सरकार कराएगी।

## हेट स्पीच की घटनाओं से चिंतित सुप्रीम कोर्ट, कहा- धर्म को राजनीति से अलग करना जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को हेट स्पीच की घटनाओं पर चिंता जताते हुए कहा है कि हेट स्पीच से निजात पाने के लिए धर्म को राजनीति से अलग करना होगा. आपसी भाईचारे में दरारें आ गई हैं. जब तक राजनीति को धर्म से अलग नहीं किया जाएगा तब तक इस पर लगाम नहीं लगाई जा सकती. शीर्ष अदालत ने कहा कि, ह्यहेट स्पीच शुद्ध रूप से ह्यराजनीतिह्न है.ह्न सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ह्यलोग समाज के सदस्यों को अपमानित न करने का संकल्प क्यों नहीं ले सकते? राज्य नपुंसक, शक्तिहीन हो गए हैं और कार्य समय पर नहीं करते. अगर यह चुप हैं तो इन्हें एक राज्य क्यों होना चाहिए? सुप्रीम कोर्ट की बेंच एक अवमानना याचिका पर सुनवाई कर रही थी. बेंच ने महाराष्ट्र सरकार से शीर्ष अदालत के आदेशों के बावजूद हिंदू संगठनों द्वारा नफरत भरे भाषणों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए उसके खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है. अगली सुनवाई 28 अप्रैल को होगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ह्यधर्म को राजनीति से मिलाना हेट स्पीच का स्त्रोत है. राजनेता सत्ता के लिए धर्म के इस्तेमाल को चिंता का विषय बनाते हैं. इस असहिष्णुता, बौद्धिक कमी से हम दुनिया में नंबर एक नहीं बन सकते. अगर आप सुपर पावर बनना चाहते हैं, तो सबसे पहले आपको कानून के शासन की जरूरत है.

**अब लोगों की भीड़ फालतू तत्वों को सुनने के लिए आती है**

जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने कहा कि ह्यगो टू पाकिस्तान जैसे बयानों से नियमित रूप से गरिमा को तोड़ा जाता है. अब हम कहां पहुंच गए हैं? कभी हमारे पास नेहरू, वाजपेयी जैसे वक्ता हुआ करते थे, अब लोगों की भीड़ फालतू तत्वों को सुनने के लिए आती है. बेंच ने पूछा कि, ह्यराज्य समाज में हेट स्पीच के अपराध को कम करने के लिए एक तंत्र विकसित क्यों नहीं कर सकते? जस्टिस जोसेफ ने कहा कि, ह्यराजनेता धर्म का इस्तेमाल करते हैं. देश में धर्म और राजनीति जुड़े हुए हैं. धर्म और राजनीति को अलग करने की जरूरत है. राज्य नपुंसक और शक्तिहीन हो गए हैं. वे समय पर कार्य नहीं करते हैं. राज्य क्यों हैं, और वह चुप क्यों हैं? हर एक क्रिया पर विपरीत प्रतिक्रिया होती है. वहीं जस्टिस नागरत्ना ने कहा, ह्य कभी भाईचारे का विचार था, लेकिन अब ऐसा नहीं है. मुझे यह कहते हुए खेद है कि दरारें आ रही हैं.

# प्रकृति के इशारों को समझिए

## गर्मी और उच्च तापमान से मानव जाति और प्रकृति को बड़ा खतरा'

**समाज जागरण**

ग्लोबल वार्मिंग तथा अप्राकृतिक उष्णता के अनेक प्रभाव अब धरती, नदियां पहाड़, पेड़ एवं मानव जाति पर बेहद चिंताजनक रूप में दिखाई देने वाला है और निसंदेह यह प्राकृतिक संसाधनों का बेरहमी तथा अप्राकृतिक दोहन के फल स्वरुप होने वाला है' जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जितनी बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाश-ाकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं। नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,

जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।


**संजीव ठाकुर, स्तंभकार, चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

# रामनवमी

रामनवमी एक ऐसा पर्व है, जिस पर चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को प्रतिवर्ष नये विक्रम संवत्सर का प्रारंभ होता है और उसके आठ दिन बाद ही चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी को एक पर्व राम जन्मोत्सव का, जिसे 'रामनवमी' के नाम से जाना जाता है, समस्त देश में मनाया जाता है। इस देश की राम और कृष्ण दो ऐसी महिमाशाली विभूतियाँ रही हैं, जिनका अमिट प्रभाव समूचे भारत के जनमानस पर सदियों से अनवरत चला आ रहा है

रामनवमी, भगवान राम की स्मृति को समर्पित है। राम सदाचार के प्रतीक हैं, और इन्हें "मयार्दा पुरुषोतम" कहा जाता है। रामनवमी को राम के जन्मदिन की स्मृति में मनाया जाता है। राम को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है, जो पृथ्वी पर अजेय रावण (मनुष्य रूप में असुर राजा) से युद्ध लड़ने के लिए आए। राम राज्य (राम का शासन) शांति व समृद्धि की अवधि का पर्यायवाची बन गया है। रामनवमी के दिन, श्रद्धालु बड़ी संख्या में उनके जन्मोत्सव को मनाने के लिए राम जी की मूर्तियों को पालने में झुलाते हैं। इस महान् राजा की काव्य तुलसी रामायण में राम की कहानी का वर्णन है।

**मयार्दा पुरुषोत्तम**

भगवान विष्णु ने राम रूप में असुरों का संहार करने के लिए पृथ्वी पर अवतार लिया और जीवन में मयार्दा का पालन करते हुए मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए। आज भी मयार्दा पुरुषोत्तम राम का जन्मोत्सव तो धूमधाम से मनाया जाता है पर उनके आदर्शों को जीवन में नहीं उतारा जाता। अयोध्या के राजकुमार होते हुए भी भगवान राम अपने पिता के वचनों को पूरा करने के लिए संपूर्ण वैभव को त्याग 14 वर्ष के लिए वन चले गए और आज देखें तो वैभव की लालसा में ही पुत्र अपने माता-पिता का काल बन रहा है।

**राम का जन्म**

पुरुषोतम भगवान राम का जन्म चैत्र मास की शुक्ल पक्ष की नवमी को पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में कौशल्या की कोख से हुआ था। यह दिन भारतीय जीवन में पुण्य पर्व माना जाता हैं। इस दिन सरयू नदी में स्नान करके लोग पुण्य लाभ कमाते हैं।

**अगस्त्यसंहिता के अनुसार**
**मंगल भवन अमंगल हारी,**
**द्रवहुसु दशरथ अजिर बिहारि॥**

अगस्त्यसंहिता के अनुसार चैत्र शुक्ल पक्ष की नवमी, के दिन पुनर्वसु नक्षत्र, कर्कलग्न में जब सूर्य अन्यान्य पाँच ग्रहों की शुभ दृष्टि के साथ मेष राशि पर विराजमान थे, तभी साक्षात भगवान् श्रीराम का माता कौशल्या के गर्भ से जन्म हुआ।

धार्मिक दृष्टि से चैत्र शुक्ल नवमी का विशेष महत्व है। त्रेता युग में चैत्र शुक्ल नवमी के दिन रघुकुल शिरोमणि महाराज दशरथ एवं महारानी कौशल्या के यहाँ अखिल ब्रह्माण्ड नायक अखिलेश ने पुत्र के रूप में जन्म लिया था। राम का जन्म दिन के बारह बजे हुआ था, जैसे ही सौंदर्य निकेतन, शंख, चक्र, गदा, पद्म धारण किए हुए चतुर्भुजधारी श्रीराम प्रकट हुए तो माता कौशल्या उन्हें देखकर विस्मित हो गईं। राम के सौंदर्य व तेज को देखकर उनके नेत्र तृप्त नहीं हो रहे थे। देवलोक भी अवध के



सामने श्रीराम के जन्मोत्सव को देखकर फीका लग रहा था। जन्मोत्सव में देवता, ऋषि, किन्नर, चारण सभी शामिल होकर आनंद उठा रहे थे। हम प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल नवमी को राम जन्मोत्सव मनाते हैं और राममय होकर कीर्तन, भजन, कथा आदि में रम जाते हैं। रामनवमी के दिन ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना का श्रीगणेश किया था।

**रामनवमी की पूजा**

हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन पूजा की जाती है। रामनवमी की पूजा के लिए आवश्यक सामग्री रोली, ऐपन, चावल, जल, फूल, एक घंटी और एक शंख हैं। पूजा के बाद परिवार की सबसे छोटी महिला सदस्य परिवार के सभी सदस्यों को टीका लगाती है। रामनवमी की पूजा में पहले देवताओं पर जल, रोली और ऐपन चढ़ाया जाता है, इसके बाद मूर्तियों पर मुट्ठी भरके चावल चढ़ाये जाते हैं। पूजा के बाद आरती की जाती है और आरती के बाद गंगाजल अथवा सादा जल एकत्रित हुए सभी जनों पर छिड़का जाता है।

# बैठकी

## """खोटा सिक्का कब तक!!!"""

**समाज जागरण**

नियत समय पर बैठकी जम गई! लेकिन मुखियाजी नहीं थे! शायद, नवमी पुजाई में व्यस्त होंगे! खैर, बहस के मोर्चे पर----

सरजी, अब तो राहुल गांधी के नेतृत्व पर कांग्रेस में हीं सवाल उठने लगे हैं! एमपी के कांग्रेस से सांसद रह चूके गुफरान आजम ने सोनिया गांधी को चिट्ठी लिखकर कहा है कि--" राहुल गांधी को कोई पप्पू कहता है तो कोई मुन्ना, ये सुन-कर वे थक चूके हैं" !
आजम ने आगे कहा कि --"उन्हें दस साल का मौका दिया गया लेकिन वो कांग्रेस के लिए कुछ नहीं कर पा रहे तो उन्हें छोड़कर आगे बढ़ना चाहिये !"-- कुंवरजी बैठते हीं बोल पड़े!

ठीक कह रहे हैं कुंवरजी, हमने भी सुना है कि गुफरान साहब ने कहा कि राहुल ने जहाँ जहाँ और पार्टी के जिन- जिन क्षेत्रों में हाथ डाला, उसका सत्यानाश कर दिया




चाहे, युवा कांग्रेस हो या संगठन! जब नेता बनने की योग्यता और समझ हीं न हो तो क्यों जबरदस्ती सोनिया गांधी, बेटे को कांग्रेस पर थोपे जा रही है!-- मास्टर साहब भी कुंवरजी का सपोर्ट किये!

बात तो आजमजी ने पते की कही है, आंकड़े भी यही कह रहे हैं! अबतक 55 चुनावों का सामना राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लड़ी लेकिन 50 चुनावों में उसे हार का मुंह देखना पड़ा है! --- सुरेन्द्र भाई ने अपनी कही!

इसबीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गई और हमलोग एक कप उठा लिये फिर चु-स्कियों के साथ बातें आगे की ओर----

विगत में हमलोगों ने देखा हीं है कि कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व से उबकर गुलाम नबी आजाद जैसे कितने हीं बरिष्ठ नेता कांग्रेस का साथ छोड़ गये! उन्हें अपरिपक्व नेतृत्व में कोई भविष्य नहीं दिख रहा था बल्कि वे सभी राहुल गांधी के नेतृत्व को चुनौती दी थी लेकिन सोनिया गांधी, कांग्रेस को पारिवारिक पार्टी से विलग अस्तित्व प्रदान करने को, राजी नहीं हुई! नतीजा सामने है! गुजरात और पूर्वोत्तर राज्यों के चुनाव नतीजों से स्पष्ट हो हीं गया है लेकिन शीर्ष





नेतृत्व समझे तब न!!--- उमाकाका ने सही कहा!
तभी पर्दा हटा कर मुखियाजी प्रवेश किये और परस्पर यथायोग्य अभिवादन के पश्चात, सोफे के एक ओर बैठ गये!
सरजी, कल टीवी पर न्यूज सुना कि राहुल गांधी की तरह हीं एनसीपी के लक्ष्यद्वीप से सासंद मोहम्मद फैजल की सांसदी, कोर्ट से सजा सुनाने के बाद चली गई थी लेकिन वे उपर न्यायालय में अपील किये और कल स्पीकर द्वारा उनकी सांसदी बहाल कर दी गई ! इसी तरह पवन खेड़ा जो कांग्रेस के प्रवक्ता भी हैं, मोदीजी को उनके पिता का नाम लेकर मानहानि किया था, एफआईआर होते हीं सुप्रीम कोर्ट चला गया और उसकी सांसदी बच जाती है! तब सवाल उठना लाजमी है कि राहुल गांधी भी समय रहते, उपर न्यायालय की शरण में क्यों नहीं गये!---सुरेंद्र भाई की शंका वाजिब थी!

ठीक बोलें हैं सुरेन्द्र भाई! वो भी तब जबकि कांग्रेस में देश के प्रतिष्ठित 6-7 वकील मौजूद हैं! --- पारस नेता ने अच्छा साथ दिया!

मेरे ख्याल से कांग्रेस की रणनीति, राहुल गांधी की सांसदी खत्म होने और फिर लोकसभा सचिवालय द्वारा 22 अप्रैल तक उन्हें, बंगला खाली करने की नोटिस देने को, कानूनी प्रक्रिया की जगह, भाजपा स-रकार द्वारा प्रताड़ित किये जाने की अफवाह फैलाकर, जनता की सहानुभूति बटोरने का रहा हो! वैसे भी कांग्रेस देश- विदेश, चारों ओर, शोर मचा हीं रही है कि भारत में अब लोकतंत्र नहीं रहा!
एक ट्वीट में कांग्रेसी लिखते हैं--" भारत में लोकतंत्र था"! था अर्थात अब नहीं रहा!--- मैं चुप हुआ!



लेकिन सरजी, कल मोहम्मद फैजल की सांसदी बहाल होते हीं कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश ने एनाउंस किया कि राहुल गांधी भी सुरत के सेशन कोर्ट के फैसले के विरुद्ध उपर न्यायालय में अपील करेंगे! मेरे विचार से कांग्रेस का सहानुभूति बटोरने का दाव, मोहम्मद फैजल की वापस हुई सांसदी ने गड़बड़ा दिया है! क्योंकि अब जनता समझेगी की ये नोटंकी है!-- कुंवरजी ने खाली कप वापस टेबल पर रखते हुए!

कुछ भी हो, इतना तो जरूर है कि राहुल गांधी की खत्म हुई सांसदी के प्रक्रण ने सारे विपक्ष को एक मंच पर ला खड़ा किया है! आप लोगों ने सुना हीं होगा कि राहुल प्रक्रण को लेकर सारा विपक्ष काले कपड़ों में, कांग्रेस अध्यक्ष- मल्लिकार्जुन खड़गे के संसदीय कार्यालय में एकत्रित होकर भाजपा सरकार के विरोध में, विपक्षी एकता की आधारशिला रखे हैं ! जिसमें ममता की टीएमसी, सपा समेत केजरीवाल के नुमाइंदे भी थे!--सुरेन्द्र भाई ने अपनी कही!

ए भाई लोगन हमरी समझ में नहीं आवत ह कि अपशब्द बोलले राहुल गांधी, केस कईल ओबीसी समाज, आ सजा कोर्ट देलस जबकि सदस्यता जाये के कारण भईल - 2013 में मनमोहन कैबिनेट के एमेंडमेंट बिल के राहुल के फाड़ल! अब जिम्मेवार मोदीजी कईसे भईले!! इ हमके ना बुझात ह! एक बात अउर- लोकसभा स्पीकर के भी अतना जल्दी एक्शन ना लिहल चाहत रहे!--- मुखियाजी हाथ चमकाये!

मुखियाजी,विपक्ष का आरोप है कि राहुल से मोदीजी डरते हैं इसलिए, आनन फानन में सदस्यता रद्द करने का नोटिस निकाल दिया गया! जबकि कानून है कि उधर कोर्ट दो साल या अधिक की सजा सुनाया और यदि 24 घंटे के अंदर उच्च न्यायालय में अपील नहीं हुई तो सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है!
लेकिन कांग्रेस इस संदर्भ में, जनता से सहानुभूति प्राप्त करने की चाल चलने की सोच रखती थी जैसा कि 1978 में मोरा-रजी देसाई सरकार ने विशेषाधिकार हनन के मामले में, इंदिरा गांधी की सदस्यता खत्म कर दी थी तो इंदिरा गांधी ने पुरे देश में सभायें करके अपने पक्ष में सहानुभूति पैदा की थी और जब आपसी कलह से जनता पार्टी की सरकार गीर गई तो 1980 में भारी बहुमत से इंदिरा गांधी जीत कर पुनः प्रधानमंत्री बनी थी! लेकिन यहाँ तो कांग्रेस का दाव खाली जाता दिख रहा है!--मैं चुप हुआ!

ए सरजी, कोई माने चाहे मत माने, मोदीजी के व्यक्तित्व के आगे, गांधी परिवार कहीं टिकता, नजर नहीं आ रहा है !इसलिये कांग्रेसियों को अन्य विकल्प तलाशना चा-हए!-- पारस नेता साफ साफ!

ए नेताजी, दुनिया में तीन काम बहुत कठिन है---
पहला- हाथी को गोद में उठाना, दुसरा- चींटी को स्नान करना और तीसरा- कांग्रेसियों को समझना!-- कहकर उमाक-ाका हंस दिये और उठ गये जिसका सभी ने साथ दिया! इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!!


**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# राजस्थान दिवस

राजस्थान शब्द का अर्थ है- ह्यराजाओं का स्थानह्न क्योंकि यहां गुर्जर, राजपूत, मौर्य, जाट आदि ने पहले राज किया था। ब्रिटिश शासकों द्वारा भारत को आजाद करने की घोषणा करने के बाद जब सत्ता-हस्तांतरण की कार्रवाई शुरू की, तभी लग गया था कि आजाद भारत का राजस्थान प्रांत बनना और राजपूताना के तत्कालीन हिस्से का भारत में विलय एक दूभर कार्य साबित हो सकता है। आजादी की घोषणा के साथ ही राजपूताना के देशी रियासतों के मुखियाओं में स्वतंत्र राज्य में भी अपनी सत्ता बरकरार रखने की होड़ सी मच गयी थी, उस समय वर्तमान राजस्थान की भौगालिक स्थिति के नजरिये से देखें तो राजपूताना के इस भूभाग में कुल बाईस देशी रियासतें थी।


राजस्थान दिवस समारोह 2015, जयपुर
इनमें एक रियासत अजमेर मेरवाडा प्रांत को छोड़ कर शेष देशी रियासतों पर देशी राजा महाराजाओं का ही राज था। अजमेर-मेरवाडा प्रांत पर ब्रिटिश शासकों का कब्जा था। इस कारण यह तो सीघे ही स्वतंत्र भारत में आ जाती, मगर शेष इक्कीस रियासतों का विलय होना यानि एकीकरण कर ह्यराजस्थानह्न नामक प्रांत बनाया जाना था। सत्ता की होड़ के चलते यह बड़ा ही दूभर लग रहा था क्योंकि इन देशी रियासतों के शासक अपनी रियासतों के स्वतंत्र भारत में विलय को दूसरी प्राथमिकता के रूप में देख रहे थे। उनकी मांग थी कि वे सालों से खुद अपने राज्यों का शासन चलाते आ रहे हैं, उन्हें इसका दीर्घकालीन अनुभव है, इस कारण उनकी रियासत को ह्यस्वतंत्र राज्यह्न का दर्जा दे दिया जाए। करीब एक दशक की ऊहापोह के बीच 18 मार्च 1948 को शुरू हुई राजस्थान के



एकीकरण की प्रक्रिया कुल सात चरणों में 1 नवंबर 1956 को पूरी हुई। इसमें भारत सरकार के तत्कालीन देशी रियासत और गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल और उनके सचिव वी. पी. मेनन की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इनकी सूझबूझ से ही राजस्थान के वर्तमान स्वरूप का निर्माण हो सका।

**गौरवशाली इतिहास**

इंग्लैण्ड के विख्यात कवि किप्लिंग ने लिखा था, 'दुनिया में अगर कोई ऐसा स्थान है, जहां वीरों की हड्डियां मार्ग की धूल बनी हैं तो वह राजस्थान कहा जा सकता है।'
राजस्थान दिवस समारोह 2015, जयपुर
वीर तो वीर, वीरांगनाएं भी अपनी माटी के




लिए कुबार्नी देने में नहीं झिझकीं। शौर्य और साहस ही नहीं बल्कि हमारी धरती के सपूतों ने हर क्षेत्र में कमाल दिखाकर देश-दुनिया में राजस्थान के नाम को चांद-तारों सा चमका दिया। राजस्थान की धरती पर रणबांकुरों ने जन्म लिया है। यहां वीरांगनाओं ने भी अपने त्याग और बलिदान से मातृभूमि को सींचा है। यहां धरती का वीर योद्धा कहे जाने वाले पृथ्वीराज चौहान ने जन्म लिया, जिन्होंने तराइन के प्रथम युद्ध में मुहम्मद गोरी को पराजित किया। कहा जाता है कि गोरी ने 18 बार पृथ्वीराज पर आक्रमण किया था जिसमें 17 बार उसे पराजय का सामना करना पड़ा था। जोधपुर के राजा जसवंत सिंह के 12 साल के पुत्र पृथ्वी ने तो हाथों से औरंगजेब के खूंखार भूखे जंगली शेर का जबड़ा फाड़ डाला था। राणा सांगा ने सौ से भी ज्यादा युद्ध लड़कर साहस का परिचय दिया था। पन्ना धाय के बलिदान के साथ बुलन्दा (पाली) के ठाकुर मोहकम सिंह की रानी बाघेली का बलिदान भी अमर है। जोधपुर के राजकुमार अजीत सिंह को औरंगजेब से बचाने के लिए वे उन्हें अपनी नवजात राजकुमारी की जगह छुपाकर लाई थीं।

**कार्यक्रम एवं आयोजन**

राजस्थान दिवस समारोह 2015, जयपुर
राजस्थान राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर 30 मार्च की शाम को जयपुर स्थित जनपथ पर राजस्थान दिवस समारोह के तहत कई तरह के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वर्ष 2015 में राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह इस समारोह के मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी उपस्थित रहीं। राजस्थान सरकार के प्रमुख पर्यटन शासन सचिव के अनुसार 100 मिनट के इस कार्यक्रम में राज्य के 7 सम्भागों की 7 अलग-अलग झांकियां निकाली गई। इनके अलावा लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां, पुलिस के जवानों द्वारा मोटरसाईकिलों पर साहसिक स्टंट्स कैरियर, 100 स्के ट्र्स और सिंक्रनाइज साउंड व लाइट शो भी आयोजित किए गये। इस दौरान पुलिस के घोड़ों और ऊंटों का एक जुलूस भी निकाला गया। समारोह का समापन डांस ग्रुप द्वारा वंदे मातरम् की प्रस्तुति के साथ हुआ। इसके पश्चात बिगुल वादन और विधान सभा के सामने के गुम्बदों पर सिंक्रनाइज साउंड व लाइट शो आयोजित किया गया। गौरतलब है कि पूर्व में राजस्थान दिवस समारोह के तहत सात दिवसीय व्यापक कार्यक्रम प्रस्तावित थे, लेकिन कुछ दिनों पूर्व हुई बेमौसम की बा-रश से राज्यभर में फसलों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए यह समारोह सिर्फ एक दिन का ही कर दिया गया।

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## उच्च शिक्षा मद में अंश अनुदान शिक्षा प्रणाली में कोढ़: डा. माधवेन्द्र झा

पटना। बिहार प्रदेश अनुदानित डिग्री महाविधालय प्रधानाचार्य महासंघ के प्रधान महासचिव डा. माधवेन्द्र झा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार के विश्वकर्मा कथित मुख्यमंत्री ई. नीतीश कुमार को संबोधित करते हुए कहा है कि यह सच है कि आपने बिहार के शिक्षा विभाग को छोड़ अन्य निकायों में उल्लेखनीय कार्य किया है। विपरीत और संकट की घड़ी में भी धैर्य और साहस का परिचय देते हुए जर्जर बिहार की बागडोर अपने हाथों में लेकर सड़क, स्वास्थ, सामाजिक कल्याण, जातिविहीन व्यवस्था को बिहार में कायम करने का दुस्साहस किया है लेकिन आपके कार्यकाल में उच्च शिक्षा की स्थिति जर्जर होते चली गई है। उच्च शिक्षण संस्थानों में वगैर शिक्षक के छात्र पढ़ाई करने को मजबूर हो गए हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों को 8 वर्षों से भूखे अनुदानित डिग्री महाविद्यालय के कंधे पर छोड़ दिया गया है। ये ऐसे शिक्षक और कर्मचारी है जिनके कंधे पर बूढ़े मां बाप, रुग्ण पत्नी और जवान बेटे बेटियां हैं। पता नही चल रहा है कि अंगीभूत महाविद्यालय के शत प्रतिशत रिक्त पदों के फलस्वरूप अवशेष राशि का व्यय किस मद में हो रहा है। महीनों बाद अतिथि शिक्षकों को अंश में कुछ राशि पुरस्कार के रूप में बांटकर अंगीभूत



महाविद्यालय को नाम का जीवंत रखा गया है। 9 वर्षों के इंतजार के बाद वर्ष 2016 का अंश अनुदान देने की कागजी खानापूरी की जा रही है। बिहार में 80 प्रतिशत छात्र/छात्रा अनुदानित डिग्री महाविद्यालय में अध्ययनरत हैं। इस श्रेणी के महाविद्यालय को आधारभूत संरचना, पुस्तकालय एवम प्रयोगशाला के नाम पर एक छद्म भी राशि नहीं उपलब्ध होती है। आंतरिक स्रोत की राशि शिक्षकों एवम कर्मचारियों के लिए ऊंट के मुंह में जीरे के फोरन समान है। इससे एक माह का भी वेतन मयस्सर नही हो पाता है। खास कर महिला महाविधालय तो गंभीर संकट से गुजर रहा है जिसे एक रुपए भी छात्राओं से नही मिल पाता है। शिक्षण शुल्क की राशि आप के द्वारा क्षति पूर्ति के रूप में आवंटित किए जाने का संकल्प लिया गया जो आज तक अनुदानित डिग्री महाविद्यालय को उपलब्ध नही हो पाया है। शिक्षा विभाग विश्वविद्यालय पर और विश्वद्यालय शिक्षा विभाग पर शिथिलता का आरोप लगाते रहा है। आवश्यकता है कि राजकोष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग एवं शिक्षा विभाग दिल्ली से अन्य प्रांतों की तरह केंद्रांश प्राप्त कर तथा आवश्यकता एवम व्यवहार्यता के दृष्टिकोण से ग्रामीण एवम शहरी क्षेत्र में स्थापित, संचालित एवं सफलतम घोषित महाविद्यालय को अंगीभूत कर समाज को शिक्षा के क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान दिया जाय। अशिक्षित समाज से कभी विकसित बिहार की कल्पना नहीं की जा सकती है। माननीय नीतीश जी पर अभिभावकों, छात्र छात्राओं के साथ बुद्धिजीवी वर्ग को भरोसा है। आशा की जा रही है कि बिहार में उच्च शिक्षा का जीणोर्धार शीघ्र आपके दृढ़ निश्चय और पक्के इरादे से होगा।

## पैनोरमा पब्लिक स्कूल छातापुर में साइंस एग्जीबिशन 2 अप्रैल को, तैयारी अंतिम चरण में

### कक्षा 4 से वर्ग 10 तक के छात्र छात्राएं होंगी शामिल, प्रवेश निः शुल्कः संजीव मिश्रा






छातापुर। रियल एस्टेट के क्षेत्र में सूबे में अव्वल रहे पैनोरमा ग्रुप शिक्षा एवम स्वास्थ्य की क्षेत्र में भी नाम कमा रही है। एक दिन पूर्व कला के क्षेत्र में दो दिवसीय प्रतियोगिता पैनोरमा पब्लिक स्कूल छातापुर में आयोजित की गई थी। प्रतिभागियों के उत्साह एवम लगन को देखते हुए पैनोरमा ग्रुप के एमडी संजीव मिश्रा ने साइंस एग्जीबिशन भी कराने का निर्णय लिया था। उसी कड़ी में पनोरमा फाउंडेशन एवं सोशल वेलफेयर ट्रस्ट , पूर्णियाँ द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है। पैनोरमा ग्रुप के एमडी श्री मिश्रा ने बताया कि कोशी प्रमंडल एवम सीमांचल के प्रतिभावान बच्चों के लिए दिनांक 2 अप्रैल 2023 को ( समय 10 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न ) साइंस एग्जीबिशन , पनोरमा पब्लिक स्कूल, रामपुर, छातापुर (सुपौल) के परिसर में आयोजन करने जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पैनोरमा पब्लिक स्कूल के अलावा अलग अलग शहर गांव कसबे के कक्षा 4 से वर्ग 10 तक के छात्र छात्राएं इसमें भाग ले सकते है। रजिस्ट्रेशन निः शुल्क है, जिसकी विशेष जानकारी आप 8102919702 पर कॉल कर प्राप्त कर सकते है ' जिनके लिए प्रथम, द्वितीय , व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को क्रमशः 11000, 8000, और 5000 की राशि एवं प्रशस्ति पत्र से पुरस्कृत किया जाएगा।

## महागठबंधन प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह को प्रथम वरीयता मत देकर भारी मतों से विजय श्री दिलाएं: प्रो. रंजन ठाकुर

अररिया। वित्त रहित डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी संघर्ष मोर्चा अररिया के अध्यक्ष प्रोफेसर रंजन ठाकुर ने कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के महागठबंधन प्रत्याशी संजीव कुमार सिंह को प्रथम वरीयता मत देने की अपील प्रबुद्ध मतदाताओं से की है।

प्रो. ठाकुर ने सभी सरकारी तथा संबद्ध माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंटर एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के साथ अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विद्वान शिक्षकों से अपील करते हुए कहा कि की जन- जन की आवाज संजीव कुमार सिंह जी है जो अपने तीनों कार्यकाल में मात्र अपने निर्वाचन क्षेत्र के शिक्षकों एवं संस्थानों के लिए कार्य नहीं किया है, बल्कि पूरा प्रदेश उनका ऋणी है।



यह अपने आप को शिक्षक जाति के मानते हैं यही कारण है कि सत्ता पक्ष में रहते हुए भी आपकी बात सभी जगह निर्भीकतापूर्वक रखते रहे हैं। एक सच्चे सेवक के रूप में संजीव कुमार सिंह का कृतित्व एवं व्यक्तित्व स्वर्णाक्षरों में लिखे जाने योग्य है। हर व्यक्ति जो पूर्व के चुनाव में भी मतदाता रहे हैं, जो नए मतदाता घोषित हुए हैं, उन्हें व्यक्तिगत रूप से अपने अग्रज और अभिभावक के रूप में संजीव कुमार सिंह आदर करते रहे हैं। संजीव कुमार सिंह को अपना मत प्रदान करने हेतु आपको प्रेरित करने की हमारी मंशा सूरज को दीपक दिखाने समान है क्योंकि हमसे भी प्रबल समर्थक आप मतदाता गण है, लेकिन अपनी भावना आप तक पहुंचा कर हम आप सबों के बीच दिल के उद्गार प्रेषित करना चाहते हैं। ये एकमात्र सर्वमान्य नेता हैं जो जाति, धर्म, संप्रदाय और राजनीतिक दल से ऊपर के सर्वमान्य नेता हैं। हम सभी इन्हे जीत की अग्रिम बधाई भी देते हैं।

### प्रदेश भाजपा के सह-प्रभारी सुनील ओझा के नेतृत्व में संगठनात्मक कार्य और विचार को विस्तार मिलेगा:रोहित यादव

जोगबनी। जिला भाजपा के कद्दावर नेता सह निवर्तमान जिला मंत्री व नगर परिषद जोगबनी मुख्य पार्षद प्रतिनिधि रोहित यादव ने भारतीय



जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री जे पी नड्डा जी द्वारा श्री सुनील ओझा जी को बिहार प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का सह-प्रभारी नियुक्त किए जाने पर उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाऐं दी। उन्होंने अपने चलभाष से उन्हें रामनवमी , चैती दुर्गा पूजा की भी बधाई दी और कहा कि आपके नेतृत्व में निश्चित ही संगठनात्मक कार्य और विचार को विस्तार मिलेगा।

### फारबिसगंज के रामनवमी शोभायात्रा में शामिल हुए मुख्य पार्षद प्रतिनिधि जोगबनी एवम

फारबिसगंज के पावन धरती पर अद्वितीय व अद्भुत रामनवमी शोभायात्रा में जोगबनी नगर परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि जिला भाजपा के मंत्री रोहित यादव, नगर परिषद अररिया के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि



धीरज नयन, अररिया के उप मुख्य पार्षद भाई गौतम साह भी मौजूद रहे । इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष भाई आदित्य नारायण झा जी , एवं स्थानीय लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इन प्रति निधियों ने श्री राम सबका कल्याण करे की प्रार्थना किए।

अद्भुत रामनवमी शोभायात्रा में प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी की इन प्रतिनिधियों ने सराहना भी की।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु पेंशन शिविर का आयोजन 31 मार्च को

अनूपपुर 29 मार्च 2023/ जिला अंतर्गत समस्त शासकीय सेवकों के लंबित पेंशन प्रकरणों के निराकरण एवं आगामी तीन माहों में 30 जून 2023 तक सेवानिवृत्त होने वाले समस्त शासकीय सेवकों के पेंशन परीक्षण हेतु 31 मार्च 2023 को कलेक्ट्रेट अनूपपुर में प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक पेंशन शिविर का आयोजन किया गया है। उक्ताशय की जानकारी जिला पेंशन अधिकारी अनूपपुर ने देते हुए जिले के समस्त आहरण अधिकारियों व कार्यालय प्रमुखों से कहा है कि शिविर में समस्त लंबित एवं सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के पेंशन संबंधी प्रकरण सहायक के माध्यम से प्रस्तुत कर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण कराते हुए शत-प्रतिशत निराकरण की कार्यवाही करें।

### बेनीबारी थ्री ट्रेड आईटीआई भवन के निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया अवलोकन

## एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखण्ड के ग्राम बेनीबारी में थ्री ट्रेड आईटीआई भवन के निर्माण कार्य का कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम पुष्पराजगढ़ श्री विवेक के.व्ही., प्राचार्य आईटीआई बेनीबारी, पीआईयू के उप यंत्री श्री आर.पी. वर्मा, संविदाकार के



प्रतिनिधि उपस्थित थे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने निर्माण कार्यों को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने सभी खिड़कियों में जाली की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा भवन की छत पर बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था तथा प्रसाधन कक्ष के कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से किए जाने के संबंध में निर्देशित किया गया।

## फारबिसगंज में निकाली गई ऐतिहासिक भव्य रामनवमी शोभा यात्रा

***सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में जुलूस व सार्वजनिक जगहों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की तैनाती***

***शोभायात्रा में शिव तांडव, अघोर, श्री राम, हनुमान, भूत प्रेत शेषनाग रहे आकर्षण का केंद्र***

फारबिसगंज। बुधवार को जय जय श्री राम, हर घर भगवा छायेगा, राम राज्य फिर आएगा, एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम, हर घर करो तैयारी आ गए हैं भगवाधारी आदि उद्घोष के साथ राम भक्तों बड़े ही हर्षोल्लास के साथ फारबिसगंज नगर में रामनवमी शोभायात्रा निकाली गई ।इस बीच शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन ,अनुमंडल प्रशासन एवं अनुमंडल पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए थे। जगह जगह महिला एवं पुरूष पुलिसबल की तैनाती के साथ साथ सार्वजनिक स्थानों पर मजिस्ट्रेट की भी व्यवस्था की गई थी। शहर के कई मार्गो एवं रेल पुल पर बेरिकेडिंग की गई थी। हर तरफ गेरुवा रंगों में लहराता झंडा व गेरुआ रंग में सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों की शहरी एवं ग्रमीण क्षेत्रों की टोली डीजे की धुन पर झूमते नजर आ रहे थे।। शोभायात्रा शहर के राजेन्द्र चौक स्थित मैदान से शहर के विभिन्न मार्गों से निकाली गई। जो शहर के छुआ पट्टी, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए स्टेशन चौक पटेल चौक सदर रोड और राम मनोहर लोहिया पथ अस्पताल और



होते हुए दीनदयाल चौक के पास से पहुंची ।राजेंद्र चौक निकलने वाली शोभायात्रा से पहले पंडाल का निर्माण कर मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की पूजा अर्चना के साथ 24 घंटे का रामायण पाठ किया गया था शोभायात्रा में राम लला की भव्य मनमोहक प्रतिमा के साथ गाजेबाजे व ढोल, नगाड़ा के अलावें दर्जनों घोड़े पर सवार घुड़सवार एवं झांकी जैसे श्री राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमानजी के साथ भूत, बेताल आदि शामिल थे।

पूरा शहर भगवा रंग से भरा हुआ था। शहर के विभिन्न मार्गों पर जगह जगह विभिन्न समाजसेवियों एवं संगठनों व युववर्गो के द्वारा स्टॉल लगाकर राम भक्तों को सरबत, चना, सादा पानी आदि की व्यवस्था की गई थी। जुलूस में स्थानीय विधायक के मुख्य पार्षद के अलावे दर्जनों जनप्रतिनिधि मौजूद थे वही जुलूस में। भारी संख्या में सादे लिवज में भी पुलिस के जवानों की तैनाती की गई थी। इसके साथ में अररिया एसपी अशोक कुमार सिंह, एसडीएम सुरेंद्र कुमार अलबेला अररिया एसडीपीओ पुष्कर कुमार, फारबिसगंज एसडीपीओ सुभाष मिश्रा, पुलिस इंस्पेक्टर शर्मा जी, थानाध्यक्ष आफताब अहमद के अलावे फारबिसगंज डीसीएलआर अंकिता सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी राज किशोर शर्मा, सीओ संजीव कुमार के अलावा कई विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## दुनियां के लिए सतत विकास की राह चुनना ही विकल्प-डॉ राकेश राणा

**सतत विकास एवं वैश्वीकरण नयी संभावनायें एवं चुनौतियाँ विषय पर दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित**

बाँदा बुधवार को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बाँदा के झलकारी बाई सभागार में समाजशास्त्र विभाग द्वारा दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी सतत विकास एवं वैश्वीकरण नयी संभावनायें एवं चुनौतियाँ विषय पर आयोजित हुआ। इस सत्र का शुभारम्भ सरस्वती वंदना और माल्यार्पण से हुआ। तत्पश्चात समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष सबीहा रहमानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया और संगोष्ठी के महत्व पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि श्री वेद प्रकाश मौर्य (मुख्य विकास अधिकारी, बॉदा) के उद्बोधन से शुरू हुआ। पंचवर्षीय योजनाओं के माध्यम से सतत विकास के लक्ष्यों की संदर्भित किया। पृथ्वी, जल, वायु पर रहने वाले शीशे पर चिंता व्यक्त किया और कहा कि जैविक खेती के माध्यम से घर की बचत, कूडा-कचरा की कमी लोगों को रोजगार भी प्राप्त होगें। प्रथम सत्र में विशिष्ट वक्ताप डॉ0 अरूण कुमार मौर्य ने अपने वक्तव्य में कहा कि सतत विकास एक संबंधित सिद्वान्त है जिसका उद्देश्य मानव विकास लक्ष्यों को पूरा करना है साथ ही साथ प्राकृतिक प्रजातियों को मानव की आवश्यक प्राकृतिक संसाधन और पारिस्थितिकी तंत्र सेवायें प्रदान करने में सक्षम बनाना है। विशेषज्ञ विदेशी वक्ता में जगियोलेनियन विश्वविद्यालय पोलैण्ड के प्रो० किशोर कुमार ने अपने वक्तव्य में भारत एवं विश्व में आंकडों के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित सतत विकास लक्ष्यों के बारे में सविस्तारपूर्वक चर्चा किया। तूरान, कजाकिस्तान की डॉ० ममता सिंह ने कामकाजी महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण व उनके अधिकारों एवं लैंगिक असामनता के बारे में गहनतमपूर्वक चर्चा किया। एम0एच0कालेज गाजियाबाद के प्रो० राकेश राणा ने सतत विकास के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में दिखाया कि आदि काल से आधुनिक काल तक मानव सभ्यता का विकास हुआ। विकास की इस यात्रा में मनुष्य बंदर से नंबर कैसे बन




गया इस उतार-चढाव को समझना असली चुनौती है। विकास का अनुभव विश्व को सतत विकास की ओर ये जा रहा है। टेक्नोलॉजी भविष्य की दिशा तय करेंगी।

मुख्य अतिथि डॉ0 आर0के0सिंह ने कहा सतत विकास मनुष्य के लिए आवश्यक है और वी०एस०डी० कालेज कानपुर की नीलिमा सिंह ने ऐतिहासिक अवधारणा के बारे में बताया। डॉ० अंजू सोनकर ने अपने वक्तव्य में आज की भावी पीढी के बारे में बताया। समस्त अतिथियों का आभार डॉ० सबीहा रहमानी ने किया। प्राचार्य प्रो० दीपाली गुप्ता ने सभी विशिष्ट व्यक्तियों का क्रमबद्ध हदय से धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## गर्मी के दौरान बच्चों में बढ़ जाता है डायरिया व डीहाइड्रेशन का खतरा

***शुरूआती लक्षणों के आधार पर आसानी से किया जा सकता है इसका कुशल प्रबंधन***

अररिया जिले में गर्मी धीरे धीरे अपना असर दिखाने लगा है। तेज धूप अभी से लोगों को सताने लगी है। ऐसे मौसम में थोड़ी सी लापरवाही कई तरह की बीमारियों को न्योता दे सकता है। ऐसे में लोगों को अपनी सेहत के प्रति ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। खास कर छोटे बच्चों के मामले में तो ये और भी जरूरी है। ऐसे मौसम में शिशुओं और छोटे बच्चों को डायरिया का खतरा बढ़ जाता है। डायरिया के कारण बच्चों में अत्यधिक निर्जलीकरण यानी डीहाइड्रेशन का खतरा होता है। समय पर इसका कुशल प्रबंधन नहीं होने पर ये जानलेवा भी हो सकता है.। डायरिया से सम्बंधित लक्षणों के प्रति जागरूक होकर इसके खतरों से आसानी से बचा जा सकता है।

**आसानी से की जा सकती है डायरिया की पहचान**

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने बताया कि डायरिया पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मौत के सबसे बड़े कारणों में से एक है। . शुरूआती लक्षणों के आधार पर आसानी से इसकी पहचान कर इसका कुशल प्रबंधन किया जा सकता है। लगातार पतले दस्त का होना, दस्त के साथ उल्टी, भूख में कमी, दस्त के साथ हल्का बुखार आना, जटिल परिस्थितियों में दस्त के साथ खून आना इसके प्रमुख



लक्षणों में से एक है। . रोग के शुरूआती दौर में ओआरएस का घोल इलाज में काफी मददगार होता है। इसे घर पर भी बनाया जा सकता है। क्षेत्र की आशा व आंगनबाडी सेविका से इसे बनाने की विधि की जानकारी आसानी से हासिल की जा सकती है।

**दूषित जल व स्वच्छता का ध्यान रखना जरूरी**

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ मोइज बताते हैं कि डायरिया से बच्चों में कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। . इसलिए इससे बचाव जरूरी है। गर्मियों में बच्चे अक्सर प्यास लगने पर कहीं से भी पानी पी लेते हैं। इससे इंफेक्शन का खतरा होता है। दूषित जल का सेवन, साफ सफाई की कमी इसके मुख्य कारणों में शामिल है। इसलिए बच्चों को खाना खिलाने से पहले अच्छी तरह उनका हाथ धोएं, खाना बनाते व परोसते समय सफाई रखें, बच्चों को शौच के बाद साबुन से हाथ धुलने की आदत डायरिया से बचाव के लिहाज से जरूरी है। बच्चे को दस्त की समस्या होने पर किसी दवा से पहले उन्हें पानी की कमी से बचाएं, जीवन रक्षक घोल यानी ओआरएस पिलाएं, घर पर ही नींबू पानी में नमक व चीनी मिलाकर पिलाएं। लस्सी, छाछ, नारियल पानी दे भी दिया जा सकता है। हालत में सुधार नहीं होने पर तत्काल अपने नजदीकी अस्पताल से संपर्क करने की सलाह उन्होंने दी।

## एकलव्य विद्यालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण

***अव्यवस्था मिलने पर व्यक्त की अप्रसन्नता, कमियों की पूर्ति के लिए दिए निर्देश***

अनूपपुर 29 मार्च 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अनूपपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने लाईब्रेरी, स्मार्ट क्लास, अध्ययन कक्ष, छात्रावास, पेयजल व्यवस्था, प्रसाधन कक्ष का मुआयना करते हुए अव्यवस्था मिलने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई।

निरीक्षण के दौरान जनजातीय कार्य विभाग की प्रभारी सहायक आयुक्त एवं एसडीएम अनूपपुर सुश्री दीपशिखा भगत, क्षेत्र संयोजक श्री एस.के. बाजपेयी, प्राचार्य श्री मुलायम सिंह परिहार सहित सर्व संबंधित जन उपस्थित थे।

निरीक्षण में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जेईई एवं नीट की तैयारियों तथा विद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रतिभागिता के संबंध में जानकारी ली। प्राचार्य को विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग एवं मेडीकल की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी सुव्यवस्थित तरीके से कराए जाने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान लाईब्रेरी कक्ष को सुव्यवस्थित किए जाने तथा स्मार्ट



क्लास का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने तथा छात्र-छात्राओं की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति सुनिश्चित करने तथा छात्रावास के दरवाजे, प्रसाधन कक्ष, कवर्ड के दरवाजे खराब होने तथा बिजली बोर्ड अव्यवस्थित होने, पेयजल के लिए वॉटर कूलर की उपलब्धता न होने पर नाराजगी जताते हुए आगामी 01 सप्ताह में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने निरीक्षण के दौरान एकलव्य विद्यालय में बनाए गए ऑडिटोरियम का निरीक्षण करते हुए ठेकेदार के द्वारा निदेशों के बाद भी अधूरे कार्यों को पूर्ण नही करने पर नाराजगी जताते हुए जुमार्ने की कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया। उन्होंने आगामी 01 अप्रैल को छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मोटीवेशनल कैम्प का आयोजन ऑडिटोरियम में आयोजित करने के निर्देश दिए।

## सम्राट अशोक की जयंती मनाई

मधेपुरा। बुधवार को सम्राट अशोक की जयंती वार्ड नंबर 04 मधेपुरा में पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागीय परिषद सदस्य सह शोध छात्र प्रभु कुमार की अध्यक्षता में मनाया गया ।



इस मौके पर बीएनएमयू मधेपुरा के विज्ञान संकाय के काउंसिल मेंबर सह आंतरिक परिवाद समिति सदस्य सह रसायन शास्त्र के शोधार्थी बिट्टू कुमार जी ने कहा कि महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक जिनको अखंड राज्य कृति विश्व की धरोहर है , जिनके चक्र और स्तंभ से देश की पहचान विदेश में होती है । उनके सिद्धांतों को अपनाकर भारत ने सारे विश्व को प्रेम और बंधुत्व का संदेश दिया है क्योंकि सम्राट अशोक को पशु , पक्षी, पर्यावरण पेड़ , पौधे से भी प्यार थे , तो वह व्यक्ति मनुष्य से कितना प्यार करते होंगे , यह किसी से छुपा हुआ नहीं है । वह हमेशा जनता का सम्राट थे । अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट का राज्य 71 देशों में था । उसकी राजधानी मगध राज्य था । भारत को सोने की चिड़िया बनाने वाले , भारत को गुरु का दर्जा दिलाने वाले , मनुष्य के साथ-साथ पशु पक्षियों के हितों का ध्यान रखने वाले सबसे लोकप्रिय राजा थे । आज भारत के सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी भी सम्राट अशोक की जयंती धूमधाम से मना रहे तो फिर मौर्यवंशी समाज को सम्राट अशोक की जयंती मनाने में शर्म क्यों ?

वहीं भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा के वाणिज्य विभाग के पूर्व विभागीय परिषद सदस्य सह शोध छात्र प्रभु कुमार ने कहा कि महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक का पूरा नाम देवानांप्रिय अशोक मौर्य था। उनका राजकाल ईसा पूर्व 269 से, 232 प्राचीन भारत में था। सम्राट अशोक को मौर्य वंश के तीसरे शासक थे। सड़कों के जाल बिछाने वाले एवं सड़क के किनारे यात्रियों के लिए पानी की व्यवस्था के लिए कुआं खुदवाने का काम करवाने वाले महान सम्राट अशोक ही थे । उन्होंने ही भारत को वसुधैव कुटुंबकम का संदेश दिया । जब भारत अपना बिखरा था तब महान सम्राट अशोक के वंशज पूरे भारत को अखंड किए एवं उसी को अपने कलम के दम पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने बुलंदी के चोटी पर पहुंचाए ।

वहीं इस मौके पर उपस्थित छात्र नेता भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विभागीय परिषद सदस्य सह शोध छात्र प्रभु कुमार, माधव कुमार, गुड्डू कुमार, नीतीश,प्रिंस, भूषण कुमार मेहता, अमित आनंद आदि मौजूद थे ।

### एस एस बी मुख्यालय स्थित सर्व धर्म स्थल पर श्री श्री रामचरित्र मानस का अखंड पाठ का शुभ आरंभ

अररिया। श्री ब्रजेश सिकरवार, कमांडिंग अधिकारी, 52वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल अररिया की अगुवाई में 52वीं वाहिनी द्वारा श्री श्री रामचरित्र मानस का अखंड पाठ का शुभ आरंभ वाहिनी के सर्व धर्म स्थल में किया गया। इस मौके पर 52वी वाहिनी के समस्त बल कर्मी उपस्थित थे। साथ ही, शशि ओझा जी और



उनके टीम द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात , श्री ब्रजेश सिकरवार ने समस्त बल कर्मियों व उनके परिजनों व अररिया वासियों के स्वस्थ्य व समृद्ध जीवन की कामना करते हुए पूजा अर्चना की।

### एम एल सी प्रत्याशी भाजपा के रंजन कुमार को दें अपना प्रथम वरीयता का मत, भारी मतों से दिलाएं विजय श्री : रंजीत यादव

अररिया। कोशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रंजन कुमार को प्रथम वरीयता मत देने की अपील भाजपा नेता सह जोकीहाट विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रहे लोकप्रिय नेता रंजीत यादव ने सभी प्रबुद्ध मतदाताओं से की है।



आश्रम चौक अररिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय पर आयोजित इस प्रेस वार्ता में जिला भाजपा के अध्यक्ष आदित्य नारायण झा के अलावा प्रत्याशी प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

रंजीत यादव ने कहा कि बिहार विधान परिषद के कोशी शिक्षक निर्वाचन हेतु क्रम संख्या 1 पर भाजपा प्रत्याशी रंजन कुमार को प्रथम वरीयता मत देने की अपील सभी सरकारी तथा संबद्ध माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय, इंटर एवं संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों के साथ अंगीभूत महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं विद्वान शिक्षकों से की और कहा कि एक सच्चे सेवक के रूप में रंजन कुमार आपकी समस्याओं को सदन में उठा आपकी हक के लिए आवाज बुलंद करते रहेंगे।

### पूर्व सांसद आर पी यादव जी की 14 वीं पुण्यतिथि मनी

उदाकिशुनगंज जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह के गंगौरा आवास पर पूर्व सांसद आर पी यादव जी की 14 वीं पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता सुमन कुमार सिंह ने की। मौके पर इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि आर पी साहब बहुत ही विद्वान सरल एवं नेक दिल इंसान थे एक बार



मुझ से हमारी मुलाकात आलमनगर राज परिवार के पूर्व मंत्री वीरेंद्र कुमार सिंह जी के पुण्यतिथि कार्यक्रम में हुई थी उस समय हम लोग के बड़े भाई पूर्व विधायक सिंघेश्वर मेहता जी ने हमसे पूछा आपकी गाड़ी में जगह है तो आदरणीय आर पी साहब ने कहा था सिंहेश्वर बाबू गाड़ी में जगह नहीं दिल में जगह होता है। उनसे हमलोगों का परिवारिक एवं घरेलू नाता रहा था ।इस मौके पर अंजाम कुमार सिंह ,श्याम सुंदर सिंह सुमन ,चितरंजन सिंह ,सुनील कुमार सिंह ,हीरा पासवान अधिवक्ता मनिंद्र कुमार सिन्हा, मुन्ना सिंह सहित गणमान्य उपस्थित थे।

## कलश यात्रा में शामिल हुए पूर्व राज्य मंत्री सह सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल

सिकटी विधानसभा क्षेत्र के कौआकोह में हो रहे अष्टयाम में निकली भव्य कलश यात्रा में बिहार सरकार के पूर्व राज्य मंत्री सह वर्तमान में सिकटी के लोकप्रिय भाजपा विधायक माननीय श्री विजय कुमार मंडल शामिल होकर



सभी भक्तों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर नरपतगंज की पूर्व विधायक श्रीमती देवंती यादव ,भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य नारायाण झा, विधायक प्रतिनिधि सिकटी मनोज कुमार मंडल ,अजय कुमार मंडल ,चंदन कुमार यादव ,पूर्व मुखिया राकेश कुमार विश्वास, मुखिया रमेश कुमार यादव ,दिव्य मूर्ति ,प्रदीप कुमार मंडल ,मुखिया महेंद्र यादव ,सरपंच गगनदेव झा, जगदीश प्रसाद साह ,दिनेश्वर मंडल, सतीश कुमार यादव ,राज कुमार साह सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण एवम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रेस कांफ्रेंस में राजद के मंत्री सुरेंद्र राम की फिसली जुबान कहा एमएलसी चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को जिताएं

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 29 मार्च 2023 : बिहार में एमएलसी 2023 का चुनाव नजदीक आ गया है। ऐसे में दोनों पक्ष महागठबंधन और एनडीए एक बार फिर से आमने सामने है। दोनों ही पार्टी एक दूसरे को धूल चटाने की कड़ी मशक्कत कर रहे है। इसी बीच सुरेंद्र राम द्वारा किए गए अपील सुर्खिया बन गई है। दरअसल आरा में मंगलवार को बिहार एमएलसी चुनाव 2023 के प्रचार के क्रम में राज्य सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम पहुंचे थे। जहां उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस किया था। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मंत्री जी की जुबान फिसल गई। उन्होंने महागठबंधन की बजाय एनडीए की जीत की अपील कर दी। महागठबंधन की तरफ से विधान परिषद के गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संजीव श्याम और गया स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से पुनीत कुमार चुनावी मैदान में हैं। इस दौरान महागठबंधन के नेता अपने उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित कराने के लिए खूब जोर लगा रहे हैं। इसी सिलसिले में मंगलवार को मंत्री सुरेंद्र राम और मंत्री जितेंद्र राय ने भोजपुर का दौरा किया था। जहां सुरेंद्र राम ने कहा कि एनडीए के अच्छे उम्मीदवार को जितायें। हालांकि, वक्त रहते मंत्री जी ने बात को संभालने की कोशिश की और तुरंत ही महागठबंधन प्रत्याशी को जिताने का अपील की। दरअसल, एक निजी रिसोर्ट में महागठबंधन के नेताओं की बैठक के बाद महागठबंधन के नेता प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान दोनों मंत्रियों के साथ जिले के जगदीशपुर विधायक राम विष्णु लोहिया, शाहपुर विधायक राहुल तिवारी और आरजेडी के जिला अध्यक्ष बीरबल यादव भी मौजूद थे। प्रेस कांफ्रेंस में मंत्री सुरेंद्र राम ने संजीव श्याम और पुनीत कुमार के लिए वोट की अपील कर रहे थे। इसी दौरान बोल पड़े कि इस बार एनडीए के प्रत्याशियों को जिताएं। सुरेंद्र राम की जुबान से जैसे ही एनडीए के लिए जीत का शब्द निकला, वैसे ही मंत्री जितेंद्र राय और अन्य विधायक उनका चेहरा देखने लगे। वहीं बिहार में एनडीए और महागठबंधन के बीच छिड़े पोस्टर वार में बीजेपी द्वारा बिहार का योगी सम्राट चौधरी को दशार्ने की बात का सवाल पूछा गया तो श्रम संसाधन मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 75% लोग योगी के बुलडोजर राज का विरोध कर रहे हैं और बिहार में तो लोग ऐसा राज बिल्कुल भी नहीं चाहते हैं। इसके साथ ही श्रम संसाधन मंत्री से उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के किए गए 10 लाख लोगों को नौकरी के वादे पर भी सवाल पूछा गया. इस पर गोल मोल जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि बीते वर्ष में लाखों लोगों को नौकरी दी गई है और आगे भी लाखों बेरोजगार लोगों को नौकरी देने की बात सरकार द्वारा की जा रही है।

## रास्ते से जाने के विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवारों में हुई मारपीट, इलाज कराने आए अस्पताल में भी किया हंगामा

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 29 मार्च 2023 : सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में उस समय अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया जब इलाज कराने आए दो पक्ष हंगामा करते हुए आपस में भिड़ गए। इस दौरान दोनों पक्ष एक दूसरे को जमकर मारते रहे। मारपीट में महिलाएं भी शामिल थी। जिसके बाद इमरजेंसी वार्ड में अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। इधर इलाज कराने आए मरीज के परिजन भी इसका विरोध करते हुए हंगामा किया।दरअसल, नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ले में रास्ते से जाने के विवाद को लेकर दो भाइयों के परिवारों में मारपीट हुई। मारपीट में तीन महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। आनन-फानन में एक पक्ष के परिजनों ने एक बुजुर्ग महिला को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल आया, जबकि दो महिलाओं का इलाज अपने स्तर से निजी अस्पताल में कराया गया। जख्मी महिला नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला निवासी रंजन यादव की 50 वर्षीय पत्नी हिरामुनी देवी और उनकी दो बहु भी शामिल है। वहीं दूसरे पक्ष की एक युवती को चोटे आई है। इधर, हिरामुनि देवी की बेटी छोटी देवी ने बताया की उनके गौसगंज मोहल्ले स्थित घर में चाचा और पापा के बीच बटवारा नहीं हुआ है। हमलोग घर के आगे की ओर रहते है जबकि उनके चाचा मोहन यादव पीछे की ओर रहते है। छोटी ने बताया की उनके चाचा मोहन यादव गाय रखकर दूध बेचने का काम करते। जब भी दूध लेने वाले ग्राहक आते है वो सब घर में घुसकर अंदर की ओर जाते है,जबकि पीछे जाने का दूसरा रास्ता भी है। लेकिन कोई भी उधर से नहीं जाता है। जब मेरे पापा ने कहा की अंदर से महिलाएं जा सकती है,मगर पुरुष बाहर से जाएं। इसी बात को लेकर रविवार की शाम को गालीझगलौज के बाद झगड़ा हुआ,लेकिन उस दिन मामला शांत हो गया। जिसके आज उनलोगों ने अपने कुछ रिश्तेदारों को बुलाकर मंगलवार की देर शाम मां और गर्भवती भाभी समेत तीन लोगों की पिटाई कर दी गई। उस समय घर में भाई और पापा सभी लोग अलगझअलग जगहों पर गए हुए थे। उक्त लोगों के द्वारा मां की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। जब हमलोग मां को लेकर इलाज के लिए आरा सदर लेकर आए तो उक्त लोग पीछा करते हुए अस्पताल पहुंच गए और मारपीट शुरू कर दी। इधर दूसरे पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया है की अपनी बेटी को इलाज कराने आए थे,तभी उक्त लोगों के परिवार गालीझगलौज करने लगे। इसी बीच दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू गई। जिसके बाद एक पक्ष मोहन यादव के घर के लोग इलाज कराने दूसरे जगह चले गए। वहीं हीरामिनी देवी का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। इस हंगामे के बाद दूसरे लोगों ने नगर थाना को सूचना दी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गए है ।

## गया शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद का चुनाव को लेकर समर्थको द्वारा लगातार बैठकें जारी।

**दैनिक समाज जागरण, सुनील कुमार मिश्र, ब्यूरो चीफ, मगध प्रमंडल**

मगध (बिहार)गया-2 गया शिक्षक एवं स्नातक विधान परिषद के चुनाव को लेकर अपने-अपने दल के उम्मीदवार के जीत हासिल करने के लिए लगातार मतदाताओं के साथ बैठकें कर रहे है।31 मार्च को चुनाव है। अब दो दिन ही समय बच रहा है।शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी संजीव श्याम सिंह, भाजपा के प्रत्याशी जीवन कुमार ,स्नातक विधान परिषद के भाजपा के प्रत्याशी अवधेश नारायण सिह एवं महागठबंधन के पुनीत कुमार सिंह एवं अन्य दलों से अभिराम सिह,डा डी एन सिन्हा सहित और कई प्रत्याशी है।दोनो का निर्वाचन क्षेत्र गया,जहानाबाद,अरवल, औरंगाबाद एवं रोहतास,भभूआ,बक्सर ,भोजपुर सहित आठ जिला है।और सभी जिले का मतदान केंद्र प्रखंड मुख्यालय होगी।और बैलेट पेपर से चुनाव कराया जायेगा।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 29 मार्च 2023 : दानापुर-पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलखंड पर आरा स्टेशन एवं जमीरा हाल्ट के बीच मंगलवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 55 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद आरा रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके बाद पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई। वहीं रेल पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत किसी चलती ट्रेन की चपेट में आने एवं गंभीर चोट लगने के कारण होना प्रतीत होता है।

## निगरानी जहां से फर्जी शिक्षकों में हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

पटना उच्च न्यायालय के निर्देश पर निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के द्वारा बहाल नियोजित शिक्षकों का शैक्षणिक प्रमाणपत्रों का जांच किया जा रहा है ।ज्ञात हो कि वर्ष 2003 से 2015 तक कार्यरत सभी नियोजित शिक्षकों का शैक्षणिक प्रमाणपत्रों का मांग किया गया है। ताकि सही तरीके से जांच किया जा सके। इसको लेकर कटोरिया प्रखंड संसाधन केंद्र में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है । प्रतिनियुक्त शिक्षक सभी से शैक्षणिक प्रमाण पत्र ले रहता की निगरानी को भेजा जा सके। 2003 से 2015 तक शिक्षकों से शैक्षणिक प्रमाण पत्र लिया जा रहा है। इसके बाद निगरानी अन्वेषण द्वारा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति मिलान कर जांच किया जाएगा। शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसारे अब तक कटोरिया प्रखंड में दर्जनों फर्जी शिक्षकों को जेल की हवा खानी पड़ी है ।कई ऐसे शिक्षक हैं जो अभी फर्जी होने के बाद भी शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। ऐसे शिक्षकों पर गाज गिरना तय माना जा रहा है । बता दें कि बड़ी मात्रा में दूसरे राज्य से आकर बिहार में अवैध तरीके से जाति आवासीय प्रमाण पत्र बनाकर शिक्षक नौकरी कर रहे वैसे शिक्षकों की भी निगरानी को तलाश है। वहीं फर्जी तरीके से दिव्यांग प्रमाण पत्र और कार्य शिक्षकों पर भी गाज गिर सकती है। वही 2 माह पूर्व कटोरिया प्रखंड के 3 शिक्षकों पर निगरानी द्वारा कटोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जिस पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा है। तीनों शिक्षक बौसी प्रखंड के के हैं

## 32 बोतल विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शराब तस्करों के गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने 32 बोतल विदेशी शराब के साथ भागलपुर के एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी देते हुए पंजवारा थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने बताया कि पंजवारा चेक पोस्ट पर बुधवार सुबह जांच के दौरान एक बाइक सवार युवक को शक के आधार पर रोका गया। उसके बाइक की जांच में उसमें बने



तहखाने से कुल 32 बोतल विदेशी शराब बरामद की गई है। गिरफ्तार युवक की पहचान भागलपुर जिला के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बैजानी गांव के अनिकेत पांडे के रूप में हुई।शराब तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त करते हुए गिरफ्तार युवक के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है एवं जेल भेजे जाने की तैयारी की जा रही है।

## पानी भरे गड्ढे में डूबने से बालक की मौत,घर में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 29 मार्च 2023 : भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव में मंगलवार की देर शाम पानी भरे गड्ढे में डूबने से एक बालक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। मृत बालक शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव वार्ड नंबर 4 निवासी धर्मेंद्र शर्मा का 2 वर्षीय पुत्र कार्तिक शर्मा था। मृत बालक के परिजन अभिषेक शर्मा ने बताया कि मंगलवार की देर शाम वह छोटे बच्चों के साथ गांव में स्थित पानी भरे गड्ढे के पास खेला था। जहां खेलने के दौरान वह अचानक उस पानी भरे गढ्ढे में गिरकर डूब गया। कुछ देर बीत जाने के बाद जब राहगीरों ने पानी भरे गड्ढे में बच्चे को गिरा देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी हमलोगों को दी। सूचना मिलने के बाद हम सभी घटनास्थल पर पहुंचे और उसे पानी भरे गड्ढे से बाहर निकाला। बताया जाता है कि मृत बालक अपने तीन भाई व एक बहन में छोटा था।

## जमीनी विवाद को लेकर किया मारपीट कर जख्मी

### *खिरिमोड थानाध्यक्ष से उठा विश्वास तो एएसपी से लगाया न्याय की गुहार*

पालीगंज/ खिरिमोड थाना क्षेत्र के खिरिमोड गांव के ही ग्रामीणों का विश्वास खिरिमोड पुलिस से उठ चुकी है। जिसके बाद ग्रामीण ने बुधवार को पालीगंज एएसपी को एक आवेदन सौंप न्याय के लिए गुहार लगाया है। वही बुधवार की शाम उसी जमीन को लेकर हुए मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार पिछले पांच माह पूर्व खिरिमोड गांव निवासी स्व. बाबूराम सिंह के पुत्र कौशल कुमार गैर मजरुआ जमीन पर घर निर्माण कर गली अवरुद्ध कर रहा था। जिसे देख ग्रामीणों ने 7 अक्टूबर 2022 को खिरिमोड थानाध्यक्ष को एक आवेदन सौंप जमीन की जांच करते हुए काम को रोकने का गुहार लगाया था। तब से घर का निर्माण कार्य रुकी हुई थी। लेकिन आज



बुधवार को कौशल कुमार के द्वारा घर का निर्माण कार्य उसी जमीन पर पुनः शुरू करवा दी गयी। जिसे देख गांव के ही एक ग्रामीण दशरथ कुमार ने पालिगंज एएसपी अवधेश दीक्षित को आवेदन सौंप यह बतलाया कि खिरिमोड थानाध्यक्ष व सीओ को आवेदन देने के बावजूद कोई कार्यवाई नही किया गया। वही ग्रामीण दशरथ कुमार ने कौशल कुमार द्वारा कराई जा रही घर निर्माण कार्य पर रोक लगवाने तथा जमीन की जांचोपरांत उचित न्याय दिलाने की मांग किया है।

वही बुधवार की शाम उसी जमीन को लेकर चल रहे विवाद के दौरान गांव के ही सिद्धेश्वर सिंह के पुत्र राजकुमार वर्मा को मारपीट कर घायल कर दिया। जिसका इलाज पालीगंज अनुमण्डल अस्पताल में कराया गया। वही पीड़ित राजकुमार ने खिरिमोड थाने पहुंचकर कौशल कुमार व उसकी पत्नी के खिलाफ मारपीट करने व गले से सोने की चेन छिनने की लिखित शिकायत किया है।

## ग्रुप लोन महिलाओं से बाइक सहित लाखों की ठगी

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

धोखाधड़ी कर महिला से फजीवाड़ा का एक मामला प्रकाश में आया है जो कटोरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत तरगच्छा गांव का बताया गया । घटना की जानकारी को लेकर पीड़ित महिला ने कटोरिया थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है ग्रुप की महिला ने बताया कि लोन खाते से 1 लाख 78 हजार रुपया फर्जी निकासी कर लिया । जिसमें उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड बांका ,आरबीएल बैंक बांका, भारत फाइनेंस इंस्ट्रूलेंड बैंक बांका के अलावे अन्य बैंकों से ग्रुप लोन लिया था।

ठगी की शिकारे पांच महिला बुधवार को कटोरिया थाना पहुंचकर आपबीती पुलिस को बताई। साथी रुपया लौट आने की भी गुहार लगाई। बता दें कि महिला ने अपना जीविकोपार्जन के लिए 3 साल पूर्व प्राइवेट फाइनेंस कंपनी बैंक से ग्रुप लोन लिया था। जिसमें लोन दिलाने वाले ग्रुप का सदस्य गांव के ही श्यामसुंदर राय पिता मिठू राय द्वारा सभी महिलाओं से फर्जी हस्ताक्षर



एवं अंगूठे का निशाने लगवाकर रुपया निकासी कर मालो माल हो रहा है।महिला जव रुपया की मांग करती है तो टालमटोल करते करते 3 साल विता दिया । महिला का पति मजदुरी करने प्रदेश में रहते है। ठगी का शिकार हुई महिलाओं ने थानेदार के सामने अपना आपबीती बात सुनाई। जिसमें बबीता देवी ने ग्रुप लोन पर एक हिरो कंपनी की एचएफ डीलक्स वाइक खरीदी थी । जो ग्रुप लोन दिलाने वाले गांव के श्यामसुंदर राय ने हेराफेरी कर बाइक को अपने कब्जे में कर लिया । बदले में बबीता देवी को लगभग 41980 रुपया का नोटिस फाइनेंस कंपनी द्वारा वबीता देवी को चुकती करने दिया गया है। वही चंपा देवी पति कैलाश राय 30,000 रूपाया ,रुपा देवी पति पंकज गोस्वामी 40,000 वीरमा देवी पति बलभद्र यादव 30000 का निकासी और 2000 नगदे मीना देवी पति दिनेश गोस्वामी 66000 का निकासी और 10000 नगद कुल 1 बाइक सहित नगद एक

## उगते सूर्य को अर्घ्य देकर चैती छठ का हुआ समापन

**दैनिक समाज जागरण**

आरा (बिहार) 29 मार्च 2023 : छठ पर्व हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है। जिसे नवरात्रि की तरह ही साल में दो बार मनाया जाता है। पंचांग के अनुसार, पहला छठ चैत्र माह में होता है और दूसरा कार्तिक महीने में मनाया जाता है। इस साल चैती छठ पूजा की शुरूआत 25 मार्च 2023 से हुई, जिसका समापन 28 मार्च को हुई। उदयगामी यानी उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुआ। वहीं मौलाबाग निवासी चिंटू कुमार सिन्हा ने लगातार चौथे वर्ष छठ किया है। चिंटू कार्तिक माह और चैती माह में होने वाले दोनों ही छठ पूजा करते है और लगातार अपनी मां के साथ छठ करते आ रहे है। चिंटू ने बताया कि वो अपनी मां को देखकर छठ पूजा करना चाहते थे और जब उनको लगा की अब छठ पूजा करना चाहिए। तो उन्होंने दोनों ही छठ पूजा करना शुरू कर दिया।



## वाहन जाँच टीम ने वसूला छह हजार रुपये का जुमार्ना

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

यातायात पुलिस बांका की टीम ने बुधवार को पंजवारा थाना क्षेत्र अंर्तगत मुख्य मार्गो पर सघन वाहन जाँच अभियान चलाया। इस दौरान पंजवारा गोड्डा मुख्य मार्ग पर लीला बाबा स्थान, विक्रमपुर मोड़ सहित अन्य स्थानों पर दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों की हेलमेट ,सीट बेल्ट ,ड्राइविंग लाइसेंस ,वाहन के कागजात की आदि की सघन जांच की गई ।इस दौरान यातायात के नियमों का उल्लंघन कर वाहन चलाने वाले छह वाहन चालकों से कुल छह हजार रुपये जुमार्ना वसूला।अभियान का नेतृत्व एएसआई मोहन प्रसाद सिंह ने किया।

## कैंडल मार्च निकाला आकाश राज को दिया श्रद्धांजलि

पालीगंज/ बुधवार की शाम खिरिमोड थाना क्षेत्र के काढ़ेकुढ़ा गांव में युवाओं ने कैंडल मार्च निकाल निरखपुर गांव में साजिश का शिकार हुए आकाश राज को श्रद्धांजलि दिया।

जानकारी के अनुसार आकाश राज खिरिमोड थाना क्षेत्र के निरखपुर गांव निवासी पेशे से पत्रकार वेद प्रकाश का 19 वर्षीय पुत्र था। जिसकी हत्या 15 मार्च को ही धोखे से गांव के ही कुछ असामाजिक लोगो ने मछली मारने के बहाने बुलाकर गांव के पास लोआई नदी में बिजली धारा प्रवाहित कर एक साजिश के तहत कर दिया था। तब से आसपास के ग्रामीण इलाके युवाओं के बीच शोक की लहर दौड़ रही है। जिसको तहत बुधवार की शाम खिरिमोड थाना क्षेत्र के काढ़ेकुढ़ा गांव में युवाओं ने कैंडल मार्च निकालकर आकाश राज को श्रद्धांजलि दिया



है। ज्ञात हो कि आकाश राज बहुत ही कम समय व आयु में आसपास के ग्रामीण इलाके के युवाओं के दिल मे अपनी जगह बनाई थी। जिसकी कमी उन युवाओं व उसके चहेते लोगो को काफी महसूस हो रही है।

मौके पर बिक्की कुमार, मनोरंजन कुमार, पप्पू कुमार, मुन्नू कुमार व सत्येंद्र सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## एमकेसीसी खगड़ा ने जीता बीपीएल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला।

**धौरैया दैनिक समाज जागरण**
**संजीव कुमार पाण्डेय**

धौरैया प्रखंड क्षेत्र के बटसार हाई स्कूल क्रिकेट मैदान में बुधवार को बिपिएल क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला आयोजित की गई । मैच में एमकेसीसी इलेवन खगड़ा की टीम ने सीएससी इलेवन बटसार को हराकर जीत लिया। विजेता उपविजेता टीम को पैक्स अध्यक्ष नागेश्वर कुमार ने शील्ड एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।फाइनल मैच में सीएससी बटसार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10ओवर में 148 रन का स्कोर खड़ा किया।जबाब में लक्ष्य का पीछा करते




हुए एमसीसी इलेवन खगड़ा की टीम ने 9 ओवर में मुकाबला जीत लिया.विजेता टीम के कप्तान पंचम कुमार एवं उपविजेता टीम के कप्तान रौशन कुमार को पैक्स अध्यक्ष नागेश्वर कुमार ने शील्ड एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार एमकेसीसी के अभिषेक कुमार को दीया गया । इस मौके पर टूनार्मेंट के आयोजक, रितेश वर्मा, बमबम कुमार, ललन कुमार, मिलन कुमार , अमित कुमार,अरविंद गुप्ता, अमृत राज,बासुकी भगत, एवं यूथ किक्रेट क्लब दुर्गा बाजार के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## मौसम विभाग की चेतावनी ,गुरुवार शुक्रवार को हो सकती है आंधी तूफान के साथ बारिश।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया**

भारत मौसम विभाग ने कटोरिया सहित पूरे प्रदेश में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आंधी तूफान के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। बारिश के दौरान किसान भाइयों को पेड़ के नीचे नहीं रहने की सलाह दी गई है। वहीं बारिश से होने वाले फसलों के नुकसान को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। खलिहान में तैयार फसल को ढक कर रखने की चेतावनी दी गई है। बता दें कि गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार को मूसलाधार बारिश को लेकर बुलेटिन जारी किया गया है। इसको लेकर कटोरिया आसपास के क्षेत्र में भारी बारिश होने की संभावना बनी हुई है।



प्रेस विज्ञप्ति

## अररिया पूर्व सैनिक के द्वारा वन रैंक वन पेंशन के विरोध


**दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास**

जो सरकार के द्वारा कमी की गई है आज फारबिसगंज ब्लॉक के अंतर्गत एक मीटिंग रखकर 3 तारीख को अररिया डीएम साहिबान को अपने पत्र के द्वारा लिखित ज्ञापन सौंपने का विचार विमर्श करते हुए भारत माता की जय कारा वंदे मातरम अररिया पूर्व सैनिक ने किया इस कार्यक्रम में उपस्थित नीरज कुमार खगेंद्र यादव प्रमोद चौधरी योग नारायण ठाकुर रंजीत दास दयानंद रजक विजय जयसवाल अररिया के अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित होकर आज इस कार्यक्रम को समाप्त किया जय हिंद वंदे मातरम

## अररिया जिले के पूर्व सैनिक के द्वारा वन रैंक वन पेंशन के विरोध और सरकार के द्वारा कमी की गई आज फारबिसगंज ब्लॉक के अंतर्गत किस मीटिंग रखा गया

**परवेज आलम रिपोर्टर दैनिक समाज जागरण**

अररिया जिला के पूर्व सैनिक के द्वारा वन रैंक वन पेंशन के विरोध जो सरकार के द्वारा कमी की गई है आज फारबिसगंज ब्लॉक के अंतर्गत एक मीटिंग रखा गया वहीं पूर्व सैनिक के खगेंद्र यादव ने बताया कि पेंशन तो मिल रहा है लेकिन वन रैंक वन पेंशन का जो केंद्र सरकार ने जो वादा किया था वह वादा सही रूप से नहीं दिया गया क्योंकि इसमें कुछ कमियां दिख रहा है जो दिल्ली में जंतर मंतर पर आज 28 दिन से धरना पर बैठे हमारे पूर्व सैनिक लगातार गुहार लगा रहे हैं लेकिन अभी



तक सरकार इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया है वहीं पूर्व सैनिक के द्वारा 3 तारीख को पूरे देश में सभी जिला पदाधिकारी को पत्र के द्वारा अपना सुझाव वन रैंक वन पेंशन का देने का प्रस्ताव भी रखा गया है और शिव नेतृत्व के द्वारा जो आदेश दिया जाएगा वह कार्रवाई के लिए पूर्व सैनिक सदैव तत्पर रहेंगे और दिल्ली भी अररिया से पूर्व सैनिक जाने का तैयारी कर रहे हैं जहां आज फोरबिसगंज ब्लॉक में लगभग सैकड़ों पूर्व सैनिक मीटिंग को सफल बनाया और उन्होंने भारत माता की जय हो नारा लगाते हुए नजर आ रहे हैं वहीं उन्होंने यह भी बताया कि अररिया जिला के डीएम साहिबा इनायत खान को ज्ञापन 3 तारीख को सौंपने का काम करेंगे वही इस मीटिंग में उपस्थित प्रमोद चौधरी योग नारायण ठाकुर रंजीत दास दयानंद रजक विजय जयसवाल लगभग अररिया जिला के सभी पूर्व सैनिक उपस्थित रहे

## रामनवमी शोभायात्रा को ले पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

### *फ्लैग मार्च के बाद आयोजकों के साथ की बैठक*

**जयनगर नित्यानंद झा राजू**
**दैनिक समाज जागरण**

रामनवमी के दिन शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान शांति और विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर मधुबनी पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने जयनगर शहर में फ्लैग मार्च किया. फ्लैग मार्च में सशस्त्र पुलिस, बिहार पुलिस, महिला एवं पुरुष पुलिस बल एवं सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भाग लिया. फ्लैग मार्च का नेतृत्व कर रहे एसपी सुशील कुमार ने बताया कि लोगों को विधि व्यवस्था के प्रति आश्वस्त कराने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया है.

फ्लैग मार्च के समापन के बाद मधुबनी पुलिस कप्तान ने रामनवमी शोभायात्रा यात्रा समिति बजरंग अखाड़ा सहित आयोजकों के साथ शहीद चौक जयनगर स्थित अनसूचित जाति कार्यालय स्थित बजरंग अखाड़ा एवं शोभायात्रा समिति के कार्यकताओं के साथ बैठक की. बैठक के दौरान उन्होंने डीजे साउंड पूर्ण प्रतिबंधित रहने की बात बताते हुए कहा कि डीजे साउंड बजाये जाने पर साउंड संचालक सहित आयोजकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी. एसपी सुशील कुमार ने



कहा कि साउंड बाक्स पर भी वैसे गीत बजाएं जिससे किसी दूसरे की धार्मिक भावना आहत नही होता हो. गीत एवं नारे का चयन पूर्व में कर लिया जाय. उन्होंने शोभायात्रा में हथियार एवं किसी प्रकार के अस्त्र शस्त्र लेकर चलने की मनाही की. जुलुस तय मार्ग पर संचालित करने के निर्देश दिए गए. पुलिस कप्तान ने कहा कि भारत नेपाल के अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर जयनगर शहर रहने के कारण पुलिस और आयोजकों को शोभायात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है. बजरंग अखाड़ा सह शोभायात्रा के संरक्षक एवं जयनगर नपं के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने पुलिस कप्तान को आश्वस्त कराया कि जयनगर की प्राचीन परंप जयनगर नपं के मुख्य पार्षद कैलाश पासवान ने पुलिस कप्तान को आश्वस्त कराया कि जयनगर की प्राचीन परंपरा सद्भाव की रही है. प्रशासन के निदेशों का पालन करते हुए तय मार्ग से ही शोभायात्रा निकाली जाएगी. पुलिस बलों की व्यापक तैनाती और मौजूदा फ्लैग मार्च के लिए उन्होंने पुलिस का आभार व्यक्त किया. बैठक में एसडीएम जयनगर बेबी कुमारी, एसडीपीओ विप्लव कुमार, ईओ इन्द्र कुमार मंडल, मुख्य पार्षद कैलाश पासवान, बजरंग अखाड़ा के अध्यक्ष अरविंद तिवारी, ऊधव कुंवर, वार्ड पार्षद हनुमान मोर, ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राउत, सुधीर गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे.

## आगजनी में बगीचा जलकर राख।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया।**

- कटोरिया थाना क्षेत्र के बड़वासनी पंचायत के घघरीजोर गांव में बुधवार को आग लगने से एक बगीचा जलकर राख हो गया।. इस आगजनी में 200 सागवान और 20 आम के पेड़े जले गए। बगीचा पंचायत के उपसरपंच मनोज यादव का बताया गया है। इस अग्निकांड में लगभग पांच लाख रुपए की संपत्ति का नुकसान होने का अनुमान है ।जानकारी के अनुसारे ग्रामीण ने बगीचे में आग को धधकता देख पीड़ित किसान जानकारी दी। जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई. ग्रामीणों के सहयोग एवं दमकल से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक बगीचे में लगे पौधा नष्ट हो चुका था। पीड़ित किसान ने बताया कि आग कैसे लगी उसकी जानकारी नहीं है. फिलहाल किसान ने अंचलाधिकारी कटोरिया से क्षतिपूर्ति की गुहार लगाई है।

## नवरात्र को लेकर मां के दरबार में उमड़ी भक्तों की हुजूम:चांदन

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह**

चान्दन/बांका,हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चांदन प्रखंड के चांन्दन चैती दुर्गा मंदिर में महा अष्टमी पर दिन भर रहा भक्तों का सैलाब। मां के दरबार में सुबह से ही भक्त माता के दर्शन के लिए फूल, माला, नारियल, चुनरी, लड्डू, केला आदि लेकर मां के दरबार में पहुंचकर पूजा अर्चना की। मां के भक्तों ने कई घरों में कलश स्थापन भी की कलश स्थापन के साथ-साथ लोग मंदिरों में भी पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इसको लेकर सभी देवी मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना करने के लिए दिनभर भीड़ लगी रही। नवरात्र अष्टमी पर क्षेत्र के विभिन्न गांव में स्थित देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान भक्तों ने बड़े ही हर्षोल्लास के साथ जय कारे लगते रहे। और तमाम लोगों ने हवन भी किया। घरों में भी कलश स्थापन के आठवें दिन दुर्गा सप्तशती का पाठ और पूजा जारी रहा नवरात्र के आठवें दिन बुधवार को अष्टमी होने के कारण देवी मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ अधिक रही। नवरात्र को लेकर प्रखंड क्षेत्र के मंदिरों और बाजारों में पुलिस भी सक्रिय रही। वहीं बजरंगी ध्वजारोहण को लेकर प्रखंड क्षेत्र के चांदन, भैरोगंज, लालपुर,सुइया आदि बाजारों में दिनभर भक्तों का जनसैलाब रहा। ज्ञात हो रामनवमी पर्व पर बजरंगी ध्वजा काफी भक्तजन अपने-अपने घरों में रामनवमी के दिन बड़े-बड़े बांस के खंभे में लगाकर पूजा अर्चना करते हैं। और एक साल के बाद उस ध्वजा को बदल कर नए बजरंगी ध्वजा लहराते हुए जय श्री राम का नारा लगाते हैं।

## 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**ब्रजेश राठौर पंजवारा/बांका**

शराब तस्करों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के किशन कोल मोड़ के पास से एक महिला को 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अनिल कुमार साव ने बताया कि बुधवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर थाना के एएसआई आशुतोष कुमार ने थाना क्षेत्र के किशनकोल के पास से एक महिला को एक प्लास्टिक के डब्बे में मौजूद 10 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला की पहचान थाना क्षेत्र के किशनकोल गांव निवासी महिला रिंकू देवी पति वकील राय के रूप में हुई है जिसके विरुद्ध द्वारा थाना में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में बांका भेज दिया गया।

## 50 लाख रुपए की सागौन लकड़ियां साथ एक गिरफ्तार

उत्तम सिंहः संवाददाताःदैनिक समाज जागरणःसिलीगुड़ी (दार्जिलिंग): बेलाकोबा रेंज व सिलीगुड़ी स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने संयुक्त अभियान चलाकर 50 लाख रुपया की सागौन की लकड़ी बरामद की है। इस घटना में एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह वन कर्मियों ने सिलीगुड़ी-जलपाईगुड़ी नेशनल हाईवे संलग्न जलपाईगुड़ी के रानी नगर इलाके में अभियान चलाकर एक कंटेनर को रोका गया। कंटेनर में तलाशी के दौरान 50 लाख रुपये की सागौन की लकड़ी बरामद हुआ। घटना में कंटेनर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार कंटेनर चालक का नाम अजीत है। वह हरियाणा का रहने वाला है।
वन विभाग के सूत्रों के अनुसार, बेलाकोबा रेंज व सिलीगुड़ी एसटीएफ के संयुक्त अभियान में 50 लाख रुपये मूल्य की सागौन की लकड़ी जब्त की गई है। लकड़ी को गुवाहाटी से कोलकाता ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार आरोपी को कल जलपाईगुड़ी जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

## सिलीगुड़ी में लोक निर्माण विभाग के क्वार्टर में लगी आग

उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
सिलीगुड़ी शहर के वार्ड नंबर-10 के अंतर्गत महात्मा गांधी मोड़ संलग्न लोक निर्माण विभाग के सुनसान पड़ी क्वार्टर में भीषण आग लग गई। बुधवार सुबह स्थानीय लोगों ने क्वार्टर में आग की लपटों को देखा। इसके बाद आनन - फानन में सिलीगुड़ी थाने की पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की दो इंजन मौके पर पहुंची। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में क्वार्टर में रखा लकड़ी का कई सामान जलकर राख हो गया। मालूम हो कि लंबे समय से लोक निर्माण विभाग के क्वार्टर सूना पड़ा है, रात के अंधेरे में कई असामाजिक लोगों की आवाजाही देखी जाती है। इसी क्वार्टर में आग लग गई थी।



## सिलीगुड़ी सड़क पर मिली गर्भवती महिला! स्थानीय लोगों ने पहुंचाया अस्पताल।

उत्तम सिंहः संवाददाताःदैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):
सिलीगुड़ी के वार्ड नंबर 38 के सुकांतनगर इलाके में एक गर्भवती महिला सड़क पर पड़ी मिली। जिसके बाद महिला को सड़क से उठाकर सिलीगुड़ी जिला अस्पताल में भेजा गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गर्भवती महिला कई दिनों से इलाके में घूम रही थी। जिसके बाद वार्ड पार्षद दुलाल दत्त के पहल से महिला को स्थानीय एक स्कूल के तरफ से खाना खिलाने की व्यवस्था कर दी गई थी। हालांकि जब भी महिला से घर का ठिकाना पूछा जाता वह नहीं बताती थी।



इधर, आज अचानक महिला के पेट में दर्द होने लगा और वह सड़क पर गिर गई। उसके बाद पार्षद की मदद से महिला को बरामद कर सिलीगुड़ी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल आने के बाद महिला ने अपना नाम मालती घोष और पति का नाम रतन घोष बताया। जबकि घर जलेश्वरी इलाके में बताया है। फिलहाल महिलाअस्पताल में इलाजरत है।

## सिलीगुड़ी में घर के अंदर गांजा की खेती, पुलिस ने किया नष्ट, गिरफ्तार एक

उत्तम सिंह: संवाददाता:दैनिक समाज जागरण: सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग):
मादक पदार्थ का कारोबार चलाने के लिये घर के अंदर ही गांजा की खेती कर गांजा तैयार किया जा रहा था। इधर, गुप्त सूत्रों के आधार पर इसकी खबर मिलते ही आज भक्ति नगर थाना की सादे पोशाक की पुलिस ने अभियान चलाते हुए इस गोरखधंधे का पर्दाफाश कर दिया। यह घटना सिलीगुड़ी के भक्ति नगर थाना अंतर्गत खोलाचंद फाफरी इलाके की है। इस मामले में एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम शंभू मंडल है।



बताया गया है कि पुलिस के आंखों में धूल झोकते हुए लम्बे समय से शंभू मंडल अपने घर को गांजा की फैक्ट्री के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। वहीं, घर के अंदर गांजा के पैकेट तैयार कर बाजार में इसकी बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने अपराधियों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।
अभियान के दौरान पुलिस ने घर से 3 किलो से अधिक गांजा बरामद किया। इसके साथ ही गांजा की खेती को भी नष्ट कर दिया है। फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## शाश्वत भारत रथ बुधवार को खोरीबाड़ी प्रखंड के बतासी शास्त्री जी हाई स्कूल पहुंचा।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण
खोरीबाड़ी : रामकृष्ण मिशन की 125वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वामीजी का संदेश को जिलों में पहुंचाने के लिये निकाली गई शाश्वत भारत रथ बुधवार को खोरीबाड़ी प्रखंड के बतासी शास्त्री जी हाई स्कूल पहुंचा। यह शाश्वत भारत रथ परिक्रमा जलपाईगुड़ी रामकृष्ण मिशन द्वारा शुरू की गई है। बतासी शास्त्री जी हाई स्कूल रथ पहुंचने पर वहां स्कूली छात्रों को स्वामीजी के विभिन्न संदेश को उजागर किया गया। यह रथ नक्सलबाड़ी से खोरीबाड़ी, घोषपुकुर, उत्तर दिनाजपुर होते हुए मालदा की परिक्रमा कर पुनः जलपाईगुड़ी पहुंचेगा। इस संबंध में श्री रामकृष्ण आश्रम के परितोष वर्धन ने कहा कि यह रथ स्वामीजी के विचारों और देशभक्ति के संदेश को फैलाने के लिए 5 जिलों में परिक्रमा करेगा। इस अवसर पर स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, जलपाईगुड़ी रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी दिव्य प्रेमानंद, स्वामी प्रभा नंद महाराज, परितोष वर्धन, वीरेन कर्मकार और उच्च विद्यालय के शिक्षक और शिक्षिकाएं, बतासी श्री रामकृष्ण आश्रम के संपादक अनंत मंडल सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।



## आरबीएसके की मदद से मुफ्त में हुआ जिले के दो बच्चे की गंभीर बीमारी का इलाज

*• पूरी प्रक्रिया में परिवार को नहीं हुआ कोई भी खर्च*

*-गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क इलाज मुहैया कराता है आरबीएसके*

राहुलः दैनिक समाज जागरण किशनगंज
बच्चे का जन्म पूरे परिवार के लिए खुशियों से भरा होता पर जन्म से ही अगर बच्चा किसी जानलेवा रोग से ग्रसित हो तो परिवार के लिए यह सबसे मुश्किल घड़ी हो जाती है. जिले के दिघल्बेंक प्रखंड के हरुआडांगा ग्राम की 18 माह की बच्ची पाखी एवं पोठिया प्रखंड के दामलबारी ग्राम का 16 माह का बच्चा गुलफान राजा न्यूरल ट्यूब रोग से ग्रसित मिला था. मामले की जानकारी मिलने पर सिविल सर्जन डॉ. कौशल किशोर ने जिला में कार्यरत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के डिस्ट्रिक्ट अर्ली इन्वेंशन सेंटर (डीईआईसी) द्वारा इसे पटना स्थित एम्स में भेजा व सफल ऑपरेशन करवाया गया. सिविल सर्जन डॉ किशोर ने बताया कि न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट दिमाग, स्पाइनल कॉर्ड और रीढ़ की हड्डी की जन्मजात विकृति है. यह तब दिखता है, जब दिमाग और रीढ़ की हड्डी में ऐसा विकार बन जाए कि यह पूर्ण रूप से बंद होने में विफल हो जाए। न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट गर्भावस्था के पहले 5 हफ्तों में ही हो जाता है। यह बहुत ही गंभीर जन्मजात रोग है.

**आरबीएसके द्वारा भेजा गया एम्स :**
पाखी के पिता संतोष कुमार यादव ने बताया कि आरबीएसके टीम द्वारा बच्ची की जांच के बाद विशेष आरबीएसके कार्ड बनाकर दिया गया. इसके बाद आरबीएसके की टीम द्वारा एम्बुलेंस से बच्चे को इलाज के लिए पटना भेजकर एम्स में भर्ती कराया गया. बच्ची का ऑपरेशन बहुत मुश्किल था लेकिन हमने भगवान पर विश्वास करते हुए डॉक्टरों को दोनों ऑपरेशन करने की सहमति जाहिर की. उसके बाद एम्स में डॉक्टरों द्वारा रीढ़ की हड्डी में स्थित न्यूरल ट्यूब का सफल ऑपरेशन किया गया. उसके बाद बच्ची की स्थिति सही होने के बाद डॉक्टरों द्वारा हमें घर भेजा गया. संतोष कुमार यादव ने बिना किसी खर्च अपने बच्चे के इलाज में सहायता प्रदान करने के लिए जिला आरबीएसके टीम ,जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला प्रशाशन को धन्यवाद दिया है.



**आरबीएसके के लिए लोगों को किया जागरूकः**
गुलफान राजा के पिता असलम ने कहा कि आरबीएसके के सहयोग से मेरे बच्चे का इलाज बहुत अच्छा से हुआ. इलाज में हमें घर से कोई खर्च नहीं करना पड़ा जो हमारे जैसे निम्नवर्गीय परिवार के लिए लाभदायक है. एम्स में इलाज के बाद जितने भी बच्चे इस तरह की बीमारी से ग्रसित दिखाई दिए उसे मैंने आरबीएसके से संपर्क करने की सलाह दी. इसका बहुत से लोगों ने लाभ भी उठाया. सरकार द्वारा यह एक बहुत बेहतर सुविधा है. जिसके बारे में सभी लोगों को जानकारी होनी चाहिए और लोगों को इसका लाभ उठाना चाहिए.

**गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों को निःशुल्क इलाज मुहैया कराता है आरबीएसके :**
राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) जिला समन्वयक डॉ ब्रहमदेव शर्मा ने कहा कि गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों के सफल इलाज के लिए आरबीएसके टीम कार्यरत है. ऐसे बच्चे जिसके दिल में छेद है, उनकी जांच के साथ ऑपरेशन का सभी खर्च सरकार द्वारा आरबीएसके के तहत मुहैया कराया जाता है. इसके अलावा जिन बच्चों के होंठ कटे हुए हैं, तालु में छेद (सुराग) है, जिसके पैर टेढ़ा है ऐसे बच्चों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा शत प्रतिशत इलाज मुहैया कराया जाता है. इसके लिए आरबीएसके द्वारा बच्चों को सरकारी खर्चे पर पटना भेजा जाता है. जांच व आवश्यकता अनुसार ऑपरेशन करवाया जाता है. इसके अलावा हृदय रोग से पीड़ित बच्चों को बेहतर इलाज के लिए अहमदाबाद भी भेजा जाता है जहां विशेष चिकित्सकों द्वारा बच्चे का निःशुल्क इलाज करवाया जाता.

## अष्टमी पर देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

राहुलः दैनिक समाज जागरण किशनगंज
चैती नवरात्रि की अष्टमी पर किशनगंज शहर के गुदरी बाजार स्थित बड़ी कोठी दुर्गा मंदिर, डुमरिया काली मंदिर, देवघाट खगड़ा दुर्गा मंदिर, शीतला मंदिर, मनोरंजन क्लब सहित शहर के विभिन्न देवी मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी. बुधवार को भक्तों ने नवदुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की आराधना की. नवरात्रि के पहले दिन और अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने घर व देवी मंदिरों पर हवन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की. नौ दिन तक व्रत रखने वाले भक्त नवमी के हवन-पूजन की तैयारियों में लगे रहे.



अष्टमी के दिन बुधवार को देवी मंदिरों पर भक्तों का हुजूम उमड़ा. जय माता दी के उद्घोष से दिन भर मंदिरों में घंटे-घड़ियाल बजते रहे. घरों व मंदिरों में अष्टमी के हवन की सुगंध महकी तो नवमी की तैयारियां पूरी की गईं. देवी मंदिरों पर देर शाम तक भक्तों की कतारें लगी रहीं. अष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं ने सौभाग्य, धन संपदा, सौंदर्य और स्त्री जनित गुणों की अधिष्ठात्री देवी महागौरी की आराधना की. शहर से सटे लोहरामऊ स्थित देवी मंदिर में नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर भक्तों की भारी भीड़ रही. शहर स्थित नयना माता मंदिर, प्राचीन काली मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों पर दिन भर घंटे-घडियाल गूंजते रहे. अष्टमी के दिन हवन-पूजन से वातावरण सुगंधित रहा.

## नल जल योजना फ्लॉप संवेदक द्वारा विभागीय अधिकारियों को सिर्फ कागजी प्रक्रिया पूर्ण कर सिमत रहे हैं।

### *नल जल योजना के रोड पर *बिछाए गए पाइप से कई महिलाएं व पुरुष हुए जख्मी*

**आक्रोशित लोगों ने रोड से पाइप हटाया**
वीरेंद्र चौहान, दैनिक समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज। नगर परिषद क्षेत्र स्थित डांगी बस्ती वार्ड संख्या 12 बिहार सरकार द्वारा नल जल योजना हर घर तक शुद्ध जल सुचारू करने की बात कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण हो रही है। लेकिन जमीनी स्तर पर देखने से योजना के नाम पर करोड़ों रुपए की आवंटन राशि की लागत से योजना फ्लॉप हो रही है। संवेदक द्वारा विभागीय अधिकारी योजनाओं को सिर्फ कागजी प्रक्रिया पर सिमट खानापूर्ति कर रहे हैं। परंतु अब नल जल योजना के बिछाए गई रोड के ऊपर पाइप से कई महिलाएं व पुरुष गिरकर जख्मी हो गए।



हरिजन परिवार शुद्ध जल पीने को नसीब नहीं। एक ही ट्यूबल से 125 परिवार पानी पीने को विवश हारी बस्ती वार्ड नंबर 12 किशनगंज।

वही वार्ड नंबर-12 डांगी बस्ती मोती लाल स्कूल के सामने नगर पालिका के सड़क पर विभाग एवं ठेकदार द्वारा जल नल का लोहा पाइप जो कि सड़क से करीब तीन फुट नीचे से होना चाहिये परंतु ढलाई सड़क से 2 इंच सड़क काट कर हर जगह लगाया गया है. जो हर रोज दुर्घटना को बुलावा दे रहा है। क्यो कि पाइप सड़क से 2 इंच ऊपर रहने के कारण हर रोज लोग ठोकर खा कर गिर कर जख्मी हो रहे है। बिते रात पाइप से ठोकर खाकर गिरने वाली पीड़ित महिला चायना देवी पति-विजय कुमार साहा, रोशन सरदार,मंजू साहा,डांगी बस्ती निवासी सहित राहगीर जख्मी पीड़ित लोगों ने अपनी आपबीती बताया कि शुद्ध जल नसीब नहीं हुआ लेकिन रोड के ऊपर में बिछाया गया पाइप से ठोकर लगने के कारण गिरकर जख्मी हो गए।



रोड के ऊपर बिछाया गया नल जल पाइप जिससे ठोकर लग जख्मी हो रहे लोग। डांगी बस्ती, वार्ड नंबर 12 किशनगंज।



शोभा की वस्तु बनी नल जल योजना, वार्ड पार्षद अपने घर में दिखाते वार्ड संख्या 12 ,डांगी बस्ती किशनगंज।

विभाग को फोन करने के बाद भी नल जल की सुधि लेने वाला कोई नहीं आया। आक्रोशित लोगों ने भाजपा नगर अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कुमार विशाल उर्फ डब्बा के द्वारा पाइप को हटाया गया।

वही वार्ड नं-12 हारी बस्ती के विष्णु दास, वीरेन दास, ठाकुर लाल दास, मीठू दास ,प्रतिमा देवी, लालू देवी, सुशीला देवी, मीठू दास, उत्तम दास, बंधु दास, डब्लू दास, कन्हैया दास, शिवा कुमार, सोनू कुमार, तारामणि देवी सहित सैकड़ों हरिजन परिवार पीड़ित वासियों कहे शुद्ध जल पीने को आज तक नसीब नहीं है। एक ट्यूबल से करीब लगभग 125 परिवार के बच्चे बड़े बूढ़े सभी इसी एक ट्यूबल पर निर्भर है।आज तक किसी विभाग द्वारा एक भी ट्यूबल नही लगाया गया है, जब भी ट्यूबल खराब होता हैं, तो वार्ड पार्षद के द्वारा ट्यूबल ठीक कर सुचारू किया जाता है।
वही वार्ड के भाजपा नगर अध्यक्ष सह वार्ड पार्षद प्रतिनिधि कुमार विशाल उर्फ डब्बा कहे कि जब वार्ड पार्षद गायत्री साहा के घर मे आज तक नल जल की टूटी नही लगा तो पब्लिक के घर में क्या लगेगा। ये हाल लगभग नगर परिषद के करीब 34 सो वार्ड है। जहाँ पाइप लगा है। वहाँ पानी नही आता है. और अगर कभी पानी चालू होता है। सड़क में चारो तरफ पानी ही पानी जल जमाव हो जाता है तो पब्लिक के शिकायत पर पानी बंद कर दिया जाता हैं। एवं कहे मैं जिला प्रशासन से शिकायत करूंगा की ठेकदार को रुपया भुकतान किस स्थिति में किया गया है। जो ये भ्रष्टाचारी है। पूरे 34 वार्ड में इस योजना का जांच कर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।
वही बुडको के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार से संपर्क करें पर कहे मैं अभी बाहर हूं। ठीक करवाने का आश्वासन दिया।

## पति-पत्नी के गर्भ के सौदागर के खुलासा होने के बाद , नवजात की मां की तलाश शुरू

उत्तम सिंह :संवाददाता :दैनिक समाज जागरण :सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
बाल तस्करी रैकेट का बड़ा खुलासा होने के बाद पुलिस बच्ची की मां ममता देवी को पकड़ने का प्रयास कर रही है। मामले में अब तक छह को गिरफ्तार किया जा चुका है। जाहिर है जब प्रभा देवी नवजात को पटना से सिलीगुड़ी लेकर आई तो पुलिस ने उसकी तलाशी ली. इस दौरान उनसे अस्पताल के बिल व पटना की एक पर्ची बरामद की। पर्ची में बच्ची की मां के रूप में ममता देवी का नाम अंकित था। इसके आधार पर पुलिस ने ममता देवी की तलाश शुरू की। इसके साथ ही पुलिस देव अस्पताल के प्रबंधन से भी संपर्क कर रही है।



प्रारंभिक जांच में पुलिस ने खुलासा किया कि ममता देवी की दो बेटियां हैं। लेकिन कुछ समय पहले उनका अपने पति से तलाक हो गया और उनकी दोनों बेटियां अपने पति के साथ रहती हैं। बताया गया है कि नवजात शिशु का उसके जन्म से पहले ही 8 लाख रुपए में सौदा तय हो गया था, जिसके लिए ममता को 3 लाख रुपए दिए गए थे। जबकि बाकी के 5 लाख रुपए गिरोह में शामिल लोगों में बांट दिए।
इस बीच कोर्ट ने पटना से गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 7 दिन के पुलिस रिमांड पर रखने का निर्देश दिया है. पुलिस अब सभी आरोपियों से एक साथ पूछताछ करेगी, जिससे इस रैकेट के बारे में और खुलासा होने की उम्मीद है।

## धार्मिक अनुष्ठान : रामनवमी पर निकली गई कलश सह शोभा यात्रा

राकेश, दैनिक समाज जागरण संवाददाता
गलगलिया(किशनगंज) । आज गुरुवार को पूरे देशभर में रामनवमी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा । राम नवमी का पर्व भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि को मनाया जाता है । मद्देनजर गलगलिया के राम जानकी मंदिर में भी रामनवमी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है । देर रात तक मंदिर में सजा-सज्जा एवं सफाई का काम चलता रहा । सुबह ही से मंदिर में भक्तों की भीड़ जमा होने लगी थी । भक्तों द्वारा मंदिर में पूजा अर्चना की गई । राम जानकी मंदिर कमिटी गलगलिया द्वारा इस अवसर पर आज एक शोभा सह कलश यात्रा निकाली गई । इस कलश यात्रा में काफी संख्या में भक्तों ने भाग लिया । उनके द्वारा लगाए जाने वाले जय- जयकारों से पूरा इलाका राममय हो गया । कलश यात्रा में काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर उन्होंने इंडो नेपाल सीमा पर प्रवाहित मेची नदी से वैदिक ममत्रों उच्चारण के बाद जल उठाया एवं पुनः मंदिर प्रांगण आकर कलश यात्रा सम्पन्न हुई । इस दौरान प्रशासन के रूप में गलगलिया थाना पुलिस अपने बल के साथ पूरी शोभा यात्रा में बनी रही ताकि कोई अनहोनी घटना ना हो । वहीं मंदिर कमिटी द्वारा मंदिर प्रांगण में रामायण पाठ, अष्टयाम, लीला एवं भजन संध्या जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया है । कार्यक्रम को सफल बनाने में मंदिर कमिटी के सदस्यों के रूप में पूर्व मुखिया गणेश प्रसाद राय, मुखिया प्रतिनिधि ब्रिज मोहन सिंह, पसप मनोज गिरी, रामनिवास राय, महावीर राय, मनोज मंडल, रामु ठाकुर, राकेश राय, अमर राय, शम्भू प्रसाद, अनिल राय, जय झा, बुधन पासवान, सुभाष यादव, टिंकू झा, संतोष मंडल, विनय झा, राजेश साह, मुन्नी देवी, कविता झा के अलावे अन्य लोगों का भूमिका अहम रही ।



## रामनवमी : कर्तव्यपालन का सख्त संदेश देने के लिए पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

दैनिक समाज जागरण संवाददाता
गलगलिया(किशनगंज) । रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न करने हेतु प्रशासन पूरी तरह से चौकस है । इसके लिए सभी थानों में शांति समिति की बैठक कर पूर्व में ही शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में इस पर्व को मनाने हेतु प्रशासन द्वारा अपील की गई है ।
पुनः बुधवार को गलगलिया थाना अध्यक्ष खुशबू कुमारी नेतृत्व में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर गलगलिया थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला गया । फ्लैग मार्च गलगलिया थाना से निकलते हुए एनएच 327ई होते हुए बेसरवाटी चुरली हाट, बदल चौक, पथरिया, कुकुरबाधी के विभिन्न चौक चौराहे पर निकाला गया । इसके अलावे गलगलिया बस स्टैंड, गलगलिया बाजार, सहनीटोला, घोषपाड़ा, रेलवे गेट, भातगांव आदि इलाको में निकाल कर कर्तव्य पालन का संदेश लोगों को दिया गया ।
गलगलिया थाना अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने थाना क्षेत्र के लोगों से आपसी भाई -चारा को ध्यान में रखकर सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपीले की । उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक पोस्ट करने से बचे, साथ ही किसी तरह के अफवाह पर ध्यान न देने की बात कही । थाना क्षेत्र में पर्व के दौरान चौक-चौराहों पर पुलिस बल की भी तैनाती की जाएगी साथ ही पुलिस लगातार पेट्रोलिंग भी करेगी । किसी भी तरह की गड़बड़ी व अफवाह फैलाने वाले के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।
फ्लैग मार्च में नीतीश कुमार , मन्नू कुमारी, सुदर्शन सिंह ,सहनवाज खान, प्रभात राय, बिहार पुलिस के जवान में रंजित सिंह, गिरीश कुमार ,रवीश कुमार, पप्पू कुमार, राजेश कुमारे के अलावा पुलिस बल के जवान शामिल हुए ।



## दीदी के सुरक्षा कवच कार्यक्रम के तहत सभाधिपति अरुण घोष दीदी का दूत बनकर मनीराम इलाके में पहुंचे।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण
नक्सलबाड़ी : दीदी के सुरक्षा कवच कार्यक्रम के तहत सिलीगुड़ी महकमा परिषद सभाधिपति अरुण घोष दीदी का दूत बनकर नक्सलबाड़ी के मनीराम इलाके में पहुंचे। इस दौरान वह सबसे पहले मीरजांगला इलाके का दौरा किया और ग्रामीणों की शिकायत को सूना। इस दौरान ग्रामीणों ने सभाधिपति से जय जोहार परियोजना नहीं मिलने की शिकायत की। इसके बाद सभाधिपति जाबरा क्षेत्र में जीटीए विश्वकर्मा बोर्ड के आवास पर पहुंचे। जहां भी उन्होंने आम लोगों के शिकायत को सूना । शिकायत सुनने के बाद सभाधिपति ने जीटीए सभाषद से फोन पर बात किया। इसके बाद सभाधिपति बेलगाछी हिंदी हाई स्कूल पहुंचे। उन्होंने उस क्षेत्र के स्थानीय लोगों से बात कर स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। सभाधिपति ने मीरजांगला स्थित चर्च में प्रार्थना की और बाद में संतोषी माता मंदिर में पूजा अर्चना भी किया। वहीं सभाधिपति अरुण घोष ने कहा कि आम लोगों की समस्याएं सुन रहा हूं। जिससे पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया जाएगा। वहीं, इन सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इस दौरान सभाधिपति अरुण घोष के साथ अन्य लोग मौजूद थे।



## सिलीगुड़ी में यूपी के एक इंजीनियर का चोरी होनेका सामान, 24 घंटे के अंदर बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

उत्तम सिंह :संवाददाताः दैनिक समाज जागरण:सिलीगुड़ी (दार्जिलिंग)
सिलीगुड़ी मेट्रोपोलिटन पुलिस की भक्तिनगर थाना की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर चोरी हुई लैपटॉप को बरामद कर लिया है। इस मामले में एक टोटो चालक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम बाबुल हुसैन है। वह मूल रूप से चोपड़ा का निवासी है। जानकारी के अनुसार यूपी के एक इंजीनियर रामप्रकाश कुशवाहा सरकारी संस्था के अंतर्गत एक कंपनी में बिजली संबधी काम के सिलसिले में सिलीगुड़ी आए थे। इस दौरान गत 27 मार्च को वो एक टोटो में बैठ कर सेवक रोड स्थित एक शॉपिंग मॉल पहुंचे। इस दौरान टोटो में अपना बैग रख कर वो कुछ समान खरीदने के लिए एक दुकान में गये। जब वो वापस आए तब उन्होंने देखा कि टोटो वाला नहीं है। जिसके बाद वो वापस यूपी लौट गये। इधर, बीते कल उन्होंने भक्तिनगर थाना के ऑनलाइन वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करवायी। शिकायत के आधार पर जांच में जुटी पुलिस ने सेवक रोड स्थित मॉल के सामने लगे सीसीटीवी फुटेज से टोटो चालक की पहचान की। इसके बाद बीती रात भक्तिनगर थाना की पुलिस ने आरोपी टोटो चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी टोटो चालक के पास से चोरी की लैपटॉप और बैग भी बरामद कर लिया है। वहीं, आज आरोपी को जलपाईगुड़ी अदालत में पेश किया गया है।



## रामनवमी त्यौहार को लेकर नवयुवक संघ भैरोगंज के युवाओं ने निकाली बाइक शोभा यात्रा

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह

बांका/चांदनः चांदन प्रखण्ड के आनंदपुर ओपी भैरोगंज के नवयुवक संघ की ओर से हर साल की भांति इस वर्ष भी रामनवमी त्योहार को लेकर अष्टमी तिथि के दिन बुधवार 29 मार्च को मोटरसाइकिल जुलूस निकाला। बाईक जुलुस आनंदपुर ओपी थाना मोड़ से शुरू हुआ जो लालपुर, मथुरा मोड़ होते हुए जियन डीह,केन्दुआर,हीरारायडीह, मोहन डीह,चांदवारी के रास्ते सियाटांड (टेलवा बाजार मोड़) कुरुमटांड, सतभैया कुसुम जोरी, सिमरा मोड़, नोनिया,भैरोपुर से प्लस टू प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय भैरोगंज के खेल मैदान में संपन्न किया, तत्पश्चात सभी हनुमान भक्त का जत्था थाना मोड़ पहुंचकर पुरोहित बमबम पांडेय द्वारा धन्यवाद एवं शुभकामनाएं देकर बाइक जूलुस समाप्त किया। मोटरसाइकिल जुलूस में शामिल रामभक्तो ने एक ही नारा, एक ही नाम, जय श्रीराम जय श्रीराम, जय हनुमान आदि के नारे लगा रहे थे। डीजे की धुन पर बज रहे भक्तिगीत से पूरा आनंदपुर ओपी क्षेत्र भक्ति वातावरण से गुंजयमान हो गया। इस मौके पर शांतिपूर्ण तरीके से बाइक जूलुस को नियंत्रण के लिए आनंदपुर ओपी पुलिस मुस्तैद दिखे, बाइक जुलूस में आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार खुद मोर्चा संभाले हुए थे, साथ ही बाइक जुलूस में आनंदपुर ओ पी थाना के एएसआई श्याम जी रजक व पुलिस बल का भरपूर सहयोग रहा। बाइक जुलूस 3 घंटे तक चली। तत्पश्चात बाइक जुलूस समापन के बाद समिति द्वारा खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से इस कार्यक्रम का संचालनकर्ता अमित कुमार यादव, छोटेलाल भगत, सुभाष बरनवाल,अमरेश कुमार यादव, बमबम पांडेय, अनुज कौशल पांडेय, डॉक्टर प्रह्लाद शर्मा, रोहित कुमार, महावीर कश्यप पौदार, सुनील बरनवाल, सुरेंद्र यादव, शंभू नाथ, हेमराज यादव विनोद गुप्ता, नीतीश कुमार, दशरथ यादव, मनोज यादव, सुजीत रमानी, कैलाश यादव, रोशन कुमार, रोहित भगत, सैकड़ो की संख्या में रामभक्त शामिल थे।

## विधाननगर थाना पुलिस अभियान चलाकर अवैध रूप से ट्रकों में ले जा रहे काफी संख्या में भैंसों को किया जब्त।

रंजीत कुमार पोद्दार : संवाददाता : समाज जागरण
फांसीदेव : बुधवार सुबह गुप्त सूचना के आधार पर विधाननगर थाना पुलिस अभियान चलाकर अवैध रूप से ट्रकों में ले जा रहे काफी संख्या में भैंसों को जब्त किया है। इसके साथ तीन लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों जारुल व नजरुल बिहार तथा अबू तालिब उत्तर प्रदेश का बताया गया। मिली जानकारी अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर विधाननगर पुलिस ने मुरलीगंज चेक पोस्ट पर एक कंटेनर तथा पश्चिम मदाति टोलगेट के पास दो ट्रकों को रोककर तलाशी लिया। तलाशी के दौरान उक्त वाहनों से काफी संख्या में भैंसों को बरामद किया गया। आवश्यक कागजात नहीं दिखाए जाने पर बरामद भैंसों को जब्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार जब्त की गई भैंसों को उत्तर दिनाजपुर जिले के पांजीपारा से असम तस्करी की योजना थी। आवश्यक कार्यवाई पश्चात गिरफ्तार तीनों को बुधवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया गया।

# पीआईएस के आवासीय खेल विंग के लिए परीक्षण 3 अप्रैल से

*• 11 जगहों पर होंगे ट्रायल, चयनित खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल 24 से 26 अप्रैल तक*

*• इस बार 450 सीटें बढ़ाने से 18 खेल प्रकोष्ठों के लिए 1700 खिलाड़ियों का होगा चयन*

*• चयनित खिलाड़ियों को मिलेगी निःशुल्क कोचिंग, आवास, आहार, चिकित्सा एवं बीमा की सुविधाः खेल मंत्री।*

**सीपी एच हैड के आर अरुण**
**अखिलेश बंसल/प्रमोद कांसल, बरनाला**

चंडीगढ़ -समाज जागरण डेस्क,-पंजाब इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्टस की आवासीय खेल प्रकोष्ठों से संबिंधत खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल 3 अप्रैल से शुरू हो रहे हैं जो 25 अप्रैल तक चलेंगे। इस बार ट्रायल्स का दायरा बढ़ाया गया है जिससे विभिन्न खेलों के ट्रायल 11 स्थानों पर होंगे। फाइनल ट्रायल 24 अप्रैल से शुरू होकर 26 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें चयनित खिलाड़ी ही प्रवेश कर सकेंगे। यह जानकारी प्रदेश के खेल मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेहर ने प्रेसविज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

खेलमंत्री मीत हेहर ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पंजाब को फिर से खेलों में अग्रणी बनाने का प्रयास है। आप सरकार के शासनकाल में गत वर्ष पहली बार हुए खेलों में काफी उत्साह देखने को मिला। जिसमें लगभग 3 लाख खिलाड़ियों ने भाग लिया था। यह नतीजे देखने के बाद ही राज्य सरकार ने नए सत्र के लिए सभी खेल विंग के ट्रायल का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया है।

चयनित खिलाड़ियों को मिलेंगी ढेर सुविधाएं-

इस बार 450 सीटें बढ़ाई गई हैं। जिससे 18 खेलों में 1700 सीटों के लिए ट्रायल होंगे। इन 18 खेलों में (एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जिम्नास्टिक, जूडो, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन, कुश्ती, हैंडबॉल, तीरंदाजी, साइकिलिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, तलवारबाजी, निशानेबाजी और रोइंग) को शामिल किया गया हैं। विभिन्न खेलों में छह वर्ग (अंडर 10, अंडर 12, अंडर 14, अंडर 17, अंडर 19 और अंडर 21) का ट्रायल पहले जिलावार बनाए गए जोन में होगा। चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क कोचिंग, आवास, आहार, चिकित्सा एवं बीमा की सुविधा मिलेगी। इसके बाद जिलों से चयनित खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल एक स्थान पर आयोजित होगा। नतीजा यह होगा कि बेहतरीन खिलाड़ी सामने आ सकेंगे। जिस जिले में ट्रायल होंगे वहां संबंधित जिला खेल पदाधिकारी को प्रभारी नियुक्त किया गया है।



इन शर्तों को करना होगा पूरा-

ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी ट्रायल वाले दिन सुबह 8:30 बजे रिपोर्ट करेंगे। खिलाड़ी पंजाब राज्य का निवासी होना चाहिए और उसने पिछले तीन वर्षों में जिला/राज्य/राष्ट्रीय स्तर के टूनार्मेंट में पदक लिया हो। जिनके माता-पिता यूटी (चंडीगढ़) में पंजाब राज्य के सरकारी संस्थानों में तैनात हैं उनके बच्चे भी ट्रायल में भाग ले सकेंगे। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को टीए/डीए नहीं दिया जाएगा। भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपने साथ आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं 2 पासपोर्ट साइज फोटो लाना होगा। ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों की संख्या बढ़ने के बाद संबंधित स्थान पर ट्रायल की तिथि एक दिन बढ़ाई जा सकती है। खिलाड़ियों की सुविधा और विस्तृत जानकारी के लिए खेल विभाग द्वारा वेबसाइट www.pispunjab.org उपलब्ध कराई गई है।

कहां, कब, किस खेल के होंगे जिलावार ट्रायल-

• अमृतसर जिले में विभिन्न खेलों के ट्रायल 3 और 4 अप्रैल को होंगे, जिसमें अमृतसर, गुरदासपुर, पठानकोट और तरनतारन के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जबकि सभी जिलों के रोइंग ट्रायल रूपनगर में 3 और 4 अप्रैल को होंगे।
• जालंधर जिले में जालंधर, कपूरथला और होशियारपुर जिलों के ट्रायल 6 और 7 अप्रैल को होंगे।
• लुधियाना जिले में लुधियाना, मोगा, मलेरकोटला और नवांशहर जिलों के ट्रायल 9 और 10 अप्रैल को होंगे।
• पटियाला जिले में पटियाला, फतेहगढ़ साहिब और संगरूर जिले के ट्रायल 12 से 13 अप्रैल को होंगे।
• बठिंडा जिले में बठिंडा, बरनाला और मानसा जिले के ट्रायल 15 और 16 अप्रैल को होंगे।
• फरीदकोट जिले में फरीदकोट, मुक्तसर साहिब, फाजिल्का और फिरोजपुर जिले के ट्रायल 18 और 19 अप्रैल को होंगे।
• श्री मुक्तसर साहिब जिले में श्री मुक्तसर साहिब, फाजिल्का, फिरोजपुर और फरीदकोट के ट्रायल 20 अप्रैल को होंगे।
• एस.ए.एस. नगर में एस.ए.एस नगर और रूपनगर जिलों के ट्रायल 21 व 22 अप्रैल को होंगें।
• सभी जिलों के टेबल टेनिस ट्रायल बरनाला में और सभी जिलों के फुटबॉल ट्रायल माहिलपुर (होशियारपुर) में 24 और 25 अप्रैल को होंगे।

विभिन्न जिलों से चुने गए खिलाड़ियों के फाइनल ट्रायल का समय स्थान-

• बास्केटबॉल खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल लुधियाना में 24 व 25 अप्रैल को होगा।
• जूडो, बॉक्सिंग, कुश्ती, वॉलीबॉल खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल मोहाली में 24 अप्रैल को होगा।
• तैराकी, हैंडबॉल, भारोत्तोलन खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल 24 और 25 अप्रैल को मोहाली में होगा।
• हॉकी खिलाड़ियों (लड़कों) और एथलेटिक्स खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल 24 व 25 अप्रैल को जालंधर में होगा।
• टेबल टेनिस फाइनल ट्रायल 26 अप्रैल 2023 को बरनाला में होगा।
• फुटबॉल खिलाड़ियों का फाइनल ट्रायल माहिलपुर फुटबॉल अकादमी (होशियारपुर) में 26 अप्रैल 2023 को होगा।

# रामनवमी शुभ अवसर पर इस बार कुंभ राशि में 30 साल बाद शनि होंगे गुरु 12 साल बाद अपनी स्वराशि मीन में रहेंगे जहां बुधादित्य योग होगा

**कृष्ण राज अरुण**
**-दैनिक समाज जागरण-**
**ज्योतिष मंथन -**

रामनवमी के शुभ अवसर पर इस बार कुंभ राशि में 30 साल बाद शनि होंगे गुरु 12 साल बाद अपनी स्वराशि मीन में रहेंगे जहां बुधादित्य योग होगा। इसके साथ ही हंस नामक शुभ योग भी रामनवमी पर बना हुआ है। इनके अलावा धन योग और गजकेसरी योग, शश योग नाम कई बेहद शुभ योग भी इस रामनवमी पर उपस्थित होंगे।

इनके सबके अलावा इस दिन रवि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, गुरु पुष्य योग और अमृत सिद्धि योग बने हैं। ऐसे में पांच राशि के जातकों पर भगवान राम की विशेष कृपा रहेगी। इन राशियों को शुभ लाभ होगा।मिथुन राशि के लोगों के लिए रामनवमी का दिन विशेष रूप से लाभदायी हो गया है। इस दिन चंद्रमा और मंगल मिथुन राशि में बैठकर धन योग बना रहे हैं। ऐसे में भगवान राम की कृपा से आज इस राशि के जातकों को शुभ समाचार मिलेगा। शादीशुदा लोगों का दांपत्य जीवन भी काफी अच्छा रहेगा। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं उनके लाभ के योग बनेंगे। व्यापारी वर्ग के




लोगों को भी लाभ प्राप्त के योग हैं।

कर्क राशि के स्वामी चंद्रमा मंगल के साथ बैठकर धन योग बना रहे हैं। गुरु की चंद्रमा पर दृष्टि होने से गजकेसरी योग बन रहा है। कर्क राशि पर नवम दृष्टि पड़ रही है। इन सभी शुभ स्थितियों के कारण कर्क राशि के लोगों के लिए रामनवमी बेहद शुभ फलदायी रहेगी। तुला राशि के स्वामी शुक्र राहु के साथ मेष राशि में हैं। ऐसे में शुक्र की सीधी दृष्टि तुला राशि पर रहेगी जो तुला राशि के लिए शुभ फलदायी है।

रामनवमी पर बना यह संयोग तुला राशि के लोगों को भोग और मोक्ष प्रदान करने वाला उत्तम योग बना रहा है। इस राशि के जातकों का मन धर्म-कर्म और भक्ति में लगेगा। अपनी अंतर्दृष्टि और आत्मिक शक्ति का विकास होगा। भगवान राम की कृपा से इस राशि के जातकों को मानसिक सुख शांति और जीवन में चल रही उलझनों से मुक्ति मिलेगी। पारिवारिक जीवन में जीवनसाथी से सहयोग और स्नेह की प्राप्ति होगी।

कुंभ राशि में इस रामनवमी पर तीस साल बाद शश नामक योग बना है। राशि स्वामी शनि कुंभ राशि में विराजमान है। कुंभ राशि से पंचम भाव में रामनवमी पर धन योग बन रहा है। ऐसे में कुंभ राशि के जातको का मन धर्म कर्म अध्यात्म के प्रति आकर्षित होगा। आध्यात्मिक चिंतन और भक्ति में इनकी रुचि गहरी होगी।

रामनवमी पर बने संयोग से मीन राशि के जातकों को खूब प्रतिष्ठा हासिल होगी। इस शुभ योग से समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। साथ ही आपके सभी रुके हुए कार्य पूरे होंगे। नौकरीपेशा वर्ग के लोगों को भी शुभ समाचार मिलने के योग हैं। आज का दिन आपके लिए पद प्रतिष्ठा में बढ़ोतरी के संकेत देगा।

राम नवमी सभी राशियों को किसी न किसी रूप लाभ देते मगर वाणी संयम परमार्थ भाव से कर्म करने वाले हनुमान जी और श्री राम दृष्टि में सफलता लेते हैं। यह ज्योतिष विद्वानो के मत से संग्रह किया विश्लेषण है।

# चंडीगढ़ में हिमाचल एवम पंजाब मुख्यमंत्रियों की शिष्टाचार भेंट




**समाज जागरण**

**चंडीगढ़-**

**मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू को चंडीगढ़ में श्री हरमिंदर साहिब की प्रतिकृति भेंट करते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान।**

# दिल्ली एनसीआर में तेजी से बढ़ता जा रहा कोरोना- जागरूकता सतर्कता जरूरी

**- के आर अरुण -दिल्ली एनसीआर डेस्क -**

नई दिल्ली -दैनिक समाज जागरण -दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान कोरोनावायरस के 2160 टेस्ट हुए. वहीं कोरोना के 300 नए मामले सामने आए हैं. दिल्ली में कोरोना के मामले बढ़ते जा रहे हैं. दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना के 300 नए मामले सामने आए हैं.

वहीं कोरोना संक्रमण दर 14 फीसदी के करीब पहुंच गई है. इसके अलावा दो मरीजों की मौत भी हुई है. दिल्ली स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों के दौरान कोरोना के 2160 टेस्ट हुए, इसमें से 300 पॉजिटिव केस मिले. इसी के साथ दिल्ली में कोरोना संक्रमण दर 13.89 प्रतिशत हो गई.नए मामले सामने आने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 2009361 हो गई है. इसके अलावा दिल्ली में कोरोना से मरने वालों की संख्या 26526 पहुंच गई है.

वहीं दिल्ली में एक्टिव केस की संख्या 806 हो गई है. फिलहाल दिल्ली में कोरोना मृत्यु दर 1.32 प्रतिशत है. स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दिल्ली के कोरोना समर्पित अस्पतालों में 7,986 बेड में से 54 पर मरीज भर्ती हैं, जबकि 452 मरीज होम आइसोलेशन में हैं. गौरतलब है कि देश में एच3एन2 इन्फ्लुएंजा के मामलों में वृद्धि के बीच दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में नए कोविड मामलों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है.

# खबरदार- अब निजी वाहनों पर स्टीकर लगाकर सड़कों पर नहीं दौड़ा सकेंगे वाहन-पंजाब पुलिस निर्देश-

## *अमन कानून की स्थिति बरकरार रखने तथा सड़क सुरक्षा को यकीनी बनाने बरनाला पुलिस ने पुलिस निदेशक के आदेश पर उठाया यह कदम, कारों पर लगे स्टीकर हटाना किया शुरू।*

**के आर अरुण सीपीएच हैड/अखिलेश बंसल ब्यूरो प्रमुख बरनाला।**

चंडीगढ़- दैनिक समाज जागरण-/खालिस्तान समर्थक अमृतपाल के भगौड़े होने के बाद जहां राज्यभर की पुलिस ने कई तरह के अभियान शुरू किए हैं वहीं जिला बरनाला पुलिस ने भी आतंक, गैंगस्टरवाद, गुंडागर्दी पर लगाम कसने के लिए बारीकी से कार्रवाई करना शुरू किया है। बरनाला पुलिस ने अमन कानून की स्थिति बरकरार रखने तथा सड़क सुरक्षा को यकीनी बनाए रखने के लिए वाहनों पर लगाए जा रहे अवैध स्टीकरों के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। ताकि आने वाले दिनों में समाज में डर का माहौल पैदा कर रहे ऐसे स्टीकर युक्त वाहनों पर जबरदस्त शिकंजा कसे जाने की संभावना को ध्यान में रखकर यह कदम उठाया है।

**फेसबुक पर फोटो अपलोड कर पुलिस ने दी चेतावनी-**

जिला बरनाला पुलिस ने सोमवार को वाहनों से स्टीकर हटाने का अभियान शुरू किया तथा कार्रवाई के मौके के फोटो लेकर बरनाला पुलिस की फेसबुक पर फिल्हाल चार फोटो अपलोड किए हैं। इसके साथ साफतौर पर लिखा है कि अमन कानून की स्थिति बरकरार रखने तथा सड़क सुरक्षा को यकीनी बनाने के मद्देनजर पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया है।




इस कार्यवाही से साफ संकेत है कि आने वाले दिनों में पुलिस इस कदम पर बड़ी कार्रवाई भी कर सकती है।

पंजाबी गीतों ने किया था युवाओं को अग्रसर-

गौरतलब है 1992 के दौरान जैसे ही पंजाब में से आतंकवाद के बादल छंटे थे उसके थोड़ी देर बाद ही पंजाबी गायकों ने ऐसे गीत लिखना और गाना शुरू किया, जिनमें राइफलों, बंदूकों, तलवारों, किसी जमीन पर कब्जा करने की बात जरूर होती। इसी बात का फायदा उठा पेंटरों ने चार पैसे कमाने के लालच में वाहनों पर, टी-शर्ट तैयार करने वाली इंडस्ट्री ने बनियान व टी-शर्ट पर राइफलें, बंदूकें, तलवारें प्रिंट करना शुरू कर दिया। जिसे गंभीरता से लेना तो दूर की बात और कुछ समाजसेवियों द्वारा आगाह करने के बावजूद गत सरकारों ने उसे पूरी तरह से नजरअंदाज रखा।

गौरतलब है कि वाहनों पर असला तथा टी-शर्ट पर गैरकानूनी स्टीकर लगवाने तथा अपने ट्रैक्टरों पर ऊंची आवाज वाले कानूनन प्रतिबंधित स्पीकर लगाने, दोपहिया वाहनों के साइलेंसरों से पटाके बजाने आदि में ग्रामीण युवाओं की मुख्य भूमिका है। जिसको समाज ने अनेकों बार कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह भी लगाया है।

यह कहते हैं जिला पुलिस के अधिकारी-

जिला पुलिस बरनाला के एस.पी. (डी) रमनीश चौधरी ने जिला पुलिस मुखी संदीप मलिक के हवाले से हमारे जिला बरनाला ब्यूरो प्रमुख से कहा है कि पंजाब पुलिस निदेशक के आदेश हैं कि मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के सेक्शन 177 के आधार पर बिना मंजूरी किसी भी व्यक्ति को निजी वाहन पर लाल-नीली-पीली-हरी बत्ती या हूटर लगाना तो दूर की बात अपने ओहदे की पहचान का स्टीकर चिपकाने की भी इजाजत नहीं है। यहां तक कि कोई पुलिस कर्मचारी भी अपने निजी वाहन पर पुलिस का, पत्रकार प्रेस का,किसी पूर्व सैनिक का बेटा वाहन पर आर्मी का, राजसी नेता वीआईपी का, सरकारी कर्मचारी आन-ड्यूटी का स्टीकर नहीं लगा सकता।

पंजाब सख्त हुआ आदेश पालन में

जिला पुलिस प्रमुख ने कहा है कि यद्यपि कोई शरारती गन कल्चर को उत्साहित करता है तो उसका वाहन जब्त करने और उस वाहन के चालक का चालान काटने का प्रावधान है।



गाड़ियों में स्टीकर उतरवाती पंजाब पुलिस-

# हिमाचल सराय व सदन चंडीगढ़ में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी सीएम सुक्खू

**के आर,अरुण सीपीएच हेड**
**दैनिक समाज जागरण**

चंडीगढ़/ हिमाचल के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के चंडीगढ़ दौरे के दौरान बीती शाम हिमाचल छात्र संघ चंडीगढ़ (हिमसू) की अध्यक्षा मन्नत नैंटा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उनसे भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को हिमाचल प्रदेश से स्वास्थ्य लाभ के लिए पीजीआई चंडीगढ़ में आने वाले मरीजों की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया।




प्रतिनिधिमंडल ने मरीजों को हिमाचल सराय भवन सेक्टर 24 और हिमाचल सेवा सदन सेक्टर 25 में आ रहीं परेशानियों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने यहां सोलर ग्रिड सिस्टम लगाने, लम्बे समय के लिए रह रहे मरीजों को फीस में छूट देने, कैन्टीन और कमरों के रखरखाव और एयर कंडीशन की सुविधा के साथ मरीजों को भवनों से अस्पताल जाने के लिए नयी सोलर शटल बस एम्बुलेंस सेवा इत्यादि प्रदान करने का मुख्यमंत्री से आग्रह किया।

उन्होंने मरीजों को इन भवनों से अस्पताल ले जाने के लिए नई सोलर शटल बस एम्बुलेंस सेवा देने जैसे विभिन्न मुद्दे भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

मुख्यमंत्री ने हिमसू की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वस्त किया कि उनकी उचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि वह स्वयं भी इन भवनों का निरीक्षण करेंगे।

इस अवसर पर संघ के सदस्य सन्नी, राघव, क्षितिज, लविश, आर्यन सहित संघ के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# मौसम विभाग की चेतावनी -30 मार्च से 1अप्रेल दिल्ली एन सीआर में मौसम भीगा भीगा

**कृष्ण राज अरुण**
**-दैनिक समाज जागरण-**

नई (राजधानी दिल्ली डेस्क )- खबरों में मौसम विभाग ने कहा हैकि दिल्ली-ठउफका मौसम एक बार फिर बदल गया है। शाम होते ही दिल्ली-नोएडा के कई इलाकों में तेज बारिश शुरू है। मौसम की हकीकत माने तो एन्ड मार्च के महीने में अब तक दिल्ली में मौसम के कई रंग देखने को मिल चुके हैं।

बतादें कि मौसम विभाग की ओर से पहले ही यह अनुमान लगाया गया था कि 29 मार्च को एक सक्रिय वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालय की ओर आ रहा है। हालांकि इससे गुरुवार और शुक्रवार को मौसम बदलने की बात थी लेकिन एक दिन पहले ही तेज बारिश हो रही है। गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश दिल्ली के कई इलाकों में हो रही है।




बिजली गिरने बादल की तेज गरज और तेज बारिस की संभावना -

बीती शाम भी मिली खबर इनपुट में मौसम विभाग की ओर से कहा गया था कि 30 मार्च से 1 अप्रैल के बीच राजधानी व आसपास के शहरों का मौसम बदलेगा। इस दौरान राजधानी में बिजली गिरने, गरज और तेज हवाओं के साथ बारिश और गरज के छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की गई थी।

# * हड़तालियों को खट्टर सरकार से उम्मीद कि राम नवमी में फरियाद सुनेगा प्रशासन*

## *सफाई कर्मी जरूरत है समाज और सरकार की*

नारायणगढ़ 29 मार्च,बरखा राम धीमान-(दैनिक समाज जागरण)-नगरपालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने व आबादी एवं क्षेत्रफल के हिसाब से सफाई कर्मियों के नए पद सृजित कर नियमित भर्ती की मुख्य मांगो को लेकर 4 अप्रैल तक चलने वाली क्रमिक भूखहड़ताल के तीसरे दिन प्रदीप, कुलदीप, विजय, छम्मी व राकेश कुमार बैठेरहे।




इकाई प्रधान मांगे साहिब व सचिव धर्मवीर ने कहा कि प्रदेशव्यापी आंदोलन कर्मचारियों की मांगों के साथ ही मुख्य रूप से शहरवासियों को बेहतर साफ सफाई की सुविधा देने के लिए नई भर्ती की मांग को लेकर किया जा रहा है।

बता दें कि इसलिए नगरपालिका कर्मचारी संघ व सर्व कर्मचारी संघ शहरवासियों एवं जनप्रतिनिधियों से अपील करता है कि अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए सरकार से सफाई कर्मियों के नए पद स्वीकृत करवाएं ताकि हर दिन गलियों व नालियों इत्यादि की सफाई की जा सके। वर्तमान में जो 57 पद स्वीकृत किए गए है वह नगरपालिका के एरिया अनुसार जंहा बहुत ही कम है वंही यह सभी भरे हुए भी नही है।

# मुख्यमंत्री सुक्खू चंडीगढ़ से लौटते ही ने उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का कुशलक्षेम जानने पहुंचे

**दैनिक समाज जागरण**
**के आर अरुण, टीना ठाकुर**

चंडीगढ़ शिमला/मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निवास स्थान पहुंच कर उनका कुशलक्षेम जाना। उप-मुख्यमंत्री मंगलवार सायं अपने आवास परिसर में टहलते समय गिर जाने से घायल हो गए थे। आईजीएमसी शिमला में उपचाराधीन रहने के उपरान्त उन्हें आज अस्पताल से छुट्टी मिल गई। मुख्यमंत्री ने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल व मोहन लाल ब्राकटा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा और विधायकगण मुख्यमंत्री के साथ उपस्थित रहे।

# हरियाणा को मिल गया नया रेशनलाइजेशन आयोगः-यह 6 महीने का होगा अध्यक्ष जो विभागों की ड्यूटी तय करेगा और कामों का तैयार करेगा चार्टर-

**कृष्ण राज अरुण**

चंडीगढ़ /सीपी एच हैड -दैनिक समाज जागरण-/ हरियाणा सरकार ने अगले 6 महीने के लिए रेशनलाइजेशन आयोग का निर्माण कर दिया हैं। हरियाणा सरकार ने यह आयोग राजन गुप्त की अध्यक्षता में गठित रेशनलाइजेशन आयोग की संरचना और कार्यक्षेत्र के बारे में नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति 6 महीने की अवधि के लिए की जाएगी।

यह भी हैकि उनका कार्यकाल राज्य सरकार के विवेक पर 3 महीने के लिए और अधिक अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। आयोग के अध्यक्ष का पद हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव के समकक्ष रहेगा ।




इस आयोग का मुख्यालय चंडीगढ़-पंचकूला में होगा-

आयोग एक स्वायत्त और स्व-नियामक निकाय के रूप में कार्य करेगा। संबंधित विभाग, जिसके संबंध में आयोग रेशनलाइजेशन की प्रक्रिया शुरू करेगा, के प्रशासनिक सचिव को उस विभाग के रेशनलाइजेशन के प्रयोजन के लिए आयोग के सदस्य के रूप में सहयोजित माना जाएगा। वह संबंधित विभाग के रेशनलाइजेशन के उद्देश्य से आयोग के विचार-विमर्श में पूरी तरह से भाग लेंगे।

# सीआरपीएफ में सब इंस्पेक्टर को कितनी मिलती है सैलरी, क्या-क्या है सुविधाएं? जानें तमाम डिटेल

**कृष्ण राज अरुण**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (CRPF) भारत सरकार के गृह मंत्रालय (MHA) के अधीन काम करने वाला एक संघीय पुलिस संगठन है. यह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है. CRPF की प्राथमिक भूमिका कानून और व्यवस्था बनाए रखने है. इसके साथ ही उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए पुलिस ऑपरेशन में राज्य / केंद्र शासित प्रदेशों का सहयोग करना है. CRPF सबसे अधिक पसंदीदा पैरामिलिट्री नौकरी (Sarkari Naukr) में से एक माना जाता है. अगर आप भी उप्छ्त्रमें नौकरी (CRPF Job) करने की चाहत रखते हैं, तो CRPF SI Salary और जॉब प्रोफाइल के बारे में जरूर जानना चाहिए. उप्छ्त्ररक पद के लिए चयनित उम्मीदवारों को सर्विस के दौरान कई लाभ और भत्ते भी मिलते हैं.

CRPF रक के लिए आवश्यक जानकारी

CRPF SI के पद के लिए चुने गए उम्मीदवारों को पे लेवल – 6 (7वें सीपीसी के अनुसार) के अनुसार 35400- 112400/- रुपये के वेतनमान पर मासिक वेतन मिलता है. यदि उम्मीदवार आवेदन के दौरान कोई गलत विवरण प्रस्तुत करता है या CRPF SI योग्यता मानदंड को पूरा नहीं करता है, तो उनका आवेदन तुरंत खारिज कर दिया जाएगा.

## कार और टैम्पू की आमने-सामने भिड़ंत में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप घायल। 112 व 108 की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। बुधवार को अफजलगढ़ कालागढ़ मार्ग पर कार और टैम्पू की आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए सूचना पाकर पहुंची 112 पुलिस ने घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएससी में भर्ती कराया जहां दोनों की गंभीर अवस्था देखते हुए हायर रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कालागढ़ मार्ग पर ग्राम खुशहालपुर चक्की के सामने अफजलगढ़ की ओर से जा रही स्विफ्ट डिजायर कार वङ 07 अठ 7549 जिसको ग्राम कादराबाद निवासी मनजीत सिंह पुत्र हरचंद सिंह चला रहा था की विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो नंबर वढ20 ळ 5894 जिसको अमान पुत्र खलील अहमद निवासी मोहल्ला बेगम सराय अफजलगढ़ चला रहा है।दोनों की आमने सामने से टक्कर हो गई जिसमें दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए राहगीर नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी विवेक पुत्र संजीव कुमार ने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी जिस पर पीआरवी 2455 पर तैनात आरक्षी



सुनील कुमार,आरक्षी मोहित कुमार,व आरक्षी रवीशंकर ने मात्र 4 मिनट में घटना स्थल पर पहुंचकर 108 एंबुलेंस द्वारा तत्काल घायलों को सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया जहां दोनों घायलों की गंभीर अवस्था देखते हुए चिकित्सा अधीक्षक डॉ रजनीश कुमार ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। टैम्पू खाली था यदि टैम्पू में यात्री सवार होते तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

## भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने गन्ना विकास समिति लिमिटेड का किया घेराव

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने अतिरिक्त कैलेंडर पर्ची जारी करने को लेकर गन्ना विकास समिति लिमिटेड का किया घेराव गन्ना समिति सचिव वह मिल अधिकारी ने मांगा तीन दिन का समय भाकियू कार्यकर्ता ने सप्ताह पूर्व समिति के सचिव को मांग पत्र सौंपा था। लेकिन किसानों की समस्या का हल नहीं हो पाया जिसको लेकर बुधवार को भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा वह मुख्त्यार सिंह के नेतृत्व में भाकियू कार्यकताओं ने ग्राम भज्जावाला स्थित गन्ना विकास समिति लिमिटेड अफजलगढ़ के कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों का घेराव किया बीते 14 मार्च को किसानों ने एक मांग पत्र गन्ना समिति के सचिव साहब सिंह सत्यार्थी को सौंपा था जिसमें उन्होंने मुख्य कैलेंडर की दसवीं फारनेट प्रारंभ होने के बाद अतिरिक्त कैलेंडर की पर्ची जारी करने की मांग की थी जिसमें किसानों से तीन दिन का वादा किया था किसानों का कहना है कि दसवीं फारनेट का चौथा कॉलम भरने के बाद भी अतिरिक्त




कैलेंडर की पर्ची जारी नहीं हुई जिसको लेकर किसानों ने बुधवार को गन्ना समिति के कार्यालय का घेराव किया जिस पर गन्ना समिति के सचिव साहब सिंह सत्यार्थी व द्वारिकेश शुगर मिल इंडस्ट्रीज के जीएम गन्ना अजय कुमार ढाका ने वार्ता कर मौजूद किसानों से तीन दिन के बाद बान्ड कैलेंडर की पर्ची जारी करने का वादा किया इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष मदन सिंह राणा, मुख्तियार सिंह के अलावा विजेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, जसपाल सिंह, इरफान अहमद, धर्मेंद्र सिंह, दिलावर सिंह, सोनू ,चोखे सिंह प्रधान, लेखराज सिंह, अतुल शर्मा, चिरंजी प्रधान, यशपाल सिंह आदि भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नाबालिग किशोरी ले जाने के आरोप में युवक के खिलाफ पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़ - नाबालिक किशोरी को बहला -फुसलाकर भगा ले जाने युवक के विरुद्ध किशोरी के पिता ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भूतपुरी निवासी छतरपाल सिंह पुत्र कल्लू सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते 26 मार्च रविवार को थाना रेहड़ के गांव हसनपुर निवासी रितिक पुत्र नरेंद्र प्रजापति उसकी नाबालिग पुत्री पल्लवी 17 वर्ष को बहला-फुसलाकर भगा ले गया है जानकारी करने पर पता चला रितिक का गांव भूतपुरी में अपनी रिश्तेदारी में आना जाना था वहीं पर उसकी मुलाकात पल्लवी से हो गई थी पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर रितिक पुत्र नरेंद्र प्रसाद प्रजापति के विरुद्ध आईपीसी की धारा 363 व 366 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी

## सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल मे वार्षिक परिणाम घोषित कानिता अब्बासी ने किया स्कूल टॉप

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद मोहल्ला रम्पुरा के सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। जिसमें रम्पुरा के रहने वाले अब्दुल गफूर मरहूम की पोती ने पूरे स्कूल में फर्स्ट पोजीशन लाकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। फर्स्ट क्लास की कानिता अब्बासी ने अपनी लगन मेहनत और अपने बड़ों की दुआओं से स्कूल से लेकर क्लास मे फर्स्ट पोजीशन लाकर स्कूल एवं परिवार वालों का नाम रोशन किया। इस मौके पर स्कूल के द्वारा कानिता को सम्मानित किया गया कानिता अब्बासी के माता पिता ने बताया कि हमारी बच्ची घर पर ज्यादा समय अपनी पढ़ाई लिखाई में बिताती है और हमारी बेटी का सपना आलीमा के साथ-साथ डॉक्टर बनना है और अपने दादा मरहूम का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर स्कूल के स्टाफ द्वारा कानिता और उसके माता पिता को मुबारकबाद पेश की तथा



बच्ची के उज्जवल भविष्य की कामना की इस मौके पर बच्ची के परिवार वाले एवं समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा

## कपड़े की दुकान से चोरी करने वाली महिला को पकड़ना दुकानदार को पड़ा महंगा

**दैनिक समाज जागरण,, संवाददाता**

बढ़ापुर दुकान से कपड़े चोरी होन के बाद कपड़ा विक्रेता द्वारा एक महिला को बीच बाजार पकड़ लेना भारी पड़ गया है। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर दुकानदार के विरुद्ध महिला के साथ अभद्रता किए जाने के आरोप मे मुकदमा दर्ज कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में बीते कुछ दिनों से महिलाओं का एक गैंग सक्रिय है जो कपड़ा विक्रेताओं की दुकान पर जाकर मौका मिलते ही कपड़े चोरी कर लेती है। कपड़ा चोरी करने वाली महिलाएं अक्सर पीठ बाजार वाले दिन भीड़ होने पर चोरी के काम को अंजाम देती है। बीते शनिवार को मोहल्ला बाजार शमीम पुत्र कय्यूम की दुकान से कुछ महिलाएं हजारों रुपए कीमत के 9 सूट चोरी कर ले गई थी। मंगलवार को पीठ का बाजार होने पर उक्त दुकानदार महिलाओं को पकड़ने के प्रयास में बाजार में घूम रहा था बताया जाता है कि दुकानदार ने उन महिलाओं को पहचान लिया था जो उसकी दुकान से कपड़ा चोरी कर ले गई थी। यह भी बताया जाता है कि पहचान लिए जाने के बाद दो महिलाएं तुरंत मौके से भाग गई थी तथा एक महिला को उक्त दुकानदार ने पकड़ लिया था जिसे पुलिस बाद में थाने ले गई थी। जहां महिला ने चोरी करना कुबूल की उक्त महिला से पुलिस द्वारा कपड़ा विक्रेता को ड्ट3 हजार की रकम दिलाई गई और मामले को रफा-दफा करा दिया। उक्त दुकानदार द्वारा महिला को बीच बाजार पकड़े जाने का जब वीडियो वायरल हुआ तो इसके बाद पुलिस ने महिला के साथ अभद्रता व धक्का-मुक्की करने के आरोप में कपड़ा विक्रेता शमीम के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज का कहना है कि वायरल वीडियो के आधार पर महिला के साथ अभद्रता करने के आरोप में आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दुर्गा अष्टमी के दिन श्रद्धालुओं ने प्रसाद चढ़ाकर माता से सुख समृद्धि खुशहाली का आशीर्वाद मांगा

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना धामपुर रोड स्थित रामलीला बाग काली मंदिर में चैती अष्टमी के मेले में सुबह 4:00 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी लंबी कतार लगी हुई थी माता दुर्गा माता काली की पूजा अर्चना कर माता को भोग लगा कर श्रद्धालु माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे पूरा वातावरण मां दुर्गा की भक्ति में अधीन था यह प्राचीन मंदिर पुराने समय से प्रसिद्ध है जो भी जिस मनोकामना थे आता उसकी सभी मनोकामना पूर्ण हो जाती है श्रद्धालु अपनी मनोकामना के लिए मंदिर में आकर माता का आशीर्वाद प्राप्त करते है माता की कृपा से उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती हैं चैती अष्टमी के मेले में दूरदराज के दुकानदार अपनी दुकानें लगा कर अपना रोजगार करते हैं अष्टमी के मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का



आवागमन मेले में होता रहा घर में काम आने वाला सभी सामान मेले में मिल रहा था बच्चों के लिए खेल खिलौने चाट पकौड़ी विभिन्न प्रकार के झूले लगे हुए थे बच्चे मेले का आनंद



उठा रहे थे सुरक्षा के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा मंदिर कमेटी के कार्यकर्ता ,साहू सलिल अग्रवाल मंदिर मुक्तेश्वर नाथ जी ,अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल, प्रबंधक नीरज अग्रवाल, साहू कपिल अग्रवाल ,अमित जैन, आलोक चौधरी, परितोष ,सचिन विश्नोई, वह नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे

**नवागत पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने बिजनौर का चार्ज लेने के पश्चात पहली बार नगीना का भ्रमण किया इस दौरान वह रामलीला ग्राउंड चैती मेले मे पहुंचे जहा उन्होने मेले में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जहां उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को कुशल पाया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण राम अर्ज क्षेत्र आधिकारी संग्राम सिंह थाना प्रभारी रविंद्र कुमार वशिष्ठ भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे**

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ने सरकारी जूनियर हाई स्कूल ना होने को लेकर उप जिलाधिकारी विजय वर्धन तोमर को सौंपा ज्ञापन

**शमीम अहमद सिद्दीकी**
**दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सजावत हुसैन ने ग्रामपंचायत करमस खेड़ी ब्लॉक व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में सरकारी जूनियर हाई स्कूल नहीं होने को लेकर उप जिलाधिकारी विजय वर्धन तोमर को सौंपा ज्ञापन।

जिसमें बताया गया कि ग्रामपंचायत करमस खेड़ी ब्लॉक व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में सरकारी जूनियर स्कूल नहीं है जिस कारण गांव के छात्र छात्राओं को गांव से काफी दूर जाना पड़ता है जिस कारण स्कूली बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है तथा गांव की लड़कियां शिक्षा से वंचित रह जाती हैं इसलिए बच्चों के उज्जवल भविष्य को देखते हुए



ग्रामपंचायत करमस खेड़ी में सरकारी जूनियर इसको बनाया जाना अति आवश्यक है।

## कौशल भारत कुशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत मशरूम उत्पादक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना ।कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना कौशल भारत कुशल भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद बिजनौर के 20 ग्रामीण युवाओं को ग्रामीण स्वरोजगार से जोड़ने हेतु लघु मशरूम उत्पादक प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 200 घंटे का प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 3 मार्च 2023 से 29 मार्च 2023 तक कराया गया।

उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 26 दिनों के अंतर्गत युवाओं को मशरूम उत्पादन, विपणन, मशरूम स्पान तैयार करना मशरूम कंपोस्ट तैयार करना, प्रोजेक्ट तैयार करके वित्तीय सहायता प्राप्त करने की तकनीकी से दक्ष किया गया।

इसके साथ ही साथ युवाओं को गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर की हाईटेक मशरूम उत्पादन इकाई प्रशिक्षण सेंटर पर प्रशिक्षण एवं विजिट कराया गया।

इसके साथ ही साथ जनपद बिजनौर के सुधीर त्यागी ग्राम सिकरी बुजुर्ग के प्रक्षेत्र पर युवाओं को समन्वित कृषि प्रणाली तकनीकी



के बारे में भी विजिट करा करके दिखाया गया

उपरोक्त 26 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर के डॉ. एस के मिश्रा, सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मेरठ के डॉ. गोपाल सिंह, डॉ. प्रशांत मिश्रा, डॉ. कमल खिलाड़ी, डॉ. राम जी सिंह, डॉ. आर एन यादव, डॉ. आरबी यादव, डा. सत्येंद्र कुमार, डा. मुकेश कुमार एवं कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के डॉ. पिंटू कुमार, डॉ. के के सिंह, डॉ. शकुंतला गुप्ता डॉ. शिवांगी एवं डॉ. प्रतिमा गुप्ता द्वारा मशरूम उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के फसल सुरक्षा वैज्ञानिक डॉ. पिंटू कुमार द्वारा कोर्स कोऑर्डिनेटर के रूप में किया गया।

उपरोक्त सभी 20 युवाओं प्रतिभागियों का दिनांक 3 अप्रैल 2023 को स्किल इंडिया भारत सरकार से आने वाली टीम के द्वारा मूल्यांकन परीक्षा ली जाएगी तत्पश्चात भारत सरकार द्वारा इन 20 युवाओं को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

## मध्य वर्गीय परिवार के एक युवक ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़। समीपवर्ती ग्राम कासमपुर गढ़ी निवासी रखने वाले मध्यवर्गीय परिवार से संबंध रखने वाले जुल्फिकार उर्फ जुल्लू ठेकेदार के होनहार पुत्र मोहम्मद कैफ ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया हल्द्वानी उत्तराखंड स्थित सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज से उसने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की मोहम्मद कैफ ने अपनी शुरूआती शिक्षा मरिया स्कूल जसपुर उत्तराखंड से प्राप्त कर नीट की परीक्षा पास की उसके बाद उसका चयन सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में हो गया था मोहम्मद कैफ डिग्री हासिल कर जब परिवार में पहुंचा तो परिवार की खुशियों का ठिकाना ना रहा परिजनों ने मुंह मीठा करा कर डॉक्टर मोहम्मद कैफ आशीर्वाद दिया इस अवसर पर रिश्तेदारों एवं मित्रों का मुबारकबाद देने वालों



का उनके घर पर ताता लगा हुआ है

## मंगलम महिला महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आज

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में स्थानीय मंगलम महिला महाविद्यालय पर चैत्र रामनवमी के अवसर पर गुरुकुल सोसायटी एवं महाविद्यालय के संयोजन में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण आयोजित होगा उक्त जानकारी देते हुए मंगलम महिला महाविद्यालय के प्रबंधक भोला नाथ त्रिपाठी ने कहा कि 30 मार्च राम नवमी के अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ राम जन्मोत्सव के अवसर पर रंगोली कलश एवं रामायण पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जाएगा इसके उपरांत प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया जाएगा।

## राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा अन्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मिला प्रशिक्षण

**जितेंद्र शर्मा भेटुआ अमेठी**

विकास खंड भेटुआ में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के अन्तर्गत बुधवार को भी ब्लॉक सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का प्रशिक्षण हुआ

प्रशिक्षक अनामिका सिंह ने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के आखिरी दिन भेटुआ की शेष पचास आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों पोषण पखवाड़े संबंधी जानकारी देने के साथ- साथ, पोषण ट्रेकर पर लाभार्थियों का डेटा अपडेट करने, नये लाभार्थियों का अंकन करने आदि की विस्तृत जानकारी दी

प्रशिक्षण के दौरान अनामिका सिंह ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कर्तव्य बोध कराते हुए कहा कि समाज को कुपोषण से मुक्ति दिलाने का दायित्व हमारा है इसलिए



जरूरी है कि हम श्रीअन्न के उपभोग तथा उत्पादन के लिए समाज में जागरुकता लायें

प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास,पुष्टाहार विभाग की सुपरवाइजर जयावती,मीरा यादव तथा प्रभावती सिंह भी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों संग मौजूद रहीं

## केंद्र सरकार के विरोध में कांग्रेसियों ने मशाल लेकर किया प्रदर्शन

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना में राहुल गांधी की सांसद सदस्यता समाप्त होने के विरोध में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केंद्र सरकार के विरोध में हाथों




में मशाल लेकर कस्बे में सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया।

सरकार के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं ने हाथों में मशाल लेकर नगर कस्बे के स्टेट बैंक से होकर तहसील मुख्यालय तक राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के विरोध में सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया इस दौरान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष राजू ओझा ने कहा कि पूर्व कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की सांसद सदस्यता एक षड्यंत्र रच कर समाप्त करने का कार्य किया गया है इन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार अपने खिलाफ बोलने वालों की आवाज दबाना चाहती है भाजपा की केंद्र सरकार राहुल गांधी को फंसाने की साजिश की है राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से घबराकर बदले की भावना से काम कर रही है कांग्रेस जिला सचिव कुलवंत सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार का विरोध करते हुए मशाल जुलूस निकाला गया है इस कृत्य का बदला आने वाले चुनाव में जनता देगी इस दौरान हुसैन हैदर जंग बहादुर यादव विकास यादव राममिलन सत्यम शुक्ला हनुमंत विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह देवेश पांडे रामानंद तिवारी सत्यम शुक्ला सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## परिषदीय विद्यालयों में तेजी से हो रहा है मूल्यांकन कार्य।

**समाज जागरण**
**अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी जनपद के मुसाफिरखाना में स्थानीय विकास खंड में खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा के निर्देशन में परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से हो रहा है । विकास खंड के समस्त संकुल केंद्रों पर पांचवीं की परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य हो रहा है। इसी क्रम में गुन्नौर न्याय पंचायत में लगभग दर्जन भर विद्यालयो की परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होना है।



खंड शिक्षा अधिकारी राम ललित वर्मा के निर्देशन एवं नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्रा एवं प्राथमिक विद्यालय गुन्नौर के सहायक अध्यापक हरि प्रसाद यादव के देखरेख में संकुल केन्द्र गुन्नौर पर परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुचिता पूर्वक तेजी से हो रहा है जिसमें संकुल शिक्षक राजेंद्र कुमार यादव उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक सत्य कुमारी सिंह निर्मल कुमार प्रीति तिवारी राम बहादुर उमेश कुमार विश्वकर्मा और अन्य शिक्षक शामिल हैं।

नोडल संकुल शिक्षक विवेक मिश्रा ने बताया कि परीक्षा पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य लगभग समाप्त हो गया है शासन के मंशानुरूप 31मार्च को परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा ।

## मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक छात्र की मौत, एक घायल

**समाज जागरण विश्वनाथ कुमार चौधरी प्रखंड संवादाता**

सतबरवा 29 मार्च 2023:- रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग दुबियाखांड के पास बुधवार को करीब 12 बजे मोटर साइकिल दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि एक घायल को एम एम सी एच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बकोरिया गांव के मो0 मोतालिब का पुत्र मो0 जिसान तथा ताबर गांव के मो0 अनसारूल का पुत्र मो0 आरिफ उम्र करीब 17 वर्ष दोनों मोटर साइकिल से इंटर का परीक्षा देने मेदिनीनगर जा रहे थे। दुबियाखां में मोटरसाइकिल असंतुलित होकर पलट गई।जिसमें दोनों घायल हो गए।

दुर्घटना के बाद दोनों घायल को मेदिनीनगर एम एम सी एच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने बकोरिया के मो0 जिशान को मृत घोषित कर दिया ,जबकि दूसरे की हालत स्थिर बताई जा रही है। मोहम्मद जिशान की मृत्यु की खबर पाकर बकोरिया में मातम छा गया है। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## तीन बच्चों के साथ महिला ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर,पलामू (झारखंड)29 मार्च 2023:- डालटनगंज-कजरी रेलखंड के बीच में सूदना बिजली ग्रीड के निकट एक महिला ने अपने तीन बच्चों



के साथ रेलगाड़ी से कटकर जान दे दी। ज्ञात सूत्रों से पता चला है कि महिला का नाम मनीता देवी है इसके पति का नाम रवि सिंह है। जो हरिहरगंज प्रखंड के खड़गपुर गांव का रहने वाला है। जबकि महिला का मायका लेस्लीगंज लहलहे मार्ग के बीच एकता गांव में है। मृतक महिला फागू सिंह की बेटी बताई जा रही है। हत्या का कारण परिवारिक आपसी विवाद बताया जा रहा है।पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।घटना के जगह पर मोबाइल मिला है पुलिस कॉल डिटेल निकालने में लगी है पुलिस द्वारा महिला के घर वालों को खबर दे दी गई है। समाचार भेजने तक घर वाले लोग नहीं पहुंचे थे। मृतक बच्चों में एक पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं।

## डीएसपी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया

**दैनिक समाज जागरण मोहम्मद कलीमुद्दीन,प्रखंड संवाददाता, मुसाबनी**

पूर्वी सिंहभूम (झारखंड),29 मार्च 2023:- मुसाबनी थाना क्षेत्र में रामनवमी



को लेकर बुधवार शाम को थाना से बस स्टैंड होते हुए बदिया तक फ्लैग मार्च निकाला गया. डीएसपी चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में बस स्टैंड, महुलबेड़ा और बादिया क्षेत्र में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया. डीएसपी चंद्रशेखर आजाद ने बताया कि रामनवमी के शांतिपूर्ण आयोजन के लिए गुरुवार को पूरे रुट में पुलिस बल तैनात रहेगी. फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर मनोज कुमार मल्लिक और थाना प्रभारी राजा दिलावर के साथ काफी संख्या में जवान मौजूद थे.

## आउटसोर्सिंग कर्मियों ने प्राचार्य कार्यालय कक्ष के समक्ष दिया धरना

**समाज जागरण बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023:- गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज में आउट सोर्सिंग के तहत कार्य कर रहे हैं लगभग एक दर्जन कर्मचारियों ने प्राचार्य के कार्यालय के समक्ष धरना दिया। इनका कहना है कि पिछले चार माह से हमें मानदेय नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण हमलोगों आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। हमलोगों को तत्काल भुगतान किया जाए।धरने में बैठने वालों में संयोग कुमार, बाबूलाल, चंदन सिंह, शेरू डोम विकास कुमार, सूर्यकांत तिवारी, धनंजय कुमार, रिंकी देवी, संध्या देवी ,सोनी देवी, अवधेश कुमारपाल आदि थे।

## राष्ट्रीय मौर्य सेना के द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक का जयंती मनाई गई

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर पलामू (झारखंड) 292023:- पलामू जिले के बैरिया बाईपास रोड स्थित कुशवाहा भवन में आज राष्ट्रीय मौर्या सेना द्वारा चक्रवर्ती सम्राट अशोक की 2373 वीं जन्म जयंती मनाई गई।उपस्थित लोगों ने काटकर और उन्हें केक खिलाकर अपने चक्रवर्ती सम्राट अशोक को याद किया और उन्हीं के पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर तमाम बुजुर्गों ने चक्रवर्ती अशोक सम्राट के जीवनी के बारे में बताया और इस पहल को सराहनीय कदम बताते हुए को खूब सराहा सम्राट अशोक जन्मजयंती समारोह में उपस्थित सभी मौर्य सैनिकों और पदाधिकारीओ द्वारा केक काटकर और श्रद्धा सुमन अर्पित कर जन्मजयंती मनाया गया। मौके पर राष्ट्रीय मौर्य सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश मेहता, समाजसेवी लव मेहता, महासचिव रवि रंजन मेहता, जिला अध्यक्ष मुकेश कांत मेहता, संयोजक दिलीप मेहता,कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार मेहता, प्रिंस सिंह दांगी', राजा दिनेश मेहता,अभिषेक मेहता, नंदकिशोर मेहता, अमरेश मेहता,सुभाष मेहता, टाइगर रोशन मेहता,जगाली महतो,दिल केश्वर महतो,जनेश्वर मेहता, रामप्यारी महतो,आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पलामू के उप विकास आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात की समाजसेवी अमित कुमार तिवारी

**समाज जागरण, बिनोद सिंह ब्यूरो चीफ सह प्रभारी पलामू प्रमंडल**

मेदिनीनगर, पलामू (झारखंड) 29 मार्च 2023:-पलामू के युवा समाजसेवी अमित कुमार तिवारी ने उप विकास आयुक्त से शिष्टाचार मुलाकात कर डाल्टनगंज विधानसभा अंतर्गत लंबित विकास योजना में गति प्रदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर श्री तिवारी ने विकास आयुक्त श्री रवि आनंद तथा पलामू जिले में नव पदस्थापित उप विकास आयुक्त को बुके देकर सम्मानित किया। श्री तिवारी ने अंबेडकर पार्क से जेल हाता जाने वाले तथा कचहरी से एसो पंप होते हुए रेलवे स्टेशन तक जाने वाला जन उपयोगी दो पथो को तत्काल प्रभाव से खोले जाने की मांग की । श्री तिवारी ने कहा कि इन दोनो पथो का निर्माण शहर में जाम की स्थिति से निजात पाने के लिए किया गया था।परंतु दोनो पथ क ई सालो से बंद पड़ा है।इसके चलते लोगों को काफी परेशानी होरही है । श्री तिवारी ने कहा कि इन दोनों पथो को प्रारंभ होने से शहर में जाम से तत्काल प्रभावसे राहत मिलेगी।

## एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर निजी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न

(आर एन चौरसिया ब्यूरो चीफ)

अभियान के दौरान सभी बच्चों को टीका लगवाने की उपायुक्त ने की अपील 9 माह से 15 वर्ष तक के आठ लाख से अधिक बच्चों को वैक्सीन देने का लक

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी , संदीप सिंह की अध्यक्षता में आज समाहरणालय सभागार में एमआर अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर निजी विद्यालयों के प्राचार्य के साथ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने मिजिल्स रूबेला की गंभीरता को देखते हुए सभी विद्यालयों को निर्देशित किया कि इस अभियान में सहयोग करें। उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी , भूतनाथ रजवार को निर्देशित किया की सभी विद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए फॉर्म-1 समेत सभी प्रक्रिया को पूरा करें।

उपायुक्त ने बताया कि खसरा एक जानलेवा रोग है। यह वायरस द्वारा फैलता है। इसके कारण बच्चों में दिव्यांगता तथा असमय मृत्यु हो सकती है। वहीं रूबैला भी एक संक्रामक रोग है। यह भी वायरस द्वारा फैलता है। इसके लक्षण खसरा रोग जैसे होते हैं। यह लड़के या लड़की दोनों को संक्रमित कर सकता है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के शुरूआती चरण में इससे संक्रमित हो जाए तो कंजेनिटल रूबैला सिंड्रोम ,सीआरएस हो सकता है, जो उसके भ्रूण तथा नवजात शिशु के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।



बैठक में सिविल सर्जन सभी निजी विद्यालयों से अपील कि की फॉर्म-1 जिन्होंने जमा नहीं किया है ,वैसे स्कूल कल तक फॉर्म जमा कर दें। उन्होंने बताया कि भारत सरकार ने इस वर्ष मिजिल्स रूबेला के उन्मूलन के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। यह अभियान अप्रैल माह के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा। जिसमें 9 महीने से लेकर 15 साल तक के जिले के लगभग आठ लाख से अधिक बच्चों का एमआर टीकाकरण निर्धारित है। बैठक में वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन ,डब्ल्यूएचओ के डॉक्टर अमित कुमार ने एमआर अभियान को लेकर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत 9 माह से 15 वर्ष तक के बच्चों को यह टीका लगाया जाएगा। अगर बच्चे ने पहले भी टीका लिया है तो भी उसे टीका दिया जाएगा। कहा खसरा रोग के सफाई तथा रूबेला को नियंत्रित करने के लिए बच्चों को यह टीका दिया जाना अत्यंत आवश्यक है।

साथ ही उन्होंने आगे कहा की खसरा रूबैला का टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है। इसका कोई दुष्प्रभाव नहीं है। बच्चों को यह टीका एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी द्वारा लगाया जाएगा।

बैठक में उपायुक्त , संदीप सिंह, सिविल सर्जन डॉ, आलोक विश्वकर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, वर्ल्ड हेल्थ ऑगेर्नाइजेशन के डॉक्टर अमित कुमार तिवारी, सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, रोटरी अंतरराष्ट्रीय धनबाद के प्रतिनिधि समेत कई लोग मौजूद थें।

## सार्वजनिक महावीर मंदिर बांक मोड़ घोरमारा में महिलाओं एवं कन्याओं ने कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवाददाता मोहनपुर देवघर**

मोहनपुर देवघर (झारखंड) दिनांक 29 मार्च 2023: प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत घोरमारा बैंक मोड़ में सर्वजनिक हनुमान मंदिर बांक में महिलाओं एवं कन्याओं ने शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया गया । जिसमें क्षेत्र की युवाओं ने हर्ष उल्लास के साथ महावीर मंदिर में भाग लिया हर साल की भांति इस वर्ष भी बजरंगबली की पूजा धूमधाम से किए जा रहे हैं इस दौरान महावीर मंदिर में मुख्य अतिथि झारखंड सरकार की पूर्व मंत्री श्री सुरेश पासवान जिला परिषद जिला अध्यक्ष श्रीमती किरण कुमारी, समाजसेवी सुधांशु शेखर मंडल रहे एवं इस कार्यक्रम में भाग लिया महावीर प्रांगण में अपनी माथा टेका एवं लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी के शुभ अवसर पर हर



साल की भांति इस वर्ष भी पूजा धूमधाम से किए जा रहे हैं। जो बहुत ही खुशी की बात है। इस दौरान महिलाओं एवं कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा के साथ सार्वजनिक महावीर मंदिर प्रारंभ किया है एवं रामनवमी हनुमान जी की ध्वजा चढ़ाए जाएंगे इस मंदिर में आसपास के ग्रामीणों ने काफी संख्या में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं लड्डू नारियल चढ़ाए गए। मंदिर प्रांगण में रात्रि जागरण एवं कीर्तन किए गए हैं कलश यात्रा के साथ कीर्तन किए जा रहे हैं एवं दूसरे दिन पूजा की जाएंगे। इस दौरान मौजूद रघुनाथ धनंजय मंडल गणेश मंडल विष्णु मंडल नरसिंह मंडल ध्रुव कुमार राजद के युवा प्रखंड महासचिव सियाराम मंडल का सार्वजनिक महावीर मंदिर निर्माण समिति के सभी सदस्यों मौजूद रहे।

## ईंचागढ के लावा मे हथियों ने तोड़ा घर, ग्रामीणों मे दहशत का माहौल

**सुनील कुमार गुप्ता, दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता चांडिल**

सरायकेला (झारखण्ड ) : 29 मार्च 2023 दिन बुधवार ईंचागढ़ थाना छेत्र अंतर्गत लावा बाजार एवं गाँव मे मे फिर एक बार हाथियों ने मचाया तांडव ' बताया जाता है कि ईचागढ़ क्षेत्र के बोड़ा, कुटाम, पिलीद जंगलों मे 30-35 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए ' इन क्षेत्रों में हाथी का कहर बदस्तूर जारी है ' आए दिन समय-समय पर हाथियों ने ग्रामीणों को एवं उनके घरों में रखते हुए अनाजों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है, जिसे ग्रामीण लोग काफी दहशत में जी रहें हैं ' झुंड से बिछड़े एक हाथी ने लावा बाजार मे स्तिथ जय





देव दास एवं बनमली दास की दुकानों को क्षतिग्रस्त कर दीया एवं काफी नुकसान किया ' वहीं लावा ग्राम मे भिबो लोहार का भी घर क्षतिग्रस्त कर दिया, एवं उनके घर में रखे अनाजों को चट कर गया ' वन विभाग की ओर से हाथियों को भगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है, एवं वे जंगली हाथियों को भगाने में असमर्थ साबित हो रहे हैं, जिसका भुगतान वहाँ रह रहें ग्रामीणों के जीवन में दहशत भरी हुई है, एवं दहशत में जीने को वे लोग मजबूर है

## महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के उद्देश्य को लेकर सोलो साइक्लिस्ट आशा 11 हजार किलोमीटर का सफर तय कर पहुंची धनबाद

(आर एन चौरसिया ब्यूरो चीफ)

आशा के उद्देश्य और आगे के सफर के लिए उपायुक्त ने दी शुभकामनाएं भारत के 28 राज्यों में 25 हजार किलोमीटर की यात्रा करने का लिया दृढ़संकल्प

धनबाद, मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले में ग्राम नाटाराम की 24 वर्षीय आशा मालवीय 11100 किलोमीटर का सफर सोलो साइक्लिंग से तय कर आज संध्या धनबाद पहुंची। धनबाद पहुंच कर सुश्री आशा ने धनबाद उपायुक्त , संदीप सिंह से मुलाकात की।

आशा ने उपायुक्त को बताया कि उसने 1 नवंबर 2022 को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से सोलो साइक्लिस्ट के रूप में यात्रा शुरू की है। 15 अगस्त 2023 को 25000 किलोमीटर का सफर तय कर नई दिल्ली पहुंचने का संकल्प है।

उन्होंने बताया कि वह एक राष्ट्रीय खिलाड़ी और पर्वतारोही , बुक ऑफ रिकॉर्ड होल्डर हैं। अभी सम्पूर्ण भारत की साइकिल यात्रा सोलो साइकिलिस्ट के रूप में कर रही हैं। इस यात्रा का उद्देश्य महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण है। भारत के 28 राज्यों में 25 हजार किलोमीटर की कुल यात्रा करने का दृढ़संकल्प है। अभी तक 11 राज्यो में 11100 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। यात्रा के दौरान झारखंड



12 वां राज्य और धनबाद झारखंड का अंतिम पड़ाव है। गुरुवार को पश्चिम बंगाल के आसनसोल के लिए यात्रा शुरू करेगी।

उपायुक्त से यात्रा का अनुभव साझा करते हुए सुश्री आशा ने कहा कि मध्य प्रदेश, गुजरात महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटका, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और झारखंड राज्य का सफर पूरा किया है। सफर के दौरान 9 राज्यों के राज्यपाल व मुख्यमंत्री, पांच राज्य के डीजीपी, 160 आईएएस, 160 आईपीएस से मुलाकात की है। वहीं विभिन्न क्लब तथा एनजीओ के साथ महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण को लेकर 101 कार्यक्रम किए हैं।

आगे उन्होंने बताया कि यात्रा के दौरान प्रतिदिन एक सौ से 300 किलोमीटर के बीच यात्रा करती है। आंध्र प्रदेश में एक दिन में 297 किलोमीटर तथा झारखंड में रांची से गिरिडीह तक की 202 किलोमीटर की यात्रा एक दिन में पूरी की है।

सुश्री आशा के महिला सुरक्षा और महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य और आगे के सफर के लिए उपायुक्त ने जिला प्रशासन एवं जिले वासियों की ओर से उन्हें ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## मानगो डिमना रोड के फुथपाथी दुकानदारों से मिले मंत्री बन्ना गुप्ता , कहा गरीबों का दुःख दर्द समझता हूं किसी के साथ नाइन्साफी नही होगी

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) , 29 मार्च 2023 : जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह सुबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता बुधवार को मानगो डिमना रोड के प्रभावित दुकानदारों से मिले. इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी, हर किसी को पुनः बसाया जायेगा. मंत्री ने कहा कि वे गरीब का दुःख दर्द समझतें हैं. हर बार कभी आग लगने से तो कभी अन्य कारणों से दुकानदारों को आर्थिक नुकसान होता था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. सभी विस्थापित दुकानदारों को जगह मिलेगा. इसके लिए जिला प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिया गया हैं. वर्तमान में जितने लोगों को जगह मिली है वे खुश है बाकि लोगों को भी जल्द उचित जगह मिलेगी.

राजनीति करने वालों को लिया आड़े हाथों

मंत्री ने इस मामले में राजनीति करने वाले नेताओं को भी जम कर लताड़ा, खासकर विधायक सरयू राय पर निशाना साधा. सरयू राय का नाम लिए वगैर उन्होंने कहा कि 10 साल विधायक रहने वालों ने कभी भी इन भोले और गरीब लोगों के बारे नहीं सोचा. ऐसे लोग आज घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं. यदि अपने मंत्री काल में उन्होंने कोई ठोस पहल की



होती तो आज ये बेचारे दुकानदार दर दर की ठोकर नहीं खा रहे होते. अपने ठेकेदार और चहेतो को स्कूटर से फॉर्चूनर तक की तरक्की करा दी. लेकिन आज तक दुकानदारों की सुध नहीं ली. उनके 10 साल के विधायकी काल में 7 बार मानगो बाजार में आग लगी वे बताये कितने बार मुआवजा मिला? जब वे मिनिस्टर थे तो इनके बेहतर जीवन के लिए क्या क्या योजना लाये? विधायक रहते हुए उन्होंने कितने बार इन दुकानदारों के लिए विधानसभा में आवाज उठाई?

जल्द निकलेगा दुकानदारों के पुनर्वास का रास्ता

मंत्री बन्ना ने कहा कि कुछ नेता बन्ना गुप्ता के विरोध में उत्तर कर अपने पूर्वी विधानसभा के कुछ असामाजिक तत्वों के साथ भोली भाली जनता को मुर्ख बनाने के लिए प्रकट हुए थे. लेकिन क्षेत्र की जनता जानती है कि बन्ना गुप्ता कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे गरीबों का हक मरा जाए. उन्होंने कहा कि वे इस मामले में जिला प्रशासन और नगर विकास विभाग के वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर जल्द रास्ता निकालेंगे. फुटपाथ दुकानदारों के साथ न्याय करेंगे, जब तक बन्ना गुप्ता है किसी को डरने और घबराने की जरूरत नहीं है.

## नौडीहा बाजार अस्पताल में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया

**दैनिक समाज जागरण राज किशोर कुमार अनुमंडल संवाददाता छतरपुर पलामू झारखंड 29 मार्च 2023**

नौडीहा बाजार : नौडीहा बाजार अस्पताल में बुधवार को प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें 250 से अधिक मरीजों ने उपचार कराया और मुफ्त दवा ली, स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर संतोष प्रसाद 20 सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष प्रसाद ने बताएं कि अधिकांश मरीज कमर दर्द, पीठ दर्द, घुटने का दर्द, कब्जियत जोड़ों का दर्द की शिकायत लेकर आए थे लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई , कथा 70 से 75 लोगों को आंखों की समस्या को देखते हुए चश्मा मुफ्त वितरण किया गया वही 10 से अधिक गर्भवती महिलाओं को मुफ्त में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए मां ललिता अल्ट्रासाउंड में रेफर किया गया वही नौडीहा बाजार की जनता ने इसका भरपूर फायदा उठाकर काफी खुश दिखे।

# स्वच्छोत्सव 2023- अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस

***एसबीएम-यू: जनभागीदारी से जन आंदोलन तक स्वच्छता यात्रा: महिलाएं कचरा मुक्त शहरों के आंदोलन में अग्रणी प्रभावी कचरा प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के लिए महत्वपूर्ण***

एसबीएम-यू 2.0 के तहत ओडीएफ से कचरा मुक्त शहरों की ओर कदम

आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री हरदीप एस पुरी ने कहा है कि 2014 के बाद से, भारत ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में परिवर्तन देखा है, स्वच्छता न केवल हर सरकारी योजना का एक मूलभूत सिद्धांत बन गया है बल्कि नागरिकों के रहन-सहन में भी शामिल हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन - शहरी (एसबीएम-यू) जनभागीदारी के सिद्धांत को स्थापित करने वाला पहला बड़े पैमाने का कार्यक्रम था। लोगों के स्वामित्व और इस मिशन के नेतृत्व ने इस सरकारी कार्यक्रम को एक जन कार्यक्रम में बदल दिया। एसबीएम-यू एक जन आंदोलन बन गया। मंत्री ने महिलाओं के नेतृत्व वाले जन आंदोलन के रूप में 'कचरा मुक्त शहरों के लिए रैली' की सराहना की, जहां लाखों नागरिकों ने अपनी सड़कों, पड़ोस और पार्कों की सफाई की जिम्मेदारी ली है।

श्री पुरी ने 'बदलाव की कहानियां' संग्रह का अनावरण किया, जिसमें कुछ आश्चर्यजनक जमीनी सफलताओं को शामिल किया गया है और जनसमूह को सूचित किया कि 300 से अधिक महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने विभिन्न कचरा प्रबंधन मॉडल सीखने के लिए शहरों की यात्रा की है। आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने बदलाव लाने वाले 'स्वच्छता दूत' को बधाई दी, जिनमें से अनेक ने पहली बार यात्रा की और इस समृद्ध अनुभव ने उन्हें देखने, बातचीत करने और सीखने के लिए एक मंच प्रदान किया है।निमार्ताओं, जिनमें से कई पहली बार यात्री हैं और इस समृद्ध अनुभव ने उन्हें देखने, बातचीत करने और सीखने के लिए एक मंच प्रदान किया। शहरी भारत में एक उद्यम के रूप में चार लाख महिलाएं सीधे स्वच्छता और कचरा प्रबंधन में लगी हुई हैं। स्वच्छ भारत मिशन के जरिये, हमने महिलाओं को न केवल सम्मान प्रदान किया, बल्कि आजीविका के ठोस अवसर भी प्रदान किए।

श्री पुरी ने नई दिल्ली में 'स्वच्छोत्सव - 2023: कचरा मुक्त शहरों के लिए रैली' के प्रतिभागियों को संबोधित किया, जिसका आयोजन शहरी विकास मंत्रालय ने जीआईजेड, पर्यावरण, प्रकृति संरक्षण, परमाणु सुरक्षा और उपभोक्ता संरक्षण के लिए संघीय मंत्रालय; यूएनईपी और यूएन हैबिटैट के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय शून्य अपशिष्ट दिवस, 2023 के भारत के उत्सव के हिस्से के रूप में किया था। इस कार्यक्रम में कचरा मुक्त शहरों में सर्कुलरिटी में अच्छी कार्य प्रणालियों, कचरा मुक्त शहरों के लिए



महिलाओं और युवाओं, कचरा मुक्त शहरों के लिए व्यवसाय और तकनीक पर चर्चा की गई, जिसमें 350 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें महापौर, आयुक्त, मिशन निदेशक, व्यापार और तकनीकी विशेषज्ञ, स्वच्छता में अग्रणी महिलाएं और युवा, तकनीकी संस्थान, विकास भागीदार इत्यादि शामिल थे।

मिशन की उपलब्धियों के बारे में, मंत्री ने बताया कि शहरी भारत खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बन गया है, जिसमें सभी 4,715 शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) पूरी तरह से ओडीएफ हैं, 3,547 यूएलबी कार्यात्मक और स्वच्छ सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों के साथ ओडीएफ+ हैं और 1,191 यूएलबी पूर्ण मल कीचड़ प्रबंधन के साथ ओडीएफ++ हैं। इसके अलावा, भारत में अपशिष्ट प्रसंस्करण जो 2014 में 17 प्रतिशत था, चार गुना बढ़कर आज 75 प्रतिशत हो गया है। इसे 97 प्रतिशत वार्डों में 100 प्रतिशत घर-घर जाकर कचरा संग्रह के माध्यम से सहायता मिली है और देश में सभी यूएलबी में लगभग 90 प्रतिशत वार्डों में नागरिकों द्वारा स्रोत पर कचरे को अलग करने का अभ्यास किया जा रहा है।

श्री पुरी ने विश्वास व्यक्त किया कि एसबीएम-यू के लक्ष्यों को प्राप्त करने में दिखाया गया संकल्प और दृढ़ संकल्प मिशन के दूसरे चरण (एसबीएम-यू 2.0) में कई गुना बढ़ जाएगा, जहां भारत का लक्ष्य कचरा मुक्त बनना है। उन्होंने देश में कचरा प्रबंधन के बारे में जागरूकता बढ़ाने में आज की 'कचरा मुक्त शहर' रैली के महत्व पर प्रकाश डाला, क्योंकि खपत पैटर्न में बदलाव और तेजी से शहरीकरण कचरा उत्पादन बढ़ाता है।

यूएलबी के बीच प्रतिस्पर्धी, मिशन-मोड की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए जनवरी 2018 में शुरू किए गए कचरा मुक्त शहरों -स्टार रेटिंग प्रोटोकॉल की प्रगति की चर्चा करते हुए, उन्होंने गर्व से घोषणा की कि प्रमाणन पहले वर्ष में केवल 56 शहरों से बढ़कर अब तक 445 शहरों में पहुंच चुका है। हमने अब अक्टूबर 2024 तक कम से कम 1,000 3-स्टार कचरा मुक्त शहरों का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

कचरा प्रबंधन भारत की पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने की प्रतिबद्धताओं का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पिछले वर्ष जून में, प्रधानमंत्री ने लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (लाइफ) आंदोलन की शुरूआत की और हममें से प्रत्येक से जीवन में 'वेस्ट टू वेल्थ' और सर्कुलर इकोनॉमी की अवधारणा को अपनाकर 'प्रो-प्लैनेट पीपल' बनने का आग्रह किया था। वर्ष 2023-24 के बजट ने सूखे और गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन पर अधिक ध्यान देकर सर्कुलर अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने कचरा प्रबंधन की चक्रीयता सुनिश्चित करने और कचरे को मूल्यवान संसाधनों में बदलने के शून्य-अपशिष्ट दृष्टिकोण को लागू करने में महिला नेतृत्व की भूमिका की सराहना की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों को एक पेशेवर स्तर तक बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि इस समूह की उच्च आय सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, 'कचरा प्रबंधन में महिलाएं' से लेकर 'महिला नेतृत्व वाले कचरा मुक्त शहर' हमारे माननीय प्रधानमंत्री की कल्पना के अनुरूप वांछित परिणाम दिखा रहे हैं।

आवासन और शहरी कार्य मंत्री ने शहरों के महापौरों और आयुक्तों की सराहना की, जिन्होंने कचरा मुक्त शहरों के लिए 'स्वच्छता के नवरत्न' प्रतिज्ञा पर हस्ताक्षर किए थे और आशा व्यक्त की कि वे अपने शहरों में प्रत्येक नागरिक को 'कचरा मुक्त शहर' का संदेश प्रसारित करेंगे। इसके अलावा, श्री पुरी ने भारत में संयुक्त राष्ट्र, और शून्य कचरा दिवस कार्यक्रम में सहयोग करने के लिए अन्य सहयोगी संगठनों के साथ-साथ स्वच्छता की हमेशा हिमायत करने वाले राज्यों और शहरों के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया।

## एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने किया कतरास, बाघमारा सहित विभिन्न क्षेत्र का दौरा

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, अपर समाहर्ता (विधि व्यवस्था) कमला कांत गुप्ता ने आज कतरास, बाघमारा, तेतुलमारी, बरोरा सहित अन्य थाना क्षेत्र का दौरा किया।



इस दौरान उन्होंने बाघमारा थाना में विभिन्न अखाड़ा दल के साथ बैठक की और शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी पर्व मनाने को कहा।

उन्होंने कहा सभी अखाड़ा दल शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से जुलूस को निर्धारित मार्ग से निकाले। खतरनाक खेल से परहेज करें। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंधित डीजे का उपयोग नहीं करें। लाउडस्पीकर को कम वॉल्यूम में बजाए। जुलूस के मार्ग में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने की भी बात कही।

## चैती नवरात्र वर्षो से धुमधाम से मनाया जा रहा है

**दैनिक समाज जागरण,कपिल कुमार मिश्रा,ब्युरो चीफ,गिरिडीह**

गिरिडीह (झारखंड) 29 मार्च 2023:-गिरिडीह शहर मे इन दिनों रामनवमी के साथ साथ नवरात्र पुजा भी धुमधाम से मनाया जा रहा है।शहर के राजपुत मोहल्ला के आनंद भवन परिसर मे मां दुर्गा के प्रतिमा के स्थापना करके पूरे हर्षोल्लास से नवरात्री का पुजा मनाया जाता है।इस चैती नवरात्र पुजा के आयोजक श्री सौमित्र गोस्वामी ने बताया कि बीते सात वर्षों से लगातार अपने परिवार एवं समाज के स्वैच्छिक सहयोग से पुरे धुम- धाम से पुजन किया जा रहा है।उन्होने बताया कि विशेषकर संध्याकालीन आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडती है।आरती के पश्चात श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाता है।यहां के पुजारी श्री अमरनाथ मुखर्जी है।मां दुर्गा के परम भक्त मुल रुप से बंगाल के नाडीया जिला के रहनेवाले है।यहां के भव्य पुजा मे इनके पत्नी श्री मति अंकिता गोस्वामी,पुत्री कौशिकी,कौशमी, परिवार एवं समाज का सहयोग मिलता है।



## तमाड़ क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात जारी

**राहुल कुमार साहू दैनिक समाज जागरण संवाददाता़ तमाड़ रांची**

आज दिनांक प्त29 मार्च 2023 तमाड़ के वन क्षेत्रों में इन दिनों जंगली हाथियों का तांडव सर चढ़कर बोल रहा है इस क्रम में वन क्षेत्र के सुमनदाढ़ी में 4 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया वही हाथियों के झुंड के चपेट में आने से एक वृद्ध महिला बासनी देवी बाल बाल बची घटना के संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि वृद्ध दंपत्ति बनमाली सिंह मुंडा और उसकी पत्नी बासनी देवी घर में सो रही थी रात के करीब 11:00 बजे हाथियों के झुंड ने हमला बोलकर घर को तोड़ना शुरू कर दिया जिसमें वृद्ध महिला का आधा शरीर दब गया किसी तरह उसके पति ने हिम्मत कर महिला को खींचकर दीवाल के समीप से दूर कर दिया और दोनों भाग निकले घटना की जानकारी पाकर विधायक प्रतिनिधि मृत्युंजय महतो पीड़ित दंपति से मुलाकात की और तत्काल उन्हें राशि देकर खाद सामग्री खरीदने को कहा उन्होंने कहा कि हाथियों का एकमात्र समाधान कॉरीडोर बनाना ही है। अभी गांव में भी उक्त हाथियों के दल ने हमला शुक्रमानो देवी के घर तोड़ दिया घर में रखे धान एवं चावल को तहस-नहस कर और पूरी तरह से बर्बाद कर दिया । ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन हाथी आते रहते हैं जिससे हमारी फसलें घर में रखे धान चावल को नष्ट करती है।



## सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर जेएनएसी कार्यालय पर किया प्रदर्शन, कहा दाने-दाने को मोहताज 6 महीने से नही मिला वेतन

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम ( झारखंड ) , 29 मार्च 2023 : विगत 6 माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज सफाई कर्मचारियों ने साकची स्थित जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के कार्यालय में पचास से अधिक संख्या में सफाई कर्मचारियों ने झाड़ू लेकर प्रदर्शन किया. वेतन नहीं मिलने से सफाई कर्मचारियों ने बुधवार को सफाई कार्य भी ठप कर कर दिया.



जेएनएसी कार्यालय के बाहर झाड़ू व अन्य सामान लेकर जमकर प्रदर्शन किया. आक्रोशित सफाई कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की. सफाई कर्मचारियों ने जेएनएसी के अधिकारियों पर आरोप लगाया कि कार्यालय में घुस दिये बिना टेंडर का बिल पास नहीं किया जाता. सरकारी बाबुओं के द्वारा बिल पास करने से पहले घुस देने की बात कही जाती है. इसके बाद बिल जमा करने को कहा जाता है. सफाई कर्मचारियों की माने तो अब उन लोगों के लिए अपने परिवार का भरण-पोषण कर पाना मुश्किल हो गया है, दाने दाने को मोहताज हो गए हैं.

सोनरी-कदमा में सफाई कार्य ठप

बुधवार की सुबह सफाई कर्मचारियों के प्रदर्शन के कारण शहर के सोनारी, कदमा के इलाकों में सफाई कार्य बाधित रहा. सफाई कर्मचारियों के सफाई कार्यों के ठप्प होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा. इस संबंध में साकची स्थित जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के अधिकारियों से जब बात करने की कोशिश की तो उन्होंने इस विषय पर हमें कोई जवाब नहीं दिया. हमारे सवालों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई.

## अड़की के सुदूरवर्ती गांव में कलश यात्रा निकाली गई

**दैनिक समाज जागरण राजेश कुमार प्रखंड संवाददाता अड़की**

रांची झारखंड 29 मार्च 2023 -अड़की प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ,जारंगा एवं अड़की गांव में भाव्य कलश यात्रा निकाली गई। रामनवमी के पूर्व सैकड़ों माताएं एवं बहनें नदी से कलश में जल लेकर महा अष्टमी के दिन व्रत रखकर भगवान महावीर बजरंगबली की पूजा अर्चना किए । इस अवसर पर समिति के सदस्य एवं उपासक हाथों में बजरंग बली का झंडा लेकर कलश यात्रा में जय श्री राम का नारा लगाते हुए मंदिर पहुंचकर पुजा अनुष्ठान करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। रामनवमी के त्यौहार पर शांति पूर्वक संपन्न कराने के लिए अड़की थाना के पुलिस बल अहम भूमिका रही।



## आम सभा बुलाने का अधिकार मात्र एसोसिएशन को है काउंसिल को नहीं, अमरेंद्र सहाय

(आर एन चौरसिया ब्यूरो चीफ)

कुछ प्रभावशाली काउंसिल के सदस्यों के प्रभाव में आकर काउंसिल ले रही है गलत निर्णय, धनबाद बार एसोसिएशन चुनाव धनबाद , धनबाद बार एसोसिएशन में चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो चुका है ।इसी कड़ी में बुधवार को धनबाद बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष, अमरेंद्र सहाय, महासचिव, जितेंद्र कुमार, उपाध्यक्ष, राजदेव भारती ने एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि धनबाद बार एसोसिएशन में आमसभा बुलाने का अधिकार एकमात्र एसोसिएशन को है ,ना कि बारकाउंसिल को। एसोसिएशन के द्वारा 11 अप्रैल 23 को आम सदस्यों की बैठक बुलाई गई है ।जिसमें सभी एजेंडे पर चर्चा होगी। मीडिया में कांउसिल के हवाले से खबर प्रकाशित हुई कि धनबाद बार एसोसिएशन की आम बैठक एक अप्रैल को होगी, जिससे भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। सहाय ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान कमेटी का कार्यकाल 27 मार्च 21 से 26 मार्च 23 तक थी। कमेटी ने झारखंड स्टेट बार काउंसिल को पत्र लिखकर अंकेक्षक को भेजने का आग्रह भी किया , परंतु अंकेक्षक अब तक एसोसिएशन नहीं पहुंचे, जिस कारण काउंसिल को सूचित किया गया कि वर्तमान कमेटी ने 11 अप्रैल 23 को आम सभा निर्धारित की है। सहाय ने कहा कि एसोसिएशन के पत्र पर काउंसिल के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई ,बल्कि दो पर्यवेक्षक नियुक्त कर वर्तमान कमेटी को सूचित किया गया और काउंसिल के पर्यवेक्षक ने पत्र भेजकर यह सूचना दी कि 1 अप्रैल 23 को 1:30 बजे दिन में एसोसिएशन में आमसभा होगी ,जो दुर्भावना से ग्रसित व विधि विरुद्ध है। जबकि कमेटी ने काउंसिल से अवधि विस्तार की प्रार्थना 18 मार्च 23 एवं 20 मार्च 23 को ही की थी । उन्होंने आरोप लगाया कि एसोसिएशन के कुछ प्रभावशाली लोग काउंसिल को गलत जानकारी देकर चेयरमैन को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं।



## 31 मार्च से 7 अप्रैल तक पुस्तक मेले का भव्य आयोजन

**आर एन चौरसिया, ब्यूरो चीफ**

धनबाद, बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा धनबाद पुस्तक मेला 2023 का भव्य आयोजन 31 मार्च से 7 अप्रैल तक जिला परिषद मैदान में किया जाएगा।

बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के सचिव गोपाल भट्टाचार्य ने पुस्तक मेला स्थल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए बताया कि 31 मार्च को पुस्तक मेला का उद्घाटन कोलकाता की लेखिका प्रतिभा सरकार एवं मयूरी मित्रा द्वारा किया जाएगा। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता, डायरेक्टर ,आईएसएम आईआईटी के प्रो. राजीव शेखर, झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह,धनबाद विधायक राज सिन्हा व अमितेश सहाय उपस्थित रहेंगे।पुस्तक मेला में प्रवेश शुल्क रु. 10/- रखा गया है। हालांकि 12वीं तक के छात्रों का प्रवेश निशुल्क रहेगा। पुस्तक मेले में कुल मिलाकर 55 स्टॉल होंगे। जिसमें आनंद, डेज, सेतु प्रकाशनी, नोइशित, सिमिका प्रकाशन, पालोक प्रकाशन, महुआ प्रकाशन, कठफोड़वा, अंजलि, अल्पना, साहित्य मंदिर, चित्रलेखा, साहित्य मंदिर, बोई निकेतन, मनोज बुक स्टॉल, वैभब, मनोज बुक स्टोर समेत अन्य प्रसिद्ध प्रकाशक भाग लेंगे। पुस्तक मेले में सेन्को ज्वैलर्स, सन राइज,आईटीसी,एसबीआई के स्टॉल व पुस्तक प्रेमियों के लिए फूड स्टॉल भी रहेंगे।मेले में आने के लिए सभी स्कूलों को आमंत्रित किया गया है । साथ ही छात्रों के लिए 30 हजार निःशुल्क पास जारी किया जा रहा है। पुस्तक मेले के दौरान छात्रों के लिए भाषण प्रतियोगिता,चित्रकला प्रतियोगिता एवं प्रतिदिन संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है ।जिसमें धनबाद एवं कोलकाता के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।मेले के समापन में सात अप्रैल को कोलकाता के शंखमाला मंडली द्वारा एक भव्य समापन समारोह ,जलोछाश कथा कोय, एक ऑडियो-विजुअल है। संवाददाता सम्मेलन में बंगाली वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष अतनु गुप्ता, नारायण राय चौधरी, सुरजीत पाल, सुभाषित सेनगुप्ता, गौतम दास, हिरणमई मित्रा, सागर बनर्जी सुरोजित दत्ता समेत अनेक सदस्य मौजूद थे।



## रामनवमी विसर्जन जुलूस में प्रतिनियुक्त पुलिस एवं दंडाधिकारियों को संवेदनशील स्थानों पर चौकसी बरतने का निर्देश दिया गया

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

पूर्वी सिंहभूम, ( झारखण्ड ) , 29 मार्च 2023 : रामनवमी पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिनियुक्त सुपर जोनल, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारियों को बुधवार को उनके कर्तव्य के संबंध में ब्रीफ किया गया. बैठक में उपस्थित सदस्यों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील स्थानों की विस्तृत जानकारी देने के साथ-साथ क्या-क्या एहतिहाती कदम उठाये जा सकते हैं इसकी जानकारी दी गई. सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि संध्या 8 बजे तक जुलूस का विसर्जन सुनिश्चित करेंगे. किसी एक जगह पर जुलूस ज्यादा देर तक नहीं रूका रहे इसका भी ध्यान रखेंगे. अखाड़ों के लाइसेंसधारी से संपर्क बनाये रखने तथा अखाड़ों द्वारा उपलब्ध कराये गए वॉलंटियर से भी संपर्क कर जरूरी दिशा-निदेश देने का निर्देश दिया गया. जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आयोजकों से भी अपील किया कि शांति व्यवस्था को बाधित किए बिना पर्व मनायें, यह उत्सव का पर्व है ऐसे में दूसरों की भावनाओं का सम्मान रखते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार संपन्न हो इसका विशेष ध्यान रखें.

पुलिस-मजिस्ट्रेट जिला प्रशासन के आंख, कान व हाथ- डीसी

उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि प्रतिनियुक्त सभी पुलिस एवं प्रशासनिक पदाधिकारी जिला प्रशासन के आंख, कान, हाथ हैं. ऐसे में पूरी चुस्ती से अपने कर्तव्यों का निर्वह्न करें, नियमित फील्ड से अपने वरीय पदाधिकारियों को फीडबैक देते रहें. दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल में किसी भी तरह से संवादहीनता की स्थिति नहीं रहे, आपसे में फोन नंबर साझा करें, आपसी समन्वय से कार्य करें. स्टेटिक मजिस्ट्रेट भी जुलूस के साथ चलेंगे, जब तक वरीय पदाधिकारियों द्वारा आदेश नहीं दिया जाता तबतक प्रतिनियुक्ति स्थल से नहीं हटेंगे. विसर्जन घाटों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी जुलूस के विसर्जन का अपडेट कंट्रोल रूम में देते रहेंगे.



अखाड़ो का संयुक्त निरीक्षण करें अधिकारी- एसएसपी

वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजनों के सफल संचालन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी सक्षम हैं. पूर्व में भी सभी अपनी प्रतिबद्धता दिखाते आए हैं. पूरा जिला प्रशासन आप सभी के साथ है, जरूरत है कि प्रतिनियुक्त बल ऊर्जा बनाये रखें. सभी बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी सभी अखाड़ा का संयुक्त रूप से निरीक्षण करें। सिविल ड्रेस में भी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होने कहा कि किसी भी तरह से असामाजिक गतिविधि या शांति व्यवस्था बनाये रखने में बाधा पहुंचाने की कोशिश होती है तो तत्काल वीडियोग्राफी, फोटोग्राफी करा लें, जुलूस समापन के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी.

ये अधिकारी थे मौजूद

रवीन्द्र भवन सभागार में विजया जाधव एवं वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार, एसपी ग्रामीण मुकेश लुणायत, एसडीएम धालभूम पीयूष सिन्हा, सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर (प्रभारी) दीपू कुमार, निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, एडीसी जयदीप तिग्गा, विशेष पदाधिकारी जेएनएसी संजय कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी दिनेश रंजन, डीसीएलआर रवीन्द्र गागराई, डीपीओ अरूण द्विवेदी समेत अन्य वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे.

## मोहनपुर हॉट में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार का विरोध किया : कांग्रेस पार्टी

**दैनिक समाज जागरण प्रखंड संवादाता मोहनपुर देवघर**

राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने केंद्र सरकार का विरोध में नारेबाजी किये

मोहनपुर, देवघर (झारखंड) दिनांक 29 मार्च 2023:

मोहनपुर हाट में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम के द्वारा केंद्र सरकार के विरोध किया गया। जिसमें राहुल गांधी की सदस्यता रद्द होने का विरोध करते हुए जिला अध्यक्ष प्रोफेसर उदय प्रकाश ने संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की रवैया इतनी गिर गई है कि हमारे नेता राहुल गांधी से डर गए हैं जो उन्हें 2024 में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनेगी इसलिए यह सब चाल है अपना रहे हैं। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार के रवैया को आम लोगों के साथ गिनाया की केसे कांग्रेस पार्टी के साथ व्यावहार कर रहे हैं जो पूरे भारत की जनता ने देख रही है। इस कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पंजाबी राउत, लक्ष्मी कांत मिश्रा, अजय कांत ठाकुर, गंगाधर राजक, प्रखंड अध्यक्ष हेमंत चौधरी, गौरी शंकर यादव, श्रीकांत यादव, आदि नेताओं ने संबोधित करते हुए नुक्कड़ नाटक का कार्यक्रम किया गया जिसमें केंद्र सरकार का विरोध किया गया। वही नुक्कड़ नाटक के कलाकार लालदेव यादव रंजीत चौधरी मनोहर तुरी सीताराम चौधरी प्रमोद चौधरी इत्यादि कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के द्वारा कार्यक्रम किया गया।

## आनंद मार्ग के 79वें मासिक रक्तदान शिविर में 40 यूनिट रक्तदान एवं 100 पौधा किया गया दान

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से एक दिवसीय 79वां मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया, जिसमें लगभग 40 यूनिट रक्त संग्रह हुआ जो कि मानव कल्याण के लिए तथा 100 पौधों रक्तदाताओं एवं ब्लड बैंक कैंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण किया गया जो प्राकृतिक कल्याण के लिए किया गया. आनंद मार्ग के रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया गया. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर सरकार, राकेश कुमार , राजेंद्र रंजन एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा.

## खड़ंगाझार में 15 फीट बाहुबली बजरंगबली होंगे जुलूस में आकर्षण का केंद्र

**नागेन्द्र कुमार, ब्यूरोचीफ, दैनिक समाज जागरण, पूर्वी सिंहभूम**

जमशेदपुर । टेल्को खड़ंगाझार में स्थित 1972 में स्थापित हनुमान मंदिर अखाड़ा समिति इस बार अपने 53वें वर्षगाठ में सप्तमी के दिन महिला श्रद्धालु के साथ कलश यात्रा की शुरूआत हुई । अखाड़ा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि यहाँ एक मात्र अखाड़ा है जिसमें महिला श्रद्धालु बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं और जुलुस में शामिल होती है। सप्तमी के दिन खड़ंगाझार चौक में अखाड़े की तरफ से बच्चों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। वहीं अष्टमी के दिन मुंबई के प्रसिद्ध आशीष पांडेय एवं नीलकंठ मोदी के द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया । जबकि नवमी के दिन दिल्ली एवं हरियाणा से आए कलाकारों द्वारा विशेष झांकी निकाली जायेगी, जिसमें आकर्षण का केंद्र 15 फीट बाहुबली हनुमान जी होंगे। साथ ही बिसर्जन जुलुस में एक से बढकर एक धमाकेदार तलवार बाजी का कर्तव्य दिखाया जायेगा। दशमी के दिन दोपहर 12 बजे जुलुस मानगो के लिए प्रस्थान करेगा । इसके अलावा अखाड़ा की तरफ से चारों दिन निःशुल्क भोग का वितरण भी किया जाएगा।



## 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति ने गोविंदपुर प्रखंड परिसर में लगाया जनता दरबार

(आर एन चौरसिया ब्यूरो चीफ)

टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं 20- सूत्री के उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से किया 20- सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

गोविंदपुर, बुधवार को धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के उपस्थिति में बीस-सूत्री समिति की ओर से गोविन्दपुर प्रखंड परिसर में जनता दरबार लगाया गया। साथ ही टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो एवं धनबाद जिला 20-सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह के कर-कमलों के द्वारा गोविन्दपुर प्रखंड 20-सूत्री का कार्यालय उद्घाटन भी किया गया। मौके पर गोविंदपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल पदाधिकारी सहित सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे। उक्त अवसर पर धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के उपाध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि धनबाद जिला 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति जिला के सभी प्रखंड में जनता दरबार लगाकर झारखंड सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को सुनिश्चित रुप से मिले, जिसके लिए दृढसंकल्पित है। इसी कड़ी में आज गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय में 20-सूत्री समिति की ओर से जनता दरबार लगाए गया।उक्त जनता दरबार में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। जनता दरबार से लोगों में खुशी और उत्साह देखी गई और लोगों ने पीएम आवास, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, जमीन से संबंधित दाखिल खारिज,मोटेसन, जाति,आवासीय संबंधित आवेदन सैकड़ों लोगों ने दिया, ।उस आवेदन पर प्रखंड , अंचल पदाधिकारी ने अविलंब निराकरण करने का आश्वासन दिया। आगे श्री सिंह ने कहा कि गैर भाजपा शासित राज्य होने के कारण केंद्र सरकार झारखंड सरकार के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है ।एक तरफ प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास की बात करते हैं , वहीं दूसरी तरफ लगभग पांच साल से केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में पीएम आवास योजना का पोर्टल नहीं खोला गया है ।जो दुर्भाग्यपूर्ण है।आवास योजना का पोर्टल नहीं खोलने के कारण जरुरतमंद लोगों का आवास आवंटन नहीं हो पा रहा है और न हीं इसका लाभ लोगों को मिल पा रहा है। आगे श्री सिंह ने कहा की धनबाद जिला 20-सूत्री जिला के सभी प्रखंड में जनता दरबार लगाकर राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रुप से दिलाने का काम करेगी।कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष ,लखी सोरेन,शमशेर आलम, योगेंद्र सिंह योगी, हराधन रजवार, राजू प्रमाणिक, गोविंदपुर प्रखंड 20-सूत्री अध्यक्ष अख्तर हुसैन अंसारी,अनिल साव, पप्पू कुमार तिवारी,मनोज कुमार हाड़ी,मो.पैगम अली,राजेंद्र किस्कू प्रशांत हेम्ब्रम सहित सभी बीस-सूत्री सदस्य व सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद थे।



## ईचा डैम विस्थापित क्षेत्र भोंदोडीह पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, कहा:- ईचा खरकई डैम रद्द होनी चाहिए

**रवि कांत गोप,समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)29 मार्च2023 :- राजनगर प्रखंड क्षेत्र के कुजु पंचायत अतंर्गत बोन्दोडीह में बुधवार को ईचा खरकई बांध विरोधी संघ के संयोजक दशकन कुदादा की अध्यक्षता में डूब क्षेत्र के रैयतों की बैठक सम्पन्न हुई. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पुर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा उपस्थित थे. बैठक में निर्णय लिया गया कि कुजु चौक में शहीद गंगाराम कलुंडिया की अदमकद मुर्ति स्थापित किया जायेगा. बैठक के बाद पत्रकारों से बातें करते हुए पुर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि ईचा डैम विस्थापित लोगों का मांग है कि डैम नही बनना चाहिए. डैम से कई गांव विस्थापित होंगें. सरकार भी इस डैम को न बनायें तो अच्छा होगा. कल्याण सह परिवाहन मंत्री चंपई सोरेन ने डैम का स्वारुप बदलने की बातें कर रहे हैं,इस सवाल का जबाब देते हुए श्री कोड़ा ने कहा कि स्वारुप बदलने का स्पष्ट करना चाहिए.

उन्होंने सरकार के 60 - 40 नियोजन नीति के संबंध में कहा कि इसका मैं समर्थन नहीं करता हूं. 60 - 40 नियोजन नीति में नौकरियों का बाजार भी ओपन हो गया. ऐसा नहीं होना चाहिए. उन्होंने कहा कि सरकार इस पर विचार करने की जरूरत है.

संयोजक दशकन कुदादा ने कहा कि डैम प्रभावित क्षेत्र के लोगों को ईचा डैम नासूर की तरह चुभ रहा है. डैम निर्माण ने प्रभावितों का जीना हराम कर दिया है. इसलिए नसूर रूपी डैम को हमेशा के लिए रद्द कर देना ही उचित है।मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा, प्रकाश महतो, पुर्व मुखिया जयश्री तियु, योगेश कालुंडिया, कंदरा अल्डा, जीवन पाड़ेया, मरकंडे बाडरा, मानसा बोदरा, मरकंडे बारी, घासीराम खंण्डैत, राज सिंह कालुंडिया, पूर्ण चंद्र गोप, अंतोषी महतो आदि मौजूद थे।वहीं राजनगर में पूर्व मुख्य मंत्री के स्वागत कांग्रेस पार्टी जिला अध्यक्ष विशु हेम्ब्रम, प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल गौड़,डोमन महतो,बासुदेव प्रधान,समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## वस्त्र मंत्रालय,भारत सरकार की बलियापुर स्थित घोघाबांध ग्राम को मॉडल ग्राम बनाने की वृहद योजना

आर एन चौरसिया, ब्यूरो चीफ

30 ग्रामीण युवक-युवतियों को बांस से बने उपयोगी उत्पादों के लिए दिया दो महीनों का गहन प्रशिक्षण वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार ने उपलब्ध कराई प्रशिक्षक, रॉ मैटेरियल, सभी प्रशिक्षुओं को पंद्रह हजार रुपए स्टाइपेंड धनबाद, धनबाद के गोल्फ ग्राउंड मे बाँस से बने कलात्मक हस्तशिल्प को अगर आपने देखा हो तो अनुमान नहीं होता कि ये हमारे बलियापुर प्रखण्ड के घोंगाबाद के मोहली समाज के हस्तशिल्पिओं द्वारा बनाया गया है। इसके पीछे की कहानी भी कम दिलचस्प नहीं है। बलियापुर के घोघाबांध ग्राम में मोहली समाज के 30 स्थानीय युवक-युवतियों को बांस से बनने वाले हस्तशिल्प उत्पादों के लिए प्रशिक्षण वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के विकास आयुक्त हस्तशिल्प द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में 30 प्रशिक्षुओं को उत्पाद बनाने के लिए अनुभवी प्रशिक्षक और समस्त रॉ मैटेरियल विभाग द्वारा दिया गया। साथ ही प्रत्येक प्रशिक्षु को पंद्रह हजार रुपया स्टाइपेन्ड ,भत्ता भी दिया जायेगा। इन सारे प्रशिक्षुओं को सर्वप्रथम चौपाल के माध्यम से शिल्पी पहचान पत्र उपलब्ध कराकर जोड़ा गया ।प्रशिक्षण के बाद बाजार उपलब्ध कराने के लिए गांधी शिल्प बाजार में उत्पादों के प्रदर्शन एवं टेस्ट मार्केटिंग के लिए स्टॉल प्रदान किया गया था। वस्त्र मंत्रालय विभाग के सहायक निदेशक भूवन भास्कर ने बताया प्रशिक्षु शिल्पकारों को सतत जीविका उपलब्ध कराने एवं उनके बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं समाज के मुख्यधारा में लाने का कार्य कर रही है । साथ ही स्थानीय ग्रामीण लोगों के लिए शिल्पकला का प्रशिक्षण कार्यक्रम विभाग द्वारा क्रियान्वित होता रहेगा।

शिल्पकारों को प्रशिक्षण देने के लिए विभाग द्वारा मुंबई की टिंकरहॉट इनोवेशन फाउंडेशन को विलेज डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत जोड़ा गया ,ताकि प्रशिक्षण के बाद जिला स्तर पर हस्तशिल्पओं को लगातार सहयोग उपलब्ध होता रहे।

टिंकरहॉट इनोवेशन फाउंडेशन के को-फाउंडर दीपिका सिंह ने बताया कि आने वाले दिनो में धनबाद जिले के बलियापुर ब्लॉक के घोघाबांध ग्राम, सरिताकुंडी ग्राम एवं बेलगड़िया ग्राम के आर्टिसन को हस्तशिल्प सेवा केंद्र, देवघर एवं अन्य विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे , ताकि धनबाद जिले के इन तीनों ग्रामों को मॉडल ग्राम बनाया जा सके। हलाँकि इस दिशा में हमारी संस्था कार्यरत है। स्थानीय बांस एवं अन्य शिल्पकारों के उत्थान के लिए सभी विभागों से सम्पर्क कर जीविका एवं शिक्षा क्षेत्र में संचालित योजनाएँ का लाभ दिलाने का पुरा प्रयास किया जा रहा है।

## गम्हरिया: यशपुर में युवक की बेरहमी से हत्या, अपराधियों ने पहले मारी गोली, फिर पत्थर से कुचला, उसके बाद किया जलाने का प्रयास

**दैनिक समाज जागरण, दयाल लायक ,ब्यूरो चीफ सरायकेला (झारखंड) 29 मार्च 2023**

गम्हरिया: सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया थाना अंतर्गत यशपुर के समीप झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद किया गया है. अपराधियों ने युवक की गोली मारकर हत्या कर दी. हत्या करने के बाद अपराधियों ने उसके सिर को पत्थर से कुचल दिया और उसकी पहचान नहीं हो पाये, इसके लिए उसके शरीर को जला भी दिया है. पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखे भी बरामद किये है. मृतक की पहचान करने की कोशिश की जा रही है. गम्हरिया पुलिस को स्थानीय लोगों ने जानकारी दी कि यशपुर पुल के पास स्थित एक छोटे नाली के ऊपर एक युवक का शव पड़ा है. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में शव को लिया. पुलिस ने शव की जांच की तो पाया कि उक्त युवक के सीने में गोली मारी गयी है. उसके बाद पत्थर को कुचल दिया गया है और फिर उसको जला दिया गया है. काफी दर्दनाक तरीके से यह हत्या की गयी है. पुलिस ने युवक की पहचान करने के लिए स्थानीय लोगों की मदद ली है, लेकिन अब तक शव की पहचान नहीं हो पायी है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. इस बीच शव को पोस्टमार्टम भेज दिया है. पुलिस ने गोलियों के खोखे के अलावा पत्थर और अन्य सामग्रियों को जब्त कर लिया है.

